सुप्रभात
रांची, गुरुवार
29.12.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



epaper.khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 166

12 निया का कातिलाना अंदाज

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

1932 खतियान और ओबीसी-27%,
एसटी-28%, एससी-12% आरक्षण विधेयक पारित
पुरानी पेंशन (OPS), JPSC नियुक्ति, कृषि ऋण माफी
सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि, सर्वजन पेंशन
रोजगार सृजन, 100 यू... मुफ्त बिजली, पशुधन
गुरुजी स्टू... क्रेडिट कार्ड
एकलव्य प्रशिक्ष... लिफ्ट सिंचाई
शेवनिंग मरङ गो... परदेशीय छात्रवृत्ति
ट्राइबल यू... ...मंत्री सारथी
प्री एवं पोस... सूखा राहत
Suo Mot... ...शक्तिकरण



जनसेवा के
3 वर्ष

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PRNO 286047 (IPRD) 22-23

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, गुरुवार

29.12.2022

नगर संस्करण । पेज : 12

epaper.khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 166



12 रेलवे के निजीकरण की कोई योजना नहीं : रेल मंत्री

## न्यूज डायरी

### तेंदुआ ने फिर एक बच्चे को मार डाला

**गढ़वा।** पलामू प्रमंडल में तेंदुए का आतंक में जारी है। एक बार फिर आदमखोर तेंदुआ ने एक बच्चे की जान ले ली। घटना गढ़वा के रमकंडा के इलाके की है, जहां आदमखोर तेंदुआ ने बच्चों पर हमला कर दिया। तेंदुए के हमले में हरेंद्र घांसी नाम के 13 वर्षीय बच्ची की मौत हो गयी। घटना के बाद इलाके के लोग दहशत में है। मामले की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग के अधिकारी मौके के लिए रवाना हो गये। घटना बुधवार की शाम की है, जब 3 बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया।

### आइजी बने तीनों अफसरों ने पदभार संभाला

**रांची।** झारखंड कैडर के तीन आइपीएस अफसरों को आइजी में प्रमोशन मिल गया है। 2005 बैच के तीन आईपीएस अफसर पंकज कंबोज, राजकुमार लाकड़ा और असीम विक्रांत मिंज को आईजी रैंक में प्रमोट कर दिया गया है। इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गयी है। प्रमोशन के साथ-साथ तीनों अफसरों को पोस्टिंग भी कर दी गयी। राजकुमार लकड़ा को पलामू रेंज का आईजी बनाया गया है।पंकज कम्बोज को रांची रेंज और असीम विक्रांत मिंज को सीआईडी का आइजी बनाया गया है। आइजी पंकज कम्बोज और असीम पहले से ही आईजी के तौर पर कार्यरत थे।

### सीएम को विश्वकप हॉकी में ओड़िशा का न्यौता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में ओडिशा के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति विकास, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा कानून मंत्री जगन्नाथ सारका ने मुलाकात की। साथ ही उन्होंने हॉकी विश्वकप (पुरुष) 2023 के शुभारंभ अवसर पर सम्मिलित होने के लिए श्री सोरेन को ओड़िशा आने का न्यौता दिया।

### बीमार मां को देखने अस्पताल पहुंचे मोदी

**अहमदाबाद।** पीएम मोदी बुधवार को मां हीरा बा के स्वास्थ्य की जानकारी लेने यहां यूएन मेहता इंस्टीट्यूट आफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर पहुंचे। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें बुधवार सुबह इस अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के बुलेटिन के अनुसार मोदी की मां का स्वास्थ्य स्थिर है। श्रीमती हीरा बा की आयु 99 वर्ष से अधिक है। पीएम शाम करीब चार बजे अहमदाबाद पहुंचे। मां से मिलने के बाद चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की चर्चा की। इसके बाद वह निकल गये।

### मधुबन में जैन तीर्थ यात्री की ठंड से मौत

**गिरिडीह।** सम्मेद शिखर मधुबन में भगवान पारसनाथ की वंदना करने आए मध्य प्रदेश के एक जैन तीर्थ यात्री की मौत बुधवार की सुबह ठंड लगने और हार्ट अटैक से हो गयी। उसकी पहचान 60 वर्षीय महेंद्र श्रीमाल के रूप में हुई है। वह उज्जैन का रहना वाला था और सपरिवार मधुबन आया था। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

### सीसीएल में 'न्यू वेज कोड' पर संगोष्ठी आज

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाऊस स्थित मानव संसाधन विभाग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मानव संसाधन पर प्रभाव तथा न्यू वेज कोड पर गुरुवार को संगोष्ठी का आयोजन होगा। यह संगोष्ठी सीसीएल एवं एनआईपीएम के तत्वावधान में आयोजित होगी।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 51,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |

## सरकार के तीन सफल साल : सीएम हेमंत ने गिनायी उपलब्धियां, केंद्र पर भी बरसे, कहा

# मैं व्यापारी नहीं, भूखे-नंगों का प्रतिनिधि हूं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने सरकार के तीन वर्ष पूरे होने की पूर्व संध्या पर अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनायीं और विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया है। साथ ही केंद्र सरकार पर जम कर हमला भी बोला। उन्होंने कहा कि मैं भूखे-नंगों, बेजुबानों, आदिवासी, पिछड़े और दलितों का प्रतिनिधित्व करता हूं। विपक्ष की तरह व्यापारी नहीं हूं। वह बुधवार को कांके रोड स्थित सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तीन सालों में आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों के हक और अधिकार के लिए कई काम किये हैं। उन्होंने 1932 के खतियान आधारित स्थानीयता नीति को भी अपनी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि बतायी।

**हर वर्ग का मजबूत प्रहरी बनने का इरादा :** उन्होंने कहा कि आदिवासी, पिछड़े और दलितों का आरक्षण बढ़ाने और 1932 खतियान आधारित स्थानीयता नीति संबंधी विधेयकों को लेकर विपक्ष के सवालों पर हेमंत सोरेन ने जवाब दिये। उन्होंने कहा कि बाहरी-भीतरी और आदिवासियों की राजनीति करने का आरोप लगता है, लेकिन हमारी राज्य के हर वर्ग के अधिकार और हक को सुरक्षित रखने के लिए मजबूत प्रहरी बनने की मंशा है। झारखंड हाइकोर्ट में नियोजन नीति रद्द होने के बाद नियुक्ति और नियोजन के रास्ते खत्म होने के मामले पर कहा कि कोर्ट ने नियोजन नीति को निरस्त किया है। उसका कानूनी आकलन करेंगे। इसके बाद नौजवानों का भविष्य बनाने के लिए वैकल्पिक उपाय खोजेंगे।

**बूढ़ा पहाड़ को नक्सलमुक्त कराया :** नक्सली हिंसा और अपराध पर सीएम ने कहा कि उनकी सरकार बूढ़ा पहाड़ को नक्सल मुक्त करने में सफल रही है। वहां नक्सल से मुक्ति के लिए माइक्रो लेवल पर काम हुआ। नक्सलियों का मनोबल टूट कर बिखर चुका है। हमारा प्रयास रहेगा कि टूटा मनोबल जो बिखर गया वो टुकड़े दोबारा ना जुड़े। नक्सलियों के लिए सरकार की पॉलिसी है, वे समाज की मुख्य धारा में आयें। आपके साथ सरकार सम्मान के साथ पेश आयेगी। सरकार की नीति से प्रेरित हो कर नक्सली लगातार सरेंडर कर रहे हैं।



- आदिवासी, दलित व पिछड़ों के हक में आगे भी काम करता रहूंगा
- बाहरी-भीतरी नहीं, सभी का विकास करने का इरादा

### युवाओं-महिलाओं की सरकार को चिंता

युवाओं-महिलाओं, किसान की भी चिंता गठबंधन सरकार को है। उन्होंने कहा कि आरक्षित लोग, बिना स्थानीयता नीति या नियोजन नीति के भी सुरक्षित हैं। कुछ त्रुटियां हैं उस पर विचार कर रहे हैं। इसीलिए हमने बिल को 9वीं अनुसूची में डालने को कहा ताकि ऐसे खुराफाती लोग कोर्ट न जायें। राज्य में महिलाओं और बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाओं पर उन्होंने कहा कि महिलाओं का उत्पीड़न मेरे लिए ही नहीं, देश के लिए चिंता का विषय है। कई वर्षों से महिलाओं का उत्पीड़न होता आ रहा है।

### हमारा बकाया नहीं मिलता पर बिजली कट जाती है

उन्होंने कहा कि झारखंड और बिहार, देश के सबसे पिछड़े राज्यों में से हैं। जीएसटी (कंपनसेशन) के लिए 5 साल का पीरियड बढ़ाया जाये। बिजली का बकाया, कई अन्य राज्यों का भी है, लेकिन उनकी बिजली क्यों नहीं कटती, हमारी क्यों कट जाती है?

### केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग लोकतंत्र के लिए घातक

हेमंत सोरेन ने केंद्र की मोदी सरकार पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियां विपक्षियों के ऊपर ज्यादा सक्रिय हैं। बेवजह विपक्षी नेताओं को केंद्रीय एजेंसियां टारगेट कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी ईडी-सीबीआइ का धौंस दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम केंद्र की मोदी सरकार के षडयंत्र से डरने वाले नहीं हैं। इडी, आइटी और सीबीआइ जैसी जांच एजेंसियों का दुरूपयोग बंद होना चाहिए। यह लोकतंत्र के लिये शुभ नहीं है। शुतुरमुर्ग जैसे सिर छुपा लेने से शरीर नहीं दिखता? जहां अरबों-खरबों का घोटाला हो रहा है। बैंकों के हजारों करोड़ रुपये लेकर चंपत हो जा रहे हैं, उन पैसों का अता-पता नहीं, भगवान जाने 5 लाख करोड़ रुपये कब आयेंगे। यहां चवन्नी-अठन्नी ढूंढ़ने में लगे हुए हैं। राज्य में 100-200 छापों से क्या मिला, कुछ पैसे कहीं-कहीं मिले। पता चला कि भाजपा के लोग हैं तो उन्हें छोड़ दिया। एजेंसियां ईमानदारी से काम करें तो हमें आपत्ति नहीं, लेकिन गलत तरीकों पर हमारी भी आपत्ति है।

# झारखंड की जानी-मानी अभिनेत्री की हावड़ा में हत्या

## फिल्म के कॉस्ट्यूम लेने कोलकाता गयीं थीं ईशा आलिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड की जानी-मानी नागपुरी अभिनेत्री व सिंगर ईशा आलिया की हाबड़ा, कोलकाता में दिनदहाड़े हत्या कर दी गयी। वह अपने पति और बच्चे के साथ कोलकाता गयी थीं, जहां लुटेरों ने उन्हें गोली मार दी। वह राजधानी रांची के बरियातू इलाके में रहती थीं। आलिया अपने पति और 3 साल की बच्ची के साथ फिल्मों के नये कॉस्ट्यूम खरीदने के लिए कोलकाता गयी थी। अपराधियों ने लूटपाट के दौरान विरोध करने पर उन्हें गोली मार दी। आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया, पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। फिलहाल कोलकाता पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। यह हादसा बुधवार सुबह हावड़ा के बगनान इलाके में महिषरेखा पुल के पास हुई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, ईशा के पति प्रकाश कुमार ने बागनान में महिषरेखा पुल के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग के एक तरफ कार रोकी और शौच करने के लिए निकल गये। वहां अचानक अपराधियों ने दंपती पर हमला कर दिया आरोप है कि बच्ची के सामने कार में मां की गोली मार दी।



**हजारीबाग की रहने वाली है आलिया :** अभिनेत्री आलिया पिछले 10 सालों से नागपुरी और भोजपुरी फिल्मों में काम कर रही थी। इसके अलावा उनके कई एल्बम नागपुरी भाषा में काफी हिट हुए थे। वैसे तो आलिया झारखंड के हजारीबाग जिले की रहने वाली थी, लेकिन वह फिलहाल रांची के बरियातू थाना क्षेत्र के टैगोर हिल स्थित तारामनी अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 202 में रहा करती थी। रांची में आलिया के भतीजे मुन्ना ने बताया कि उनकी मौसी को एक किसी नयेफिल्म का ऑफर मिला था, जिसके निमार्ता और प्रोड्यूसर कोलकाता के रहने वाले थे।

(शेष पेज 11 पर)

## राष्ट्रीय खादी-सरस महोत्सव का उद्घाटन कर बोले सीएम

# हम किसी से कम नहीं, दिखाने का मंच है महोत्सव

### स्वदेशी वस्तुओं को अंतरराष्ट्रीय पहचान देने का हो रहा प्रयास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि स्वदेशी वस्तुओं को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलायी जाये। उक्त बातें सीएम श्री सोरेन ने बुधवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव के उदघाटन अवसर पर कहीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव, क्षेत्रीय कारीगरों को हम किसी से कम नहीं दिखाने का मंच प्रदान करता है। पूरे देश की स्वदेशी ताकत जब एक मंच पर होगी तभी हम क्षेत्रीय कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों को देश एवं विदेशों तक पहुंचा सकेंगे। झारखंड की महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने भी इस महोत्सव में कई स्टॉल लगाये हैं, जहां राज्य के 24 जिलों के बने उत्पाद खरीदने को मिलेंगे। इस महोत्सव में ग्रामीण क्षेत्रों की महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा निर्मित खाने-पीने, पहनने तथा कारीगरों द्वारा बनाई गई खटिया, कुर्सी, पलंग इत्यादि कई प्रकार की वस्तुओं को मार्केट के साथ-साथ उत्पादों के ब्रांडिंग का भी मौका मिल रहा है।



**ग्राममीण अर्थव्यवस्था पर सरकार का जोर :** सीएम ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से हमारी सरकार कई महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन कर रही है। लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मिले इस निमित्त हम निरंतर प्रयासरत हैं। राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव से क्षेत्रीय शिल्पकारों एवं कारीगरों को नई ऊर्जा के साथ-साथ उन्हें आत्मबल तथा सम्मान मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव के नाम से ही यह प्रतीत होता है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों के अनुरूप खादी ग्रामोंद्योग को देश एवं राज्य में कैसे बढ़ावा मिले। सवा सौ करोड़ जनसंख्या वाले देश में लोग अधिक से अधिक खादी इस्तेमाल करें तो राज्य एवं देश से बेरोजगारी घटेगी तथा खादी का विस्तार बृहद रूप से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि समय के साथ खादी उद्योग में भी नई तकनीक का उपयोग कर वैल्यू एडिशन किया जा सकेगा।

(शेष पेज 11 पर)

## गृह मंत्री शाह ने जम्मू कश्मीर की स्थिति का लिया जायजा

# जम्मू में मुठभेड़, 4 आतंकी मारे गये

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति तथा विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। जम्मू में आज ही सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में चार आतंकवादियों के मारे जाने के बीच हुई बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गृह मंत्री ने एक अलग बैठक में केन्द्र शासित प्रदेश लेह-लद्दाख से संबंधित परियोजनाओं तथा वहां सुरक्षा की स्थिति का भी जायजा लिया। गृह मंत्रालय में हुई इन उच्च स्तरीय बैठकों में दोनों केन्द्र शासित प्रदेशों के उप राज्यपालों, केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला और मंत्रालय तथा सुरक्षा एजेन्सियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।बैठकों में दोनों केन्द्र शासित प्रदेशों के सुरक्षा हालातों पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। इसके अलावा विकास परियोजनाओं तथा कोविड संक्रमण के बढने की आशंकाओं से उत्पन्न स्थिति पर भी विचार विमर्श किया गया।



**चार आतंकी ढेर :** उधर राज्य की की शीतकालीन राजधानी जम्मू के बाहरी इलाके में सिधरा के पास बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों की बीच हुई मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गये। मारे गये आतंकियों के पास से अत्याधुनिक हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, सिधरा इलाके में यह मुठभेड़ हुई चार आतंकवादी ढेर कर दिये गये। मुठभेड़ स्थल से सात ए के-47 राइफल, एक एम4 राइफल, तीन पिस्तौल और गोला बारूद बरामद किया गया है।

(शेष पेज 11 पर)

### टी-20 वीमेंस वर्ल्ड कप में हरमनप्रीत बनीं टीम की कप्तान

**मुंबई।** साउथ अफ्रीका में अगले साल होने वाले आइसीसी विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो चुका है। हरमनप्रीत कौर टीम की कप्तान और ओपनर स्मृति मंधाना उप कप्तान हैं। टीम में इंजर्ड पूजा वस्त्राकर की वापसी हुई है। वहीं, स्नेह राणा समेत 3 प्लेयर्स को रिजर्व खिलाड़ियों में रखा गया है। साउथ अफ्रीका में 8वें टी-20 वर्ल्ड कप की शुरूआत 10 फरवरी 2023 से होगी। टीम इंडिया टूर्नामेंट के ग्रुप-2 में पाकिस्तान, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और आयरलैंड के साथ है। भारत का पहला मैच 12 फरवरी को कैप टाउन में पाकिस्तान के खिलाफ होगा।

**श्रीलंका के खिलाफ शिखर-पंत को जगह नहीं :** श्रीलंका के खिलाफ वनडे और टी-20 होम सीरीज के लिए टीम इंडिया की घोषणा कर दी गयी। गया है। रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को टी-20 टीम का कप्तान बनाया गया है। सूर्यकुमार उपकप्तान होंगे। वनडे की कमान रोहित के पास ही रहेगी। रोहित और विराट कोहली को टी-20 से आराम दिया गया है। हालांकि, ये दोनों वनडे टीम का हिस्सा हैं। शिखर धवन और ऋषभ पंत को टीम में शामिल नहीं किया गया है।

# 19 लाख के इनामी गंझू ने किया सरेंडर

### नक्सलियों को बड़ा झटका

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में आतंक मचाने वाले इनामी माओवादी रीजनल कमांडर अमन गंझू ने सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर बुधवार को पुलिस एवं सीआरपीएफ के पदाधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। उसके समर्पण से नक्सली संगठन को बड़ा झटका लगा है। उस पर झारखंड पुलिस ने 15 लाख और एनआइए ने 4 लाख का इनाम घोषित था। लोहरदगा जिले के बुलबुल जंगल में माओवादियों के खिलाफ लगातार चले सुरक्षा बलों के आपरेशन वह फरार हो गया था। वह लातेहार, लोहरदगा व गुमला के इलाकों में सक्रिय था। बिहार के औरंगाबाद जिले के ढिबरा थाना क्षेत्र के झरना गांव का रहने वाला है। आपरेशन बुलबुल में कुख्यात माओवादी कमांडर रवींद्र गंझू के दस्ते को बड़ा नुकसान हुआ था। 11 माओवादी दबोचे भी गये थे। दो माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया था। आपरेशन में नक्सली रवींद्र गंझू और अमन गंझू बचकर भाग भाग निकले थे।



### पुलिस की बड़ी सफलता

झारखंड को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में पुलिस को यह अहम कामयाबी हाथ लगी। बुधवार को रांची में अमन गंझू ने आईजी अभियान अमोल वी होमकर और सीआरपीएफ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। भाकपा माओवादियों के रीजनल कमेटी में शामिल अमन 2004 से ही सक्रिय था। अमन के आत्मसमर्पण से माओवादियों के कोयल संख जोन सहित पूरे झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ में संगठन को बड़ा झटका लगा है।

**एक दर्जन से अधिक कांडों का है आरोपी :** अमन गंझू के खिलाफ झारखंड के गढ़वा और लातेहार जिले में कुल 17 मामले दर्ज हैं।

(शेष पेज 11 पर)

# अगले 40 दिन अहम, बढ़ सकते हैं कोरोना के केस

## 6 देशों से आये यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर रिपोर्ट अनिवार्य कर सकती है सरकार

### स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी की चेतावनी, सतर्क रहने की सलाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चीन में हाहाकार मचा रहा कोरोना भारत में भी तांडव मचा सकता है। स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़े आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अगले 40 दिन बेहद अहम होने जा रहे हैं क्योंकि पिछले रुझानों को देखते हुए माना जा सकता है कि जनवरी के मध्य में भारत में कोरोना के मामलों में वृद्धि देखी जा सकती है। सूत्रों ने कहा कि चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकांग, बैंकॉक और सिंगापुर से आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए अगले सप्ताह से एयर सुविधा फॉर्म भरना और 72 घंटे पहले आरटी-पीसीआर परीक्षण अनिवार्य किया जा सकता है। चीन और दक्षिण कोरिया सहित कुछ देशों में कोविड-19 मामलों में तेजी के बीच सरकार ने अलर्ट जारी किया है और राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा है। सरकार ने आमलोगों से भी भी पूर्ण सतर्कता बरतने को कहा है।



**बचाव की तैयारियां तेज :** देश में कोरोना वायरस के नये वैरिएंट के मामले पाए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से दिशा-निर्देश भी जारी कर तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों की रेंडम जांच की जा रही है। साथ ही कोरोना संक्रमित व्यक्तियों के नमूनों की जीनोम सीक्वेंसिंग कराये जाने के निर्देश भी जारी किये गये हैं। एक अधिकारी ने कहा कि पूर्व में, यह पाया गया था कि पूर्वी एशिया के कोविड-19 की चपेट में आने के 30-35 दिन बाद भारत में महामारी की एक नयी लहर आयीथी...यह एक प्रवृत्ति रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने हालांकि कहा कि संक्रमण की गंभीरता कम है। यदि कोविड की लहर आती भी है तो इससे होने वाली मौतें और संक्रमितों के अस्पताल में भर्ती होने की दर बहुत कम रहेगी।

**बीएफ7 की ट्रांसमिसिबिलिटी काफी अधिक :** कोरोना वायरस के ओमीक्रोन के उपस्वरूप बीएफ-7 से मामलों में हालिया वृद्धि हुई है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि बीएफ-7 के फैलने की दर बहुत अधिक है और एक संक्रमित व्यक्ति 16 लोगों को संक्रमित कर सकता है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि इस बीएफ7 सब-वैरिएंट की ट्रांसमिसिबिलिटी बहुत अधिक है।

(शेष पेज 11 पर)

# सीएम आज बांटेंगे करोड़ों की सौगात

### सरकार के तीन साल प्रोजेक्ट भवन में कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सरकार 29 दिसंबर को अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरा करने जा रही है। हेमंत सरकार के तीन साल पूरे होने पर राज्यवासियों के बीच मुख्यमंत्री सौगातों की बरसात करेंगे। सरकार के तीन साल पर प्रोजेक्ट भवन में एक समारोह का आयोजन किया जायेगा। समारोह में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच 1200 करोड़ रुपये की सौगात बांटेंगे। इसको लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। अपनी सरकार की तीसरी वर्षगांठ पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन डीबीटी के माध्यम से राज्य के 10 लाख किसानों को सूखा राहत राशि, 25 लाख प्री-मैट्रिक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति और 5 लाख 60 हजार बच्चियों को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभ का तोहफा देंगे।

(शेष पेज 11 पर)

# पलामू में कोविड से निपटने को लेकर जिले में ऑक्सीजन युक्त कुल 426 बेड तैयार: उपायुक्त

■ उपायुक्त ने की कोरोना के नये वैरियंट से बचाव को लेकर बैठक
■ स्वास्थ्य विभाग के सभी प्रतिनिधियों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश
■ जिले के बॉर्डर एरिया पर टेस्टिंग बढ़ाने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने बुधवार को संभावित कोविड के नये वैरिएंट को लेकर स्वास्थ्य विभाग से जुड़े पदाधिकारियों, डॉक्टरों व कर्मचारियों संग बैठक की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने कोविड के नये वेरिएंट को लेकर जिले में की जा रही आवश्यक तैयारियों से अवगत हुए।



समाहरणालय सभागार में बैठक करते पलामू उपायुक्त।

इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि कोविड का नया वैरिएंट कितना प्रभावी होगा यह किसी को नहीं पता ऐसे में आप सभी किसी भी स्थिति से निपटने के लिये तैयार रहें। बैठक में आवश्यक तैयारियों के संबंध में उपायुक्त को बताया गया कि पांकी व लेस्लीगंज सीएचसी में बने पीएसए प्लांट के संचालन हेतु जनरेटर व ट्रांसफार्मर के अधिष्ठापन की जरूरत है। इस पर उपायुक्त ने जिला योजना पदाधिकारी व नजारत उप समाहर्ता को बिजली विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर जनरेटर अधिष्ठापन हेतु निर्देशित किया।

**जिले में टेस्टिंग बढ़ाने के निर्देश :** उपायुक्त को बताया गया कि जिले में ऑक्सीजन युक्त कुल 426 बेड तैयार है। साथ ही 856 ऑक्सीजन सिलिंडर उपलब्ध है। उपायुक्त ने सभी सीएचसी स्तर पर बेड की उपलब्धता हो यह सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में उपायुक्त ने सीएस व डीपीएम को जिले में टेस्टिंग बढ़ाने के निर्देश दिये इस दौरान बाहर के ट्रैवल हिस्ट्री वाले लोगों पर विशेष फोकस करने की बात कही। उन्होंने जिले के बॉर्डर एरिया पर टेस्टिंग बढ़ाने की बात कही। इसके अलावे लोगों को मास्क पहनने, वैक्सीनेशन करवाने से संबंधित जागरूकता फैलाने पर बल दिया। मौके पर उपरोक्त के अलावे एमएमसीएच के अधीक्षक, सभी चिकित्सा पदाधिकारी, सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### झाबर के कुंडेलवा में हुई किसान गोष्ठी



**सतबरवा पलामू।** जिला कृषि विभाग द्वारा जे फार्म सर्विसेज के सहयोग से बुधवार को झाबर पंचायत के कुंडेलवा में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। किसान गोष्ठी में मेदिनीनगर के बीटीएम सुमित कुमार वर्मा ने किसानों को नई कृषि तकनीक, कृषि उपकरण और मशीनरी के बारे में जानकारी दी। कहा कि तकनीक के प्रयोग से समय एवं श्रम की बचत होती है। साथ ही फसलों के उपज में भी वृद्धि होती है। उन्होंने किसानों को बेहतर कृषि कार्य के लिए भी प्रेरित किया। जे फॉर्म सर्विसेस के फील्ड ऑफिसर राकेश कुमार ने बताया कि टॉल फ्री नंबर पर कॉल कर किसान अपना रजिस्ट्रेशन करवाकर घर बैठे कृषि यंत्र ऑनलाइन मंगवा सकते है। इस एप में जिले के अनेक किसान तथा कृषि यंत्र रखने वाले मालिक जुड़े हैं, जोअपना कार्य करते रहते हैं।

### इस्कॉन ने निकाला हरिनाम नगर संकीर्तन



**मेदिनीनगर।** हरे कृष्ण प्रचार केंद्र गीता भवन इस्कॉन मेदिनीनगर के भक्तों द्वारा बुधवार को भव्य हरिनाम नगर संकीर्तन निकाला गया। जो गीता भवन से प्रारंभ होकर छह मुहान चौक, पंच मुहान चौक समेत शहर के मुख्य मार्ग से होते गुजरा। नगर संकीर्तन में वृंदावन, मायापुर व बद्रिकाश्रम गुरूकुल के इस्कॉन के भक्त परम वैष्णव डॉ केश्वानंद प्रभुजी, भक्ति सिद्धांत दास, अचिंत्य चैतन्य प्रभु, गोविंद दास, अश्वहरि प्रभु, विष्णुदुत प्रभु, अनादि प्रभु, रघुनाथ प्रभु, श्रुतदेव प्रभु, अनंतदेव प्रभु, द्विभुज प्रभु समेत समस्त भक्तगण व शहरवासी शामिल हुए। यह उत्सव 2022 प्रारंभ होकर 29, 30, 31 दिसंबर को सुबह आठ से नौ बजे सुबह व शाम पांच से आठ बजे तक श्रीमदभागवत कथा व महाप्रसाद भंडारे का आयोजन संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण साहित्य समाज चौक में होगा।

### आस्था-आकांक्षा का रांची में भव्य स्वागत



**बिश्रामपुर पलामू।** होनहार बिरवान के होत चिकने पात यह कहावत को सच करती पलामू के बिश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव की बेटियां। आस्था व आकांक्षा झारखंड की राजधानी रांची में पढ़ाई करती हैं, जो विद्यालय की तरफ से हर वर्ष पुरस्कार लेती रहती हैं। आस्था व आकांक्षा क्रमशः पांचवीं व चौथी क्लास की छात्रा हैं, जो काफी होनहार हैं। गुजरात के अहमदाबाद में चल रहे इसकु कराटे कप में स्वर्ण पदक जीतकर गांव समाज अपने माता-पिता सहित पलामू गढ़वा का नाम रोशन की है। रांची स्टेशन पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन ने उनका भव्य स्वागत किया। बता दें 40 तथा 35 किग्रा भार स्पर्धा में दोनों खिलाड़ियों ने जीत दर्ज किया है। बधाई देने वाले में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, बिश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, कांग्रेस नेता चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे, बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, विश्व सनातन संघ राष्ट्रीय के राष्ट्रीय प्रवक्ता रामनिवास तिवारी, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडे, योगेंद्र मिश्रा, तोलरा मुखिया सह मुखिया संघ के विश्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष रोहित तिवारी आदि शामिल हैं।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि ने की विस्पुते से मुलाकात



**मनातू पलामू।** विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव और मनातू भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव आईएएस विसपुते श्रीकांत से औपचारिक मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि मनातू प्रखंड में कई कार्य अधूरा रह गया है। इस पर पहल कर जनहित में कार्य को पूर्ण कराने की जरूरत है। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि मनातू सुदूरवर्ती प्रखंड के नाम से जाना जाता है। कहा कि आपसे मनातू प्रखंडवासियों को काफी उम्मीद है। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अमरेश रंजन, भाजपा के मीडिया प्रभारी अंतू यादव, मनातू प्रमुख पति संतोष यादव मौजूद थे।

### बालू की वैकल्पिक व्यवस्था कराने की मांग



**हुसैनाबाद पलामू।** झारखंड सरकार की ठोस खनन नीति नहीं बनने और क्षेत्र बालू नहीं मिलने से इसका सीधा असर आम आदमी पर पड़ने लगा है। जिसे लेकर सोमवार को बसपा नेता सह नगर पंचायत के प्रत्याशी अजय भारती व गुरु प्रसाद राम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने हुसैनाबाद सीओ नंद कुमार राम एवं पत्र की प्रतिलिपि उपायुक्त पलामू एवं एसडीओ से प्रधानमंत्री शहरी आवास योजनाओं समेत अन्य योजनाओं की ठप पड़ने एवं लोगों की परेशानियों से अवगत कराते हुए पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने कहा है कि नगर पंचायत क्षेत्र के लाभुक अपने पुराने मकान तोड़ दिये हैं। अब निर्माण को बालू की प्रत्याशा में बैठे हैं। सरकार बार बार नोटिस दे रही है, लेकिन गरीब लोगों को बालू मिल भी रहा है। उसकी चार गुनी कीमत चुकानी पड़ रही, जिससे सभी कार्य ठप हैं। इधर क्षेत्र सरकारी गैर सरकारी सभी तरह के निर्माण कार्य बालू के अभाव में बंद हैं जिसके कारण रोजमर्रा के मजदूरों को भी काम नही मिल रहा हैं।

### बालू को लेकर आप जायेगा हाईकोर्ट



**मेदिनीनगर।** राज्य सरकार बालू को फ्री करे या जल्द ही ठोस नीति बनाए नहीं तो आम आदमी पार्टी बालू के जन समस्या को देखते हुए उच्च न्यायलय की शरण लेगी। उक्त बाते आम आदमी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। श्री जायसवाल ने कहा कि बालू का हाहाकार पूरे प्रदेश में बना हुआ है और इसकी अवैध वसूली कर कुछ लोग सरकार तक पहुंचा रहे है। आम जनता परेशानी में है, सारा निर्माण कार्य बंद है और सरकार नीद में सो रही है। यह आम आदमी पार्टी बर्दास्त नहीं करेगी। बालू को फ्री कर सरकार आम जनता को राहत प्रदान करे या ठोस निर्णय लेकर समस्या का निदान करे सरकार नहीं तो हमलोग उच्च न्यायालय की शरण में जायेगे। श्री जायसवाल ने कहा कि यह सरकार सभी मोर्चों पर फेल है केवल उगाही की सरकार है। भाजपा और गठबंधन के कांग्रेस-झामुमो आपस में मिल चुके हैं। सदन में बालू पर सरकार को बाध्य नहीं किया। राज्य सरकार का ठोस निर्णय नहीं लेना दुर्भाग्यपूर्ण है। मौके पर प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, अरुण बर्मा, सलमान अंसारी भी थे।

## हरिहरगंज: कुआं से 90 क्विंटल जावा महुआ और शराब बरामद

■ उत्पाद विभाग ने हरिहरगंज थाना क्षेत्र के भावर में की छापेमारी
■ अवैध शराब निर्माण में शामिल लोगों पर होगी कार्रवाई : उत्पाद अधीक्षक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा तथा उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के निर्देश पर उत्पाद निरीक्षक संजय कुमार ने मंगलवार की देर शाम जिले के पथरा ओपी के सहयोग से अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान 90 क्विंटल जावा महुआ तथा 60 लीटर महुआ से निर्मित शराब बरामद की गयी। शराब, जावा महुआ तथा उपकरण को घटनास्थल पर ही नष्ट कर दिया गया। अभियान का नेतृत्व कर रहे उत्पाद निरीक्षक ने बताया कि हरिहरगंज थाना क्षेत्र के भांवर गांव के मंगरदाहा टोला के जंगली इलाकों में बड़े पैमाने पर अवैध महुआ शराब की भट्टी चलने की सूचना मिल रही थी। सूचना के आलोक में पुलिस के साथ टीम बनाकर कार्रवाई की गयी।

## नये कोरोना वैरिएंट से निपटने को जिला प्रशासन तैयार: डीसी

■ उपायुक्त ने एमएमसीएच के डेडीकेटेड कोविड वार्ड का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



तैयारी का जायजा लेने पहुंचे पलामू उपायुक्त ए दोड्डे व अन्य अधिकारी-पदाधिकारी।

**मेदिनीनगर।** जिले में नये कोविड वैरिएंट को देखते हुए उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने बुधवार को एमएमसीएच के डेडीकेटेड कोविड वार्ड का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर जरूरी दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने मौजूद चिकित्सकों को किसी भी परिस्थिति से निपटने को लेकर तैयार रहने को कहा।

उन्होंने कहा कि सभी कोविड वार्डों में 24 घंटे कोई न कोई अटेंडेंट रहे, इसे सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी कोविड वार्डों में पर्याप्त साफ-सफाई रखने पर बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि कोरोना के नये वैरिएंट से निपटने हेतु जिला प्रशासन अलर्ट मोड में काम कर रहा है। कहा कि संक्रमित मरीजों के समुचित इलाज के लिए बेहतर व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में कुल 426 ऑक्सीजन युक्त बेड तैयार किये गये है। उन्होंने कहा कि एमएमसीएच के साथ-साथ कोविड-19 के इलाज के लिए सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है।

## छतरपुर थाना प्रभारी की सक्रियता से चार टेंपो चोर पकड़ाये

# साड़ी की फेरी करने के नाम पर भाड़े पर लेते थे टेंपो, फिर गायब

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**छतरपुर पलामू।** छतरपुर थाना पुलिस ने टेंपो चोरी के आरोप में चार चोरों को पकड़ कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि छतरपुर बाजार से रामनिवास तिवारी पिता स्व शिव प्रसाद तिवारी ग्राम गोलहना, थाना पड़वा, जिला पलामू का टेंपो (जेएच 03क्यू 4380) अज्ञात तीन व्यक्ति जो साड़ी का फेरी करने के नाम पर पांच दिनों से टेंपो का प्रत्येक दिन 700 रुपये की दर से भाड़े पर लेकर रखे थे। जिसे झांसा देकर छतरपुर मंगल बाजार से टेंपो चोरी कर लिया गया है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु छतरपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बॉर्डर थाना को सील कराते हुए छापामारी की।

इसी क्रम में भितिया मोड़ के पास से उक्त चोरी गये टेंपो और तीनों अज्ञात व्यक्तियों को खदेड़कर पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर शाहफुज आलम (32) पिता महमूद आलम, रेहान खान (26) पिता स्व मरहुम इकबाल खान, बब्लु गोस्वामी (27) पिता घुपलाल गोस्वामी तीनों ग्राम टालडंगा, थाना चिरकुंडा जिला धनबाद के हैं। तीनों अभियुक्तों ने अपराध को स्वीकारते हुए बताया कि उक्त टेंपो को धनबाद लेकर जा रहे थे। इस संबंध में छतरपुर थाना में कांड संख्या- 42/21, दिनांक- 02.03.21 धारा 395 भादवि (मार्ग डकैती) के मुख्य आरोपी मंटु पासवान को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजा दिया गया। छापामारी दल में थाना प्रभारी शेखर कुमार, निरंजन कुमार, विजय कुमार, रमेश चंद्र हजाम समेत छतरपुर पुलिस बल शामिल थे।

## जनभागीदारी से ही टीबीमुक्त होगा हिंदुस्तान : अजीत तिवारी

➲ ग्रासिम ने किया टीबी मरीजों के बीच पोषण कीट का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बिश्रामपुर (पलामू)।** टीबी उन्मूलन हेतु जन भागीदारी अभियान अंतर्गत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत के लिए रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज द्वारा भी सार्थक प्रयास बुधवार को शुरू किया गया। इसके तहत ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सामाजिक उत्तरदायित्व द्वारा टीबी मरीजों को पोषण आहार कीट दिया गया। डंडिला खुर्द स्थित आदित्य शिशु शिक्षा केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रासिम के मानव संसाधन प्रमुख अजीत तिवारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी अनिल श्रीवास्तव, बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी लिली एस्टेला पूर्ति व ग्रासिम चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हरी प्रसाद ने संयुक्त रूप से लाभार्थियों के बीच पोषण आहार कीट का वितरण किया।

**क्या बोले मानव संसाधन प्रमुख :** मौके पर अजीत तिवारी ने कहा कि जनभागीदारी से ही हिंदुस्तान को टीबी मुक्त किया जा सकता है। भारत सरकार ने 2025 तक देश को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। लेकिन अगर सामूहिक प्रयास हुआ तो पलामू व गढ़वा जिला को 2024 तक ही टीबी मुक्त कर एक उदाहरण प्रस्तुत कर सकते हैं। अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि टीबी कोई असाध्य बीमारी नहीं है। दवा का समुचित खुराक और संयम से इस बीमारी को दूर भगाया जा सकता है। डॉ लिली ने टीबी रोग से बचाव और संक्रमण के रोक थाम हेतु उपाय बताया।

**कार्यक्रम में ये भी रहे उपस्थित :** मौके पर डॉ आर एन सिंह, सीएसआर के अनिल गिरी, सशील शुक्ला, नितेश पांडेय, दिनेश शुक्ला, जवाहिर शुक्ला, गुलाम नबी अंसारी, जन सेवा ट्रस्ट के एमडी कैफ, नागेंद्र यादव, गोपीनाथ विश्वकर्मा, सतेंद्र सिंह, बिडियम रवि कुमार, शिवलाल पासवान, योगेश पाल, भोला सिंह, बीरेंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### मो रेयाज अंसारी हज यात्रा के लिए रवाना



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** प्रखंड के शाहपुर पंचायत निवासी मो रेयाज अंसारी को बुधवार को पूर्व जिप सदस्य सीता राम, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला सचिव शमीम अंसारी व पूर्व पंचायत समिति सदस्य मोबीन अंसारी ने माला देकर हज यात्रा के लिए रवाना किया। मौके पर मोहम्मद रहीम अलाउद्दिन अंसारी, मोहम्मद हाजिम हजज्त हुसैन, हाजिम ललित साहेब, शमशाद आलम, नौशाद आलम, फारूक आलम, मुमताज आलम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### मनातू बनेगा विकास के मामले में आदर्श प्रखंड



**मनातू पलामू।** मनातू प्रखंड के चतरा लोकसभा के सांसद प्रतिनिधि सह पूर्व मनातू प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष बिगु साहू ने आईएएस विसपुते श्रीकांत से औपचारिक मुलाकात की। प्रखंड कार्यालय ऑफिस में गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। मौके पर भाजपा कार्यकर्ता रविंद्र सहित कई अन्य लोग मौजूद थे। भेंट उपरांत मनातू प्रखंड प्रभारी आईएएस बिसपुते ने कहा कि आप लोगों को मुझे सहयोग चाहिए जिसे मनातू के एक आदर्श प्रखंड बनाना है जिसमें आप सबके सहयोग बहुत जरूरी है। कहा कि मनातू विकास के मामले में आदर्श प्रखंड बनेगा।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हुई समीक्षा बैठक



**हुसैनाबाद पलामू।** नगर के छठ पोखरा स्थित पार्टी कार्यालय में प्रखंड कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता लल्लू सिंह ने की। बैठक में प्रभारी मसरूर अहमद एवं प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सतनारायण सिंह प्रदेश सचिव धनंजय कुमार तिवारी, अल्पसंख्यक प्रदेश के नेता हसनैन जैदी एवं पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिट्टू पाठक, जोनल कोऑर्डिनेटर भीम कुमार शामिल हुए। मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने नवनिर्वाचित प्रखंड के सभी कार्यकताओं को माला और कांग्रेस का अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी ने कहा कि हमारे केंद्रीय नेता देश मे नफरत को छोड़कर कर देश की एकता और अखंडता के लिए देश भर में पदयात्रा कर रहें झारखण्ड में भी कांग्रेस कार्यकर्ता जोड़ने का काम करें आने वाला समय कांग्रेस का हैं। सभी को संगठन में मिलकर मजबूती के साथ कार्य करने का नसीहत दिया गया। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी शंभु सिंह, अवध बिहारी सिंह, रघुराई यादव, किसान तिवारी, यासीन अंसारी, जुबेर आलम, राजेंद्र पासवान, राकेश ठाकुर, प्रेम शंकर ओझा, अंबिका सिंह, अनुराग प्रसाद भी थे।

## प्रकृति से पढ़ना ही जीवन के कठोर मर्म को समझना है : अविनाश देव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय द्वारा पाठ्यपुस्तक की पढ़ाई को जिन्दगी के कठोर हकीकत से रु-ब-रु कराने व बौद्धिक स्तर को धार देने के लिए बच्चों को पर्यटन पर प्रकृति के निकट ले गये। बच्चों ने मस्ती की। शिक्षकों ने खेल खेल में बच्चों को नदी, नाले, जंगल, पहाड़, झरना, पशु, पक्षी, पेड़, पौधों से प्रेरणा लेने की सीख दिया। इस मौके पर निदेशक अविनाश देव ने कहा कि क्लास रूम में बैठे- बैठे पुरानी पद्धति पुराने तौर तरीकों को नये अवतार में ढाल कर बच्चों के मन मस्तिष्क में ताजी आबोहवा के संचार कर किताबी ज्ञान को अक्षरसः स्मृति पटल पर बनाये रखने के लिए प्रकृति पर्यटन व यात्रा करना बच्चों के हित में है। संत मरियम स्कूल के बच्चों ने ओरंगा, कोयल नदी के संगम पर चहलकदमी की। घूमे देखे और मध्याह्न भोजन कर अपने घर वापस हुए। यह वह संगम है जहां फिल्म इंडस्ट्री के अनेक फिल्मकार और अभिनेता अभिनेत्रियों ने रातें गुजारी है।

### राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में चयनित होने पर कुंदन को बधाई

**मेदिनीनगर।** ज्ञान निकेतन स्कूल के अध्यक्ष बलिराम शर्मा ने अपने पूर्ववर्ती छात्र कुंदन कुमार सिंह राष्ट्रीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता में चयन होने पर बधाई दी है। अध्यक्ष ने बताया कि कुंदन अपने विद्यालय समय से ही खेल-कूद में रूचि लेता था और अंततः उसकी रूचि रंग लाया। इसके लिए पूरे विद्यालय परिवार ने कुंदन को बधाई के साथ भविष्य में बेहतर करने की बात कही है।

### शिक्षा से ही रविदास समाज में आयेगा बदलाव : गोविंद

**नौडीहा बाजार (पलामू)।** नौडीहा बाजार प्रखंड मे रविदास विकास समिति की मासिक समीक्षा बैठक ललगाड़ा पंचायत के न्यू प्राथमिक विद्यालय कऊवल टोला महुराव में हुई। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक बिदेंश्वर कुमार और सफल संचालन समिति के उपाध्यक्ष गोपाल राम शिक्षक ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में समिति के अध्यक्ष राम गोविन्द राम, शिक्षक कृष्णा राम, जगदीप कुमार राम मौजूद थे।

## प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व में डॉक्टर हुए अलर्ट

■ कोरोना फेज 3 पर तैयारी को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में हुआ मॉक ड्रील

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** केंद्र सरकार और राज्य सरकार के निदेर्शानुसार कोरोना फेज 3 से निपटने की तैयारी पर अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विनोद कुमार सिन्हा ने मंगलवार को मॉक ड्रिल किया। जिसमें एक टीम गठित कर पूरी फिटनेश हेल्थ सेफ किट पहन कर मरीज को एंबुलेंस से कैसे उतरना हैं और उसको एक सुरक्षित वार्ड में भर्ती करना है एवं ऑक्सीजन एवं तमाम उपकरणों के रख रखाव एवं सक्षम मात्रा में उसकी उपलब्धता की पूर्ण तैयारी की। मॉक ड्रिल में डॉक्टरों ने एक स्टाफ को खुद मरीज बनाकर उसे एंबुलेंस से उतारकर सुरक्षित वार्ड में ईलाज करने तक का रिहर्सल किया। इधर, कोरोना फेज 3 को लेकर आम लोगों में दहशत काफी बढ़ गयी है। मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि डरने की जरूरत नहीं हैं बल्कि हिम्मत से लड़ने की जरूरत है।

## राज्य हित में ऐतिहासिक कार्य कर रही महागठबंधन की सरकार: रामचंद्र सिंह

■ मनिका विधायक ने किया बकोरिया में कब्रिस्तान के चहारदीवारी का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत करते विधायक।

**सतबरवा पलामू।** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के बकोरिया गांव में कब्रिस्तान के चाहारदीवारी का शिलान्यास मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने बुधवार को फीता काटकर किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, मुखिया संतोष उरांव, झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव आफताब आलम, प्रमोद यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि कल्याण विभाग के द्वारा चहारदीवारी निर्माण कार्य हो रही है जिससे मुस्लिम समुदाय के लोगों को सहूलियत होगी। उन्होंने अभिकर्ता से गुणवत्तापूर्ण कार्य करने को कहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार राज्य हित में कई ऐतिहासिक कार्य कर रही है। विपक्षी दल के लोग मुद्दा विहीन राजनीति कर रहे हैं। उनके पास वर्तमान सरकार के विरुद्ध में कोई मुद्दा ही नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा 1932 का खतियान, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले बालिका समृद्धि योजना जैसे कई ऐतिहासिक कार्य किये गये हैं।

**खास बातें :** जिप सदस्य सुधा कुमारी ने कहा कि वर्तमान सरकार भेदभाव से ऊपर उठकर सब लोग के लिए विकास कार्य कर रही है। कांग्रेसी नेता पंकज तिवारी ने कहा कि सुबे के मुख्यमंत्री झारखंड के गरीब शोषित वंचित वर्ग के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। वही आफताब आलम ने कहा कि पूरे राज्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत वंचित वर्ग के लोगों को काफी लाभ मिला है। झारखंड सरकार की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम होगी। मौके पर प्रमोद यादव, अजय उरांव, पिंटू उर्फ असलम, हकीम अंसारी, मुखिया संतोष उरांव, बीपीआरओ सुरेश ठाकुर, अरुण साहू, अमित कुमार साहू समेत कई लोग उपस्थित थे।

## एनएचएआई के पदाधिकारी जल्द पथ की मरम्मत करायें: विजय ओझा

■ सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा ने सोशल मीडिया के सहारे की थी पथ मरम्मत की मांग
■ त्वरित कार्रवाई करते हुए सांसद और वार्ड पार्षद ने की पहल, मरम्मत होने पर लोग खुश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पथ मरम्मत करवाने की मांग करने वाले समाजसेवी।

**मेदिनीनगर।** सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा द्वारा सोशल मीडिया पर रांची रोड ठाकुरबाड़ी में स्थित सड़क पर बने गड्ढे को स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मरम्मत कराने की मांग को संज्ञान में लेते हुए पलामू सांसद बीडी राम एवं वार्ड नंबर 18 के वार्ड पार्षद विवेकानंद त्रिपाठी ने एनएचएआई के पदाधिकारी मनोज पांडे को अविलंब सड़क की मरम्मत करने का निर्देश दिया।

सांसद बीडी राम के निर्देश पर पलामू जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने नवीन दुबे एवं धीरज मिश्रा के साथ स्थल का निरीक्षण करते हुए एनएचएआइ के पदाधिकारी मनोज पांडे को जानकारी देते हुए सड़क का मरम्मत करने का निर्देश दिया। धीरज ने सड़क की मरम्मत किये जाने पर खुशी जाहिर करते हुए पलामू सांसद एवं वार्ड पार्षद के प्रति आभार व्यक्त किया है। मालूम हो कि सड़क पर बने गड्ढे होने की वजह से आये दिन मुसाफिरों एवं वाहन चालकों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा था।

स्पीड न्यूज

## चांडिल : वृद्ध महिला को पीटा पिलाया मल-मूत्र

**चांडिल।** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के धुंधाडीह में वृद्ध महिला को डायन - बिसाही का अरोप लगाकर मल-मूत्र पिलाने एवं मार पीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित 60 वर्षीय वृद्ध महिला रमनी देवी ने गांव के ही शांति देवी (28) पर यह आरोप लगाई है एवं थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। ईंचागढ1 पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## दो जनवरी तक रेडक्रॉस का नेत्र शिविर स्थगित

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा नियमित रूप से आयोजित होने वाले नेत्र शिविरों की कड़ी में 31 दिसम्बर 2022 से 2 जनवरी 2023 तक आयोजित होने वाला नेत्र शिविर वर्ष के अंत और नये वर्ष की शुरूआत को देखते हुए दूरदराज के मरीजों की असुविधा, रेडक्रॉस की टीम के द्वारा एम्बुलेंस एवं फर्स्ट एड सेवा में रहने तथा चिकित्सकों की व्यस्तता को देखते हुए स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। अब 7 जनवरी से 10 जनवरी 2023 तक स्व केके सिंह के पुण्य स्मृति में मेगा आई कैम्प का आयोजन किया जायेगा। 7 जनवरी को प्रातः 8 बजे से बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में नेत्र रोगी अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे, नेत्र रोगी अपने साथ अपना कोई भी पहचान पत्र वोटर कार्ड या आधार की कॉपी या ऐसा कोई भी पहचान पत्र जिसपर पूरा नाम पता लिखा हो तथा अपना या अपने परिजन का एक मोबाईल नंबर अवश्य लायेंगे।

## झारखंड- बंगाल सीमा पर पुलिस की छापेमारी



**चांडिल।** बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर नीमडीह थाना क्षेत्र के झारखंड पश्चिम बंगाल सीमावर्ती लाकड़ी पंचायत के बुरुडीह गांव के बाहर पश्चिम बंगाल की सीमा पर किये जा रहे अवैध महुआ शराब की चुलाई के विरुद्ध नीमडीह थाना पुलिस बल के द्वारा छापेमारी की गई। नीमडीह पुलिस बल को देखते ही शराब चुलाई कर रहे लोग जंगल की ओर भागने में सफल रहे। नीमडीह पुलिस ने अवैध महुआ शराब बनने वाले स्थान से करीब 10 लीटर अवैध महुआ शराब, करीब 800 किलो जावा महुआ बरामद किया गया। नीमडीह थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया पुलिस ने अवैध शराब भट्ठी को विनिष्ट किया।

## घाटशिला में रेडक्रॉस ने जुटाये 36 यूनिट रक्त



**जमशेदपुर।** रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा रक्तदान जागरुकता अभियान के तहत न सिर्फ शहरी बल्कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में भी रक्तदान के प्रति जागरुकता नियमित रूप से बढायी जा रही है, जिस क्रम में जागरुकता के साथ साथ रक्तदान शिविरों का आयोजन कर अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान में सहभागिता कर जोड़ा जा रहा है। आज इसी क्रम में जिला के ग्रामीण क्षेत्र घाटशिला में वहां की जागरुक महिलाओं के संगठन मारवाड़ी महिला समिति घाटशिला तथा रेड क्रॉस सोसाईटी की घाटशिला उपशाखा के माध्यम से एक रक्तदान शिविर का आयोजन घाटशिला में सम्पन्न हुआ, जिसमें 36 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर इस अभियान को आगे बढ़ाया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में मारवाड़ी महिला समिति की सदस्यों के साथ घाटशिला रेड क्रॉस के पदाधिकारी व कार्यकताओं ने सक्रिय भूमिका निभायी। जिला रेड क्रॉस से वाईस पेट्रन डीके घोष, देबजीत बोस, अशोक सिंह, गीता सिंह, समीर दत्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। जमशेदपुर ब्लड बैंक द्वारा रक्त संग्रहण किया गया।

# माता-पिता की सेवा और ईश्वर में विश्वास से नहीं आते संकट : वृजनंदन शास्त्री

- धर्म, अर्थ, तप और मोक्ष हैं शिव की सवारी नंदी के चारों पदों का महत्व
- मानगो वसुंधरा एस्टेट में भागवत और शिव कथा महोत्सव का तीसरा दिन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**







महर्षि मार्कण्डेय के बचपन में प्राण हरने आये यमदूतों से रक्षा करते भगवान महादेव, कथा सुनाते वृजनंदन शास्त्री जी और कथा सुनती श्रद्धालु महिलाएं।

**जमशेदपुर।** मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा एस्टेट में चल रहे श्रीमद् भागवत और श्री पाशुपात्य व्रत शिवकथा महोत्सव ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन बुधवार को वृन्दावन से पधारे स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने लक्ष्मी के आठ प्रकारों के बारे में वर्णन करते हुए बताया कि बेल पत्र में अखंड लक्ष्मी का वास होता है। व्यास जी महाराज ने कहा अगर गन्ने के रस से शिव लिंग का अभिषेक करते हैं तो धन प्राप्ति होती है अगर धन होगा तो धर्म की ध्वजा धर्म की अविरल धारा शिव भक्ति अपने आप निरंतर बहती रहेगी। इस कारण गन्ने के रस से शिव अभिषेक सबसे उत्तम है। महाराज जी ने अपने सुमधुर वाणी से शिव कथा की अमृत गंगा बहाते हुए कथा में शिव की सवारी यानी नंदी के बारे में विस्तार से वर्णन किया।

कहा कि नंदी के चार पद है पद यानी पैर और चारों पदों का अपना-अपना महत्व है। पहला यानी दाहिना पैर धर्म का, धर्म मतलब महादेव की भक्ति के लिए है। आप देखते होंगे नंदी का दाहिना पैर सबसे आगे है जो धर्म के लिए शिव भक्ति के लिए बढ़ रहा है। दूसरा अर्थ के लिए और इसी तरह अन्य पद, तप और मोक्ष के लिए है। कथा वाचक ने कहा कि नर्मदा तट पर जो पत्थर है वह निरंतर धीरे-धीरे बढ़ता है पर अगर वही पत्थर हमारे घर में हो तो स्थिर होता है तो यह नर्मदा जी की शक्ति है। इस तरह नर्मदा पर जो पत्थर है वह एक-एक पत्थर और कंकड़ में भगवान शंकर का रूप है। इसी तरह महाराज श्री ने बताया कि शिव जी को बेलपत्र किस तरह से अर्पित करना चाहिए। महादेव को अर्पित बेलपत्र का क्या तरीका है ताकि भगवान शंकर प्रसन्न हो और सर्व कार्य सिद्ध होते है। वृजनंदन शास्त्री जी ने कहा, कि भक्त भगवान शिव को जलाभिषेक करने से पहले नंदी का जलाभिषेक करने लगते हैं किन्तु इससे नंदी नाराज होते हैं। उनका कहना है कि पहले भोले बाबा का जलाभिषेक करो।

### भक्ति से मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचरण

शास्त्री जी ने कहा कि भक्ति से मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचरण होता है। आप जब भी संकट में हों, दुःख में हों तो महादेव की अराधना करें और उन पर भरोसा करें कि वे आपके सारे दुःख-संताप हर लेंगे। महादेव पर अटूट विश्वास न सिर्फ आपको संकट से उबारता है बल्कि आपको डिप्रेशन में जाने से बचाता है। बस विश्वास के साथ सोने से पहले संकल्प लें, मेरा संकट दूर होगा, मेरे को कोई चिंता नहीं क्योंकि बाबा मेरे साथ हैं। देखिए,आपको कैसे अच्छी नींद नहीं आती। दुनिया के सामने दुखड़ा रोने की जगह भगवान शिव के सामने दुख बतावें तो वे इसका समाधान करेंगे। रिश्ते-नातेदारों के आगे दुःख रोओगे तो वे हंसने और ताना देने के सिवा कुछ नहीं करने वाले। इस लिए देवों के देव हर हर महादेव पर भरोसा रखें। रोना है तो किसी के घर पर नहीं, बाबा के दर पर रोओ वे ही संकट से उबारेंगे। वैसे भी बाबा को खुश करने के लिए हीरे-मोती नहीं, सिर्फ एक लोटा जल का अभिषेक ही काफी हैं। लोटे में जल भर लें और उसमें चावल के कुछ दाना और भस्म डाल लें और बाबा को अर्पित कर दें। सुबह नहा-धोकर एक लोटा जल, सारी समस्या का हल। तेरा-तेरा कहने वाले तर गए,मेरा मेरा कहने वाले मर गये। वृजनंदन शास्त्री ने आगे कहा कि अपने माता-पिता की सेवा करो, ईश्वर पर अटूट आस्था रखो और धर्म को मानों जिंदगी आनंदमयी और खुशमयी रहेगी। माता-पिता की महत्ता बताते हुए कहा कि इस धरती पर कोई निस्वार्थ प्रेम करता है तो वे माता-पिता ही हैं जिनकी कोख से हम जन्म लेते हैं। व्यासपीठ पर आसीन होकर कथा के माध्यम से भगवान श्री शिव के अलग-अलग रूपों की जीवंत झांकियों का दर्शन कराया। शिव कथा के दौरान हुए भजन संगीत कार्यक्रम एवं धार्मिक धुन पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया।

# बैंक ऑफ बड़ौदा अब झारखंड में ही देगा 250 करोड़ तक ऋण स्वीकृति

- जमशेदपुर में बैंक ने खोली मिड कारपोरेट शाखा

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड के उद्यमियों को 50 करोड़ से 250 करोड़ रुपये तक के ऋण के लिए बैंक के मुख्यालय का चक्कर नहीं काटना होगा। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने कारपोरेट एवं एमएसएमई कस्टमर को एक बड़ी सुविधा प्रदान करते हुए आज से जमशेदपुर में अपनी मिड कारपोरेट शाखा का शुभारंभ किया। बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय बड़ौदा सूर्य भवन, मेन रोड, बिष्टुपुर स्थित परिसर में झारखंड के गणमान्य ग्राहकों को और बेहतर सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से मिड कॉर्पोरेट शाखा का उद्घाटन मिड कॉर्पोरेट बैंकिंग, बीसीसी, मुम्बई, के महाप्रबंधक, मनोज एस चयनी एवं बिहार झारखंड और उड़ीसा अंचल के प्रमुख एवं महाप्रबंधक सोनाम टी भूटिया के कर कमलों से हुआ।

झारखंड में मिड कॉर्पोरेट बैंकिंग शाखा का यह पहली शाखा है जो मूल रूप से झारखंड के उद्यमियों को 50 करोड़ से 250 करोड़ तक की ऋण सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित की गई है। इस शाखा को खोलने का मुख्य उद्देश्य उन उद्योगों एवं व्यपारिक संस्थानों को त्वरित/सम्यानुसार ऋण की सुविधा मुहैया कराकर देश के आर्थिक उत्थान एवं रोजगार के अवसर प्रदान करना है, जो



मिड कारपोरेट शाखा का उद्घाटन करते महाप्रबंधक मनोज चयनी एवं सोनम टी भूटिया।

एमएसएमई के दायरे से उपर के व्यवसाय से जुड़े हैं।

उक्त समारोह में उप महाप्रबंधक (नेटवर्क -1) झारखंड एवं ओडिशा, पटना अंचल, डॉ रमेश कुमार मोहंती, प्रमुख - मिड कॉर्पोरेट क्लस्टर (पूर्व) श्री रंजीत कुमार मण्डल, सहायक महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख जमशेदपुर क्षेत्र श्री मनीष प्रकाश सिन्हा, सहायक महाप्रबंधक एवं शाखा प्रमुख मिड कॉरपोरेट शाखा, जमशेदपुर श्री सच्चिदानंद सिन्हा, उप क्षेत्रीय प्रमुख जमशेदपुर क्षेत्र श्री अमित कुमार एवं अन्य कार्यपालकगण, विशिष्ट ग्राहकगण तथा शाखा प्रमुख उपस्थित थे। इस अवसर पर महाप्रबंधक द्वारा यह भी बताया गया कि बैंक ऑफ बड़ौदा समय-समय पर अपने ग्राहकों की सुविधा को बेहतर बनाने हेतु हमेशा प्रयासरत रहती है। झारखंड के उधमी वर्ग के लिय यह बडी खुशखबरी है कि बडे स्तर के ऋण (50 करोड़ से ऊपर) अब जम्शेदपुर से ही स्वीकृत हो सकेगें। बैंक ने इस वित्तिय वर्ष मे इस शाखा के द्वारा 1000 करोड़ का ऋण स्वीकृत करने का लक्ष्य रखा है ।

बैंक द्वारा बड़े ऋण आवेदनों का निष्पादन जमशेदपुर में करने से झारखंड के उद्यमियों को बहुत लाभ होगा। बैंक के इस कदम का उद्योग जगत ने स्वागत किया है।

## एक नजर में

### जमशेदपुर महिला समिति ने मनाया वनभोज



**जमशेदपुर।** महिला समिति का वनभोज जमशेदपुर महिला समिति के प्रेक्षागृह में हुआ। इसमें विभिन्न खेल से सभी सदस्य ने मनोरंजन किया। आज के इस आयोजन में समिति की सदस्य मिताली दास गुप्ता जिन्होंने मिसेस ओडिशा आइकन का खिताब जीता तथा दिल्ली में मिसेस इंडिया सेकंड रनर का खिताब जीता है, उन्हें सम्मानित पूरबी घोष और ज्योत्सना दे ने पुष्प गुच्छ एवं शॉल देकर किया। आज के इस कार्य क्रम में प्रीतिलेखा राय, बीथी राय, रत्ना राय, भारती घोष, दीपा राय, मंजू चक्रवर्ती, स्वप्ना घोष, उमा घोष, कृष्णा घोष, तनुका दत्ता, शुभ्रा सरकार, रूपा लाहिरी, झूमा रेहल, काजल मल्लो और अन्य उपस्थित थे और स्वादिष्ट भोजन का लाभ उठाया।

### श्री कटासराज महादेव का दर्शन कर लौटा जत्था



**जमशेदपुर।** श्री शिव शक्ति परिवार के नेतृत्व में 89 भक्तों का जत्था श्री कटासराज महादेव के दर्शन कर बुधवार को झारखंड एक्सप्रेस से रांची होते हुए टाटानगर पहुंचा। जत्थे में टाटानगर से 30, रांची से 7, मुजफ्फरपुर से 6 और शेष भारत से 46 भक्तों का जत्था वतन वापसी कर अपने अपने गृह स्थान को सकुशल लौट गया। श्री शिव शक्ति परिवार से 30 भक्तों में 21 पुरुष 9 महिलाएं थी। जत्थे को जगह जगह सम्मान व सत्कार किया गया जिसमें देवघर के शशि मिश्र, अमृतसर दुर्गियाना मंदिर के प्रोफेसर डॉ लक्ष्मीकांत चावला, पाकिस्तान के इटीपीबी के एडिशनल सचिव राणा सईद, इटीपीबी के सचिव फराज अब्बास, कैलाश करुणा के अरविंद सिंह आदि शामिल रहे। यात्रा के दरम्यान बैधनाथ धाम रुद्राभिषेक, पाक स्थित अमृतकुंड स्नान, श्री कटासराज महादेव पूजन–दर्शन, श्री राम के पुत्र लव महाराज का प्रयान स्थल दर्शन, लाहौर किला, श्री राधा कृष्ण मंदिर दर्शन, स्वर्ण मंदिर दर्शन आदि स्थान शामिल रहे। इस यात्रा में परिवार के नवीन, मृत्युंजय, मोहन, उमेश मण्डल, नितेश, कल्याण, सत्येंद्र, मीना, कंचन, रेणु, रंजन, संजय, कमलेश्वरी मेहता, उर्मिला देवी, उषा झा, नीलम झा,बालेश्वर प्रसाद, अरविंद सिंह, अतुल, अलका तिवारी, राकेश आदि भक्तगण शामिल रहे। समस्त यात्रा की जानकारी श्री शिव शक्ति परिवार के अध्यक्ष कैलाशी विजय ने दी।

### आजसू-भाजपा से दर्जनों कार्यकर्ता झामुमो में शामिल



**जमशेदपुर।** बुधवार को जमशेदपुर प्रखंड के छोटा गोविंदपुर पंचायत के रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा मंडप के प्रांगण में झामुमो पंचायत कमेटी ने एक दिवसीय कार्यकर्ता मिलन समारोह किया, जिसके मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने उपस्थित होकर सभी युवाओं को माला पहनाकर पार्टी में सदस्यता दिलायी। विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार बन कर आज 3 वर्ष पूरे हो गये। इस 3 साल में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में समस्त झारखंड वासियों के हित में बहुत सारे कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाया और उन्हीं के कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर आज जगह जगह पर युवा एवं समाज के गणमान्य लोग झामुमो का दामन थाम रहे हैं। पार्टी में शामिल होने में लालटू गोप, जगदीश गोप, जयराम लोहार के नेतृत्व में शंभु शर्मा, कार्तिक लोहार, सागर कुमार, धीरज कुमार, विकास कुमार, बिरजू कुमार, नीरज कुमार, मनीष पॉल, रोहित लोहार, विकास लोहार, राम गोप, संटू दास, मेहीर दास, राजन दास, खोगेन दास समेत 100 कार्यकर्ता जेएमएम का दामन थामे।

### गुरु महाराज की कृपा हम सब पर बनी रहे : काले



**जमशेदपुर।** ठंड से राहत पहुंचाने के लिये हर हर महादेव सेवा संघ की और से कंबल वितरण जारी रखते हुए बावरी बस्ती बागुनहातु, लोहरा बस्ती विद्यापतिनगर, गौड़ बस्ती, भालूबासा, स्लेग रोड़ हरिजन बस्ती भालूबासा, टुइलाडुंगरी गोलमुरी, बाबू कुंवर सिंह स्मारक, बागबेड़ा, डीबी रोड, बागबेड़ा एवं अन्य स्थानों पर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया एवं बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। मौके पर संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि आंखों में आंसू आ जाते है और हृदय कांप जाता है जब लोगों के हालात देखता हूं। हमारे समाज में इतनी आर्थिक असमानता अनुचित है। लोगों को शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा की अति आवश्यकता है। कैसे इनका उद्धार होगा यह सोच कर रूह कांप जाती है मेरी। परमात्मा इतनी शक्ति दे की सेवा कार्य करने की हिम्मत बनी रहे। इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए मिथिलेश सिंह, दिग्विजय सिंह, विशाल सिंह, संतोष ठाकुर, देवराज बाकी, अवधेश ठाकुर, अनिल सिंह, संदीप सिंह, रघु सिंह, राज, मिष्टु सोना, बिदींया मुखी, डॉली, राकेश मुखी, रेणु गुप्ता, अरमान बाउरी, दीपक बाउरी, अमित मुर्मू, कुदुर बाउरी, संतोष बाउरी साथ ही हर हर महादेव सेवा संघ के अखिलेश पांडेय, बंटी सिंह, बिभाष मजुमदार, प्रिंस सिंह, मनीष सिंह, कार्तिक जुमानी, विक्की तारवे एवं अन्य सदस्यों का मुख्य रूप से योगदान रहा।

### पूर्व में बने ट्रॉमा सेंटर एक्टिवेट करने के बाद नये ट्रॉमा सेंटर खोले सरकार : कुणाल षाडंगी



**जमशेदपुर।** नये साल में राज्य के 21 जिलों में 24 नये ट्रॉमा सेंटर खोलने की तैयारी जारी है। पीपीपी मोड पर संचालित होने वाले ट्रॉमा सेंटर पर लगभग 14 .53 करोड़ खर्च संभावित है, जिसकी स्वीकृति दे दी गयी है। 24 नये ट्रॉमा सेंटर खोलने की तैयारियों पर भाजपा ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से पहले पूर्व के बने ट्रॉमा सेंटर को दुरुस्त कराने और खराब पड़े उपकरण और चिकित्सक की समस्या दूर करने की मांग की है। बुधवार को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि सोच अच्छी है, परंतु प्रदेश में दम तोड़ रही स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना बेहतर कदम होता। सालों से बिना मैनपावर व डॉक्टरों के सिर्फ खानापूर्ति करते व खराब पड़े उपकरणों समेत अन्य समस्याओं से जूझते एनएच– 33 पर स्थित बहरागोडा व बरही के 2 महत्वपूर्ण ट्रोमा सेंटर को तो दुरुस्त करवाने की पहले पहल की जानी चाहिए।

# दीना बाबा के बाद अब पूर्व मंत्री एमपी सिंह की भी प्रतिमा लगायेंगे विधायक सरयू राय

- भाजपा ने अपने जिन दिग्गजों की उपेक्षा की, सरयू राय दिलायेंगे उनका सम्मान
- मानगो में एमपी सिंह की प्रतिमा के साथ आधुनिक सामुदायिक भवन भी बनेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव से चर्चा करते विधायक सरयू राय।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव से निगम कार्यालय में मुलाकात की। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी से मानगो के विभिन्न क्षेत्र की समस्याओं के समाधान एवं मानगो में पूर्व के लंबित विकास परियोजनाओं के संबंध में गहन चर्चा की। मानगो में साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार लाने, मानगो-उलीडीह के विभिन्न क्षेत्रों में जाम पड़ी नालियों की सफाई में तेजी लाने को कहा। श्री राय ने कार्यपालक पदाधिकारी को प्रस्ताव दिया कि मानगो के किसी प्रमुख इलाके में राज्य के पूर्व विधानसभाध्यक्ष एवं जमशेदपुर पश्चिम के विधायक स्व मृगेंद्र प्रताप सिंह की स्मृति में उनकी आदमकद प्रतिमा अधिष्ठापन के लिए स्थान आवंटित करें। उन्होंने उपयुक्त स्थान चिह्नित करने को कहा। साथ ही उनकी स्मृति में एक सामुदायिक भवन बनाने का भी प्रस्ताव दिया। कहा कि इस संबंध में जिला योजना समिति की बैठक में प्रस्ताव रखा जायेगा। कार्यपालक पदाधिकारी ने प्रतिमा अधिष्ठापन के लिए जल्द स्थान चिह्नित करने की बात कही। श्री राय ने मानगो गांधी मैदान में प्रस्तावित स्टेडियम निर्माण में संशोधन कर वर्षों से चली आ रही दुर्गा पूजा के लिए स्थल को सुरक्षित रखते हुए बड़े स्टेडियम निर्माण की जगह लघु स्टेडियम निर्माण कराने की बात कही।

**ये भी थे उपस्थित**

श्री राय के साथ मुख्य रूप से भाजमो नगर निगम समिति के संयोजक कुलविंदर सिंह पन्नु, जिला कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद, व्यवसायिक प्रतिनिधी सह प्रवक्ता आकाश शाह, भाजमो नेता प्रवीण सिंह, मानगो मंडल अध्यक्ष कन्हैया ओझा, उलीडीह मंडल अध्यक्ष प्रेम सक्सेना, संतोष भगत, हरभजन सिंह, राजेश कुमार, महेंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## 31 दिसंबर और एक-दो जनवरी को जुबली पार्क में सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम की जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव द्वारा नव वर्ष के आगमन के अवसर पर दिनांक 31.12.2022, 01.01.2023 एवं 02.01.2023 को जुबली पार्क में वाहनों का प्रवेश वर्जित रखने का आदेश दिया गया है। जारी आदेश में उन्होंने कहा कि नववर्ष के शुभ आगमन के अवसर पर जुबली पार्क में उत्सव एवं पिकनिक मनाने के लिए हजारों की संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चों का आना जाना दिनभर लगा रहता है। यातायात व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था को सुगम तथा सुचारु बनाये रखने के लिए तीन दिनों तक जुबली पार्क में सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

# टेल्को कॉलोनी में मनाया गया रतन टाटा का 85वां जन्मदिवस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** बुधवार को 11 बजे श्री रतन टाटा जी के 85वीं जन्मदिन टेल्को कॉलोनी स्थित 8 नम्बर रोड के कॉलोनी वासियों के द्वारा टेल्को आम बगान में मनाया गया। मुख्य रूप से टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आर के सिंह और समस्त आफिस बेयरर, कमिटी मेंबर उपस्थित हुए। समारोह में बड़े बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल हुए। अध्यक्ष व महामंत्री के समेत सभी बच्चों ने केक काट कर रतन टाटा का जन्मोत्सव मनाया। महामंत्री आरके सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रतन टाटा जी का जमशेदपुर से विशेष लगाव रहा है क्योंकि उन्होंने अपनी शुरूवात टाटा स्टील से ही की थी। 2007 में एफ 16 विमान उड़ाने वाले पहले भारतीय बने। उनकी सादगी राष्ट्र का गौरव है और हम सभी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। अध्यक्ष तोते ने अपने वक्तव्य में कहा कि रतन टाटा जी की हृदय बहुत बड़ा है इसलिए वो अपनी आय का ज्यादातर हिस्सा चैरिटी में दान कर देते हैं।

## लापता ठेकेदार सुनील पांडेय के परिजनों से मिले विधायक सरयू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने बुधवार को मानगो संकोसाई रोड नम्बर 3 के लापता ठेकेदार सुनिल पांडेय के आवास जाकर उनके परिजनों से मुलकात की। सुनिल पांडेय की बेटी ने सरयू राय को सारी आप बिती बताई। परिजनों ने बताया की तकरीबन 15 दिन पूर्व सुनिल पांडेय को गोविंदपुर से किडनैप किया गया था। उन्होनें बताया कि 15 दिन हो गए लेकिन प्रशासन उनके पिता का कोई भी सुराग लगाने में असफल रही हैं। प्रशासन के खोजबीन अभियान से परिजनों ने असंतोष व्यक्त किया और कहा कि दिन प्रतिदिन सुनील पांडे की चिंता में परिवार की स्थिति बिगड़ती जा रही है। परिजनों ने सरयू राय ने सुनिल पांडेय के खोज में प्रशासन को निर्देश देने के लिए गुहार लगाई। श्री राय ने राज्य के डीजीपी नीरज सिन्हा से फोन पर बात कर इस मामले में संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को तलाश अभियान में तेजी लाने और यथाशीघ्र ठेकेदार सुनिल पांडेय की सकुशल बरामदगी के लिए उचित कदम उठाने की बात कही।

# लक्ष्मी नारायण गोस्वामी मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा

- बिष्टुपुर रांम मंदिर में श्री सहस्त्रचंडी महायज्ञ और श्रीमदद्देवी भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर मेन रोड़ श्रीराम मन्दिर में बुधवार 28 दिसम्बर से श्री अम्बा यज्ञ नव कुण्डीय श्री सहस्त्रचंडी महायज्ञ एवं श्रीमदद्देवी भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ हुआ, जो आगामी 05 जनवरी गुरुवार तक चलेगा। बुधवार सुबह बिष्टुपुर स्थित लक्ष्मी नारायण गोस्वामी परमहंस मंदिर से 1100 महिलाओं द्वारा भव्य कलश तथा देवी भागवत पुराण शोभा यात्रा निकली गयी, जो बिष्टुपुर रीगल चौक मुख्य मार्ग होते हुए बिस्टुपुर राम मंदिर आकर संपन्न हुई।

कलश तथा देवी भागवत पुराण शोभा यात्रा की विधिवत पूजा पंडित नेमि चंद ने करायी। शोभा यात्रा राम मंदिर पहुंचने के बाद अरवी मंथन से यज्ञ की अग्नि प्रज्ज्वलित की गयी। कलश यात्रा में शामिल भक्त गण माता के जयकारे लगाते चल रहे थे। श्री राणी सती सत्संग समिति जुगसलाई की टीम और स्थानीय भजन गायक महावीर अग्रवाल माता के भजनों की अमृत वर्षा कर रहे थे। माता के भजनों पर भक्त नाचते झूमते आगे बढ़ रहे थे।



कलश यात्रा में शामिल विजय गुरुजी महाराज व अन्य।

श्रीविद्या शक्तिसर्वस्वम्-चेन्नई के नेतृत्व में टाटानगर ईकाई द्वारा लौहनगरी में दूसरी बार आयोजित हो रहे यह धार्मिक कार्यक्रम परमपूज्य श्री विजय गुरुजी महाराज के सानिध्य में संपन हो रहा हैं। बुधवार की शाम को व्यास पीठ से विजय गुरुजी महाराज ने अपने सुमधुर वाणी से श्रीमदद्देवी भागवत माहात्म्य एवं मघु कैटभ संहार का विस्तार से प्रसंग सुनाया। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का आनंद उठाया।

14 यजमानों ने की सपत्नी पूजा:- प्रथम दिन रामअवतार अग्रवाल, सुरेश कुमार अग्रवाल, दिलीप रिंगसिया, आशीष अग्रवाल, सुशील बांका, ब्रजमोहन लाडेसरिया, पवन अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अंकित चेतानी, मनोज गुप्ता, सविन पोदार, बिमल गुप्ता, रूपेश महेरिया, राहुल अग्रवाल कुल 14 यजमानों ने सपत्नी पूजा की। पंडित नेमि चंद की 71 विद्धान पंडितों की टीम ने पूजा करायी। पूजा के बाद सभी भक्तों ने यज्ञ स्थल की परिक्रमा की। गुरूवार को इन 14 यजमानों के साथ 23 और नये यजमान कुल 37 यजमान संयुक्त रूप से पूजा करायेंगे।

# बेमिसाल प्रदर्शन

राज्य में हेमंत सरकार के तीन साल पूरे हो गये। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हर मोर्चा पर धर्य के साथ बेहतर प्रदर्शन किया। सरकार बनने के साथ ही विश्वव्यापी समस्या कोरोना का आक्रमण भी झारखंड राज्य पर हुआ। लेकिन जिस रणनीतिक कुशलता से सीएम ने कोरोना संकट पर नियंत्रण किया उससे उनकी दक्षता और कार्यकुशलता साफ झलकती है। झारखंड के निमार्ण से आज तक राज्य में जब भी झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनी है तब विकास के कार्यो को राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम पूरी सफलतापूर्वक हुआ है। हेमंत सरकार ने सरकार बनने के साथ ही यह बता दिया था कि बिना किसी कठिनाई के कल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर उतारा जाएगा। राज्य को संसाधन युक्त करने के साथ ही विकास की गति तेज करने के लिए सही और जनता के लिए उपयोगी योजनाओं का निर्माण किया जाएगा। राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सभी सुविधाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उदेश्य से सरकार पूरी ताकत से कार्य करेगी। पलायन समाप्त करने की दिशा में सरकार गंभीर है और राज्य में युवक युवतियों को देश के किसी भाग में अगर परेशानी है तो उन्हें वापस लाने और प्रशिक्षित करके अपने राज्य में जॉब देने के लिए लगातार काम कर रही है। पयर्टन और खेल के विकास को विशेष प्राथमिकता के आधार पर विकसित करने का प्रयास जारी है। राज्य में खेल अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है और आने वाले दिनों में सरकार युवाओं के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित है। जन समस्याओं को लेकर सीएम सोरेन की गंभीरता इस बात से भी झलकती है कि कोरोना काल में भी उन्होंने आम लोगों की समस्या सुनने में कोई कोताही नहीं बरती। सरकार आमजन की समस्याओं के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम करके विश्वास जीतने में सफल रही है।

# पुदुच्चेरी सबसे आगे

सामाजिक प्रगति सूचकांक (एसपीआई) के पहले संस्करण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 10 राज्यों में शीर्ष पर 4 केंद्रशासित प्रदेश हैं। इसमें पुदुच्चेरी पहले स्थान पर है, जबकि उसके बाद लक्षद्वीप, गोवा, सिक्किम और मिजोरम का स्थान है। वहीं 10 राज्यों में शामिल अन्य केंद्र शासित प्रदेशों में चंडीगढ़ और जम्मू कश्मीर भी हैं। मंगलवार को जारी सूचकांक राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और जिलों के लिए तैयार किया गया है। इसे प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) की पहल पर इंस्टीट्यूट फॉर कंपटेटिवनेस ऐंड सोशल प्रोग्रेस इंपरेटिव ने तैयार किया है। इस सूचकांक को तैयार करने में सामाजिक प्रगति के 3 अहम क्षेत्रों- मानव की बुनियादी जरूरतों (जैसे पोषण और बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल, जल और स्वच्छता, व्यक्तिगत सुरक्षा व आश्रय), बेहतरी के मूल सिद्धांत (बुनियादी ज्ञान तक पहुंच, सूचना और संचार तक पहुंच, स्वास्थ्य एवं बेहतरी और पर्यावरण की गुणवत्ता) और अवसर (व्यक्तिगत अधिकार, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और चयन, समावेशन और उच्च शिक्षा तक पहुंच) का इस्तेमाल किया गया है। यानी 3 अहम क्षेत्रों को 12 उपक्षेत्रों में विभाजित करके आकलन किया गया है और उसके मुताबिक सूची तैयार की गई है। पुदुच्चेरी का देश में सबसे ज्यादा 65.99 एसपीआई अंक है। उसमें व्यक्तिगत स्वतंत्रता और पसंद, आवास, जल एवं स्वच्छता की स्थिति बेहतर रहने की अहम भूमिका है। उसके बाद लक्षद्वीप और गोवा का स्थान है, जिन्हें क्रमशः 65.89 और 65.53 अंक मिले हैं। प्रमुख राज्यों में, तमिलनाडु और केरल शीर्ष 10 में शामिल हैं। दूसरी ओर असम, बिहार और झारखंड तालिका में सबसे नीचे हैं। जबकि जिलों में, आइजोल 72.9 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। झारखंड का सबसे नीचे श्रेणी में होना शर्मनाक है।

# इन राष्ट्रवादी ईसाइयों पर है भारत को नाज





-आर के सिन्हा


फादर कामिल बुल्के की। फादर बुल्के के अंग्रेजी-हिंदी शब्द कोष को कौन नहीं जानता ? जिन्दगी भर रांची के सेंट जेवियर कॉलेज में हिंदी पढ़ाते रहे। रामचरित-मानस के महान विद्वान थे। प्रतिवर्ष तुलसी जयंती पर देशभर के अनेकों लोग तुलसीदास और उनकी कालजयी कृति रामचरितमानस पर फादर कामिल बुल्के की गूढ़ विवेचनात्मक व्याख्यान को सुनने रांची पहुंचते थे।


**मान्यता** है कि भारत में ईसाई धर्म की शुरूआत सबसे पहले केरल से हुई थी। माना जाता है कि ईसा मसीह के 12 प्रमुख शिष्यों में से एक सेंट थॉमस केरल में आए थे। भारत आने के बाद सेंट थॉमस ने 7 चर्च बनावाए। बहरहाल, यह क्रिसमस इस तरह का अनुपम अवसर है, जब हम जीवन के अलग-अलग भागों में भारत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राष्ट्रवादी ईसाइयों की बात करें। इस लिहाज से पहला नाम डॉ. टेसी थॉमस का जेहन में आता है। उन्हें भारत में मिसाइल वुमन के नाम से जाता है। वह अग्नि मिसाइल प्रोग्राम की अहम जिम्मेदारी संभालने वालीं देश की पहली महिला साइंटिस्ट हैं। अभी वह रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ( डीआरडीओ) में महानिदेशक एयरोनॉटिकल प्रणाली हैं। टेसी मिसाइल के क्षेत्र में महिलाओं के लिए पथप्रदर्शक साबित हुई हैं। टेसी थॉमस 1988 में डीआरडीओ में शामिल हुईं। यहां उन्होंने नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल, अग्नि के डिजाइन और विकास पर काम किया। उन्हें पूर्व राष्ट्रपति और वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने अग्नि परियोजना के लिए नियुक्त किया था। टेसी 3,000 किमी रेंज की अग्नि-ककक मिसाइल परियोजना की सहयोगी परियोजना निदेशक भी रहीं। साल 2018 में वह डीआरडीओ में वैमानिकी प्रणाली की महानिदेशक बनीं।

यह जानकारी कम लोगों को ही है कि प्रख्यात वकील हरीश साल्वे का संबंध भी एक ईसाई परिवार से है। वे बेहद प्रखर वक्ता भी हैं। जिरह के दौरान उन्हें इसका भरपूर लाभ मिलता है। वे कान्स्टिटूशनल लॉ और कॉरपोरेट लॉ से जुड़े मामलों पर खासतौर पर महारत रखते हैं। हरीश साल्वे को इस समय देश के सर्वश्रेष्ठ वकीलों में एक माना जाता है। वे लगभग उसी स्थान पर विराजमान है, जिस पर कभी नानी पालकीवाला, सोली सोराबजी या फली नरीमन जैसे दिग्गज विद्यामान रहे थे। वे मुकेश अंबानी से लेकर रतन टाटा के लिए सुप्रीम कोर्ट में पैरवी कर चुके हैं। वे टैक्स विवाद में वोडाफोन के लिए भी लड़े। साल्वे ने इतालवी सरकार के लिए दो इतालवी मरीनों के हक में भी सुप्रीम कोर्ट में केस लड़ा था। पर जब इतालवी राजदूत ने सुप्रीम कोर्ट में दिए हलफनामे का उल्लंघन किया है तो उन्होंने आगे केस को लड़ने से मना भी कर दिया था। आपको याद होगा कि इतालवी सरकार ने दो भारतीय मछुआरों की हत्या के आरोपी दो इतालवी मरीनों को सुनवाई के लिए भारत वापस भेजने से मना कर दिया था । इसके बाद साल्वे ने इतालवी सरकार के वकील का पद छोड़ा था।

भारत के हरेक शब्दों के शैदाइयों के लिए रस्किन बॉण्ड का कालजयी काम उन्हें विशेष बना देता है। वे अंग्रेजी भाषा के विश्वप्रसिद्ध भारतीय लेखक हैं। बॉन्ड ने बच्चों के लिए सैकड़ों लघु कथाएँ, निबंध, उपन्यास और किताबें लिखी हैं। बच्चों में उनकी जान बसती है। वे कभी कोई पुरस्कार ग्रहण करने के लिए नहीं लिखते हैं। वर्ना बहुत से कथित लेखक तो पुरस्कार पाने के लिए ही लिखते हैं। लिखना रस्किन बॉण्ड के जीवन का अभिन्न अंग है। उन्हें 1999 में पद्मश्री और 2014 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। रस्किन बॉण्ड के पिता भारत में तैनात रॉयल एयरफोर्स के अधिकारी थे। अगर बात खेल जगत की करें तो लिएंडर पेस को आजाद भारत के सबसे सफल खिलाड़ियों की सूची में रखा जाएगा। लिएंडर पेस के पिता वीस पेस भारत की हॉकी टीम में रहे और मां जेनिफर पेस भारत की बास्केटबॉल टीम का हिस्सा रहीं। उन्होंने 1990 जूनियर विंबलडन जीता था। उन्होंने 1996 के अटलांटा ओलंपिक में कांस्य का पदक जीता। इसके बाद पेस ने महेश भूपति के साथ भारतीय टेनिस के इतिहास में कुछ यादगार पल जोड़ दिए।

मीडिया की सुर्खियों से दूर रहने वाले जॉर्ज सोलोमन राजघाट, विजय घाट, शांतिवन और सरकार द्वारा आयोजित होने वाली सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का अनिवार्य अंग हैं। महात्मा गांधी जबदक्षिण अफ्रीका में रहते थे। जॉर्ज सोलोमन राजधानी की कई चर्चों में पादरी भी रहे हैं। जॉर्ज सोलोमन कहते हैं कि कि गांधीजी को बाइबिल और ईसाई धर्म के संबंध में करीब से जानने का अवसर मिला दीनबंधु सी.एफ.एन्ड्रूज से। दीनबंधु एन्ड्रूरज राजधानी के सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ाते थे। उन्हीं के प्रयासों से गांधीजी पहली बार 1915 में दिल्ली आए थे। सेंट स्टीफंस कॉलेज की स्थापना दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने की थी। इससे ही दीनबंधु एन्ड्रूरज जुड़े थे और अब जॉर्ज सोलोमन इसका हिस्सा हैं। पूर्वोत्तर भारत से आने वाली मैरी कॉम की उपलब्धियों पर सारा देश गर्व महसूस करता है। उन्होंने मुक्केबाजी की दुनिया में अनेक बड़ी उपलब्धियां दर्ज की। मैरी कॉम ने 2012 में हुए ओलंपिक खेलों में ब्रोंज मेडल हासिल किया था। उन्होंने 5 बार वर्ल्ड बॉक्सर चैम्पियनशिप जीती है। खेल की दुनिया में इनके कोच चार्ल्स अत्किनसन, गोपाल देवांग, रोंगमी जोसिया, एम् नरजीत सिंह रहे है, जिन्होंने मैरी कॉम को शिखर तक पहुंचाने में योगदान दिया।

भारत में ईसाइयों की आबादी हिन्दू और मुसलमानों के बाद सबसे अधिक है। देश ईसाई समाज से उम्मीद करता रहेगा कि वहां से देश का चौतरफा विकास करने वाली शख्सियतें निकलती रहें। अगर बात स्वाधीनता के बाद की करें तो ईसाई समाज से जॉर्ज फनार्डीज, भारतीय वायु सेना के चीफ अनिल ब्राउन, चुनाव आयुक्त जेम्स माइकल लिंग्दोह, पुलिस अफसर जूलियस रिबेरो, भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल एस.एन. रोडग्रिस जैसी शानदार शख्सियतों ने देश को समृद्ध किया। आशा की जानी चाहिए कि ये आगे भी चलता रहेगा।

और अंत में बात कर लें फादर कामिल बुल्के की। फादर बुल्के के अंग्रेजी-हिंदी शब्द कोष को कौन नहीं जानता ? जिन्दगी भर रांची के सेंट जेवियर कॉलेज में हिंदी पढ़ाते रहे। रामचरित-मानस के महान विद्वान थे। प्रतिवर्ष तुलसी जयंती पर देशभर के अनेकों लोग तुलसीदास और उनकी कालजयी कृति रामचरितमानस पर फादर कामिल बुल्के की गूढ़ विवेचनात्मक व्याख्यान को सुनने रांची पहुंचते थे। कई वर्ष मैं भी गया हूँ। इन महान ईसाई हस्तियों को सलाम।

## खास बात

### नव वर्ष की रोचक परंपराएं

**शिखर चंद जैन**

**नये** साल की शुरूआत में आतिशबाजी, सैर -सपाटा, खाना-पीना, पार्टी और मौज मस्ती तो सभी लोग करते हैं, लेकिन कई देशों में अनूठी, अलग परंपराएं भी निभाई जाती हैं।

**बोलिविया : केक में सिक्का**

बोलिविया के लोग नववर्ष के अवसर पर केक बेक करते समय उसमें एक सिक्का भी डाल देते हैं। माना जाता है कि केक खाते वक्त जिस व्यक्ति के पास यह सिक्का आता है, उसके लिए आना वाला साल शुभ होता है।

**दक्षिण अमेरिका : रंग-बिरंगे अंडरगारमेंट**

मैक्सिको, बोलिविया और ब्राजील जैसे दक्षिण अमेरिकी देशों में नये वर्ष पर भाग्य की दिशा अंडरपैंट के रंग से तय की जाती है। मान्यता है कि जो लोग नए साल में जीवन साथी या लवर की उम्मीद रखते हैं वे लाल रंग की अंडरवियर पहनते हैं जबकि धन की चाहत रखने वाले पीले रंग की अंडरपैंट पहनते हैं। अमन चैन और शांति की चाहत रखने वाले लोग सफेद अंडरपैंट पहनते हैं जो सादगी का भी प्रतीक है।

**बेलारूस : मुर्गा करे विवाह की भविष्यवाणी**

नये साल के शुभ अवसर पर बेलारूस में कुंवारी कन्याएं अपने सामने कॉर्न के दानों के ढेर लगाकर बैठ जाती हैं। फिर एक मुर्गे को खुला छोड़ दिया जाता है। माना जाता है कि जिसके सामने लगे ढेर को मुर्गा पहले खा लेता है सबसे पहले उसे ही जीवनसाथी मिलता है।

**ब्राजील : जलदेवी को पुष्पांजलि**

ब्राजील के लोग बुरी आत्माओं को डराने के लिए नववर्ष पर सफेद कपड़े पहनते हैं। साथ ही ये सात दिनों की प्रतीक सात लहरों पर जंप भी लगाते हैं और हर जंप के साथ अपनी एक मनोकामना पूर्ण होने की उम्मीद करते हैं। सदियों से कहते आए हैं बधाई हो....यही नहीं कार्ड को शीघ्रातिशीघ्र भेजने की सुविधा भी उपलब्ध है। भारतीय डाक विभाग तो क्रिसमस-डे, नये वर्ष, रक्षाबंधन, होली, दिवाली पर बधाई-पत्र भेजने के लिए अलग से विशेष इंतजाम करता है। चीन व मिश्र में ताम्रपत्र व इत्र की ऐसी शीशियां पाई गई हैं, जिनमें शुभकामनाएं दर्ज हैं।

# पापी को क्षमा

## विचार-प्रवाह

**अशोक प्रवृद्ध**

**नारद** के कथन अनुसार जो व्यक्ति मित्र सप्तमी का व्रत करता है तथा अपने पापों की क्षमा मांगता है सूर्य भगवान उससे प्रसन्न हो उसे पुनः नेत्र ज्योति प्रदान करते हैं।इस प्रकार मित्र सप्तमी का यह पर्व सबसे मित्रता व प्रीति करने की शक्ति तथा समस्त सुखों को प्रदान करने वाला व्रत है। मित्र सप्तमी के व्रत से मनुष्य कठिन कार्यों को भी संभव बनाने की ताकत रखता है और शत्रु को भी मित्र बनाने की क्षमता रखता है। इस संबंध में प्रचलित एक कथानुसार एक बार एक राजा ने सपने में देखा कि कोई साधु उससे कह रहा है कि कल रात एक विषैले सांप के डसनेसे तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सपने की बात से घबराया राजा अपनी आत्मरक्षा के लिए उपाय ढूंढने मे लग गया सोचते-सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई उपाय नहीं। अतः उसने पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगंधित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह-जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो उसे किसी प्रकार का कष्ट पहुंचाने की कोशिश न की जाये। रात को सांप अपनी बांबी से बाहर निकला और राजा के महल की तरफ चल पड़ा। वह जैसे - जैसे आगे बढ़ता गया, मार्ग मे अपने लिए की गई स्वागत व्यवस्था को देखकर आनन्दित होता गया। कोमल बिछौने पर लेटता हुआ मनभावनी सुगन्ध का रसास्वादन करता हुआ, जगह-जगह पर मीठा दूध पीता हुआ आगे बढ़ता था।

**प्रार्थना** शब्दों से ही नहीं होती ! परमात्मा तो उनकी भी सुनते हैं जो बोल नहीं पाते। प्रार्थना भावपूर्ण हृदय से निकली अरदास का वह झरना है, जो प्रभु का पादप्रक्षालन करता है।

- #सप्रेमहरिस्मरण

**-रमेशभाई ओझा, कथावाचक**

## आपके ट्वीट

झारखण्ड का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये मांगना कब से गुनाह हो गया?कब से वंचित लाखों परिवारों के लिए आवास मांगना गुनाह हो गया?क्या सरना आदिवासी धर्म कोड, 1932 खतियान और ओबीसी आरक्षण 27% मांगना गुनाह है? **-हेमंत सोरेन,सीएम**





**देश** हित की आवाज उठाने के लिए कांग्रेस शुरू से प्रतिबद्ध रही है।

कांग्रेस के स्थापना दिवस पर, हम सच्चाई और समानता के अपने इस संकल्प को दोहराते हैं।

जय हिंद!

**- राहुल गांधी, सांसद**

# ऑफिस पॉलिटिक्स में उपजे विवाद का हल उपनिषद से

## विचार

**कुमार गौरव**

**देवताओं** और दानवों के बीच युद्ध हुआ। बड़े-बड़े बलशाली दोनों खेमों से उतरे। खूब खून बहा। पराक्रमी देवता दानवों पर भारी पड़े। उन्होंने युद्ध जीत लिया। इसमें उनके खेमे के हर योद्धा का अहम योगदान था, लेकिन इसका श्रेय लेने के लिए कुछ देवताओं में होड़ मच गई।अग्निदेव और वायुदेव भी। लेकिन ये बातें भला देवों के देव ब्रह्मदेव से कब तक छुपी रह सकती थीं।

उन तक शिकायत पहुंची। ब्रह्मदेव को इन देवताओं के आचरण से बड़ी निराशा हुई। उन्हें लगा कि एक समूह की जीत और उसके श्रेय को मुट्ठी भर लोगों का बताया जा रहा है। ब्रह्मदेव ने इन्हें सबक सिखाने की ठानी। इसके लिए उन्होंने यक्ष का रूप धारण किया और देवों के उस खेमे में पहुंचे, जो खुद को युद्ध विजेता बता रहे थे। ये देवतागण उन्हें पहचान नहीं पाए। इंद्र ने यह पता लगाने के लिए कि उनके बीच कौन आ गया है, सबसे पहले अग्निदेव को भेजा। यक्ष ने कहा कि मेरे बारे में जानने से पहले यह बताओ कि तुम कौन हो? अग्निदेव ने अपना परिचय दिया और यह कहना भी नहीं भूले कि मुझमें इतनी ताकत है कि मैं धरती पर जो कुछ भी है, सबको जला सकता हूं। यक्ष ने इस पर कहा कि तुम्हें अपनी ताकत पर इतना ही भरोसा है और तुममें इतनी आग है, तो घास के इस तिनके को जलाकर दिखाओ। अग्निदेव को यह अपना अपमान लगा। उन्होंने कहा, अभी इस तिनके को राख में बदल देता हूं। ऐसा कह उन्होंने जोर की फूंक मारी। लेकिन यक्ष बने ब्रह्म के बल से आग का तिनके पर जरा भी असर नहीं हुआ। अग्निदेव का अहंकार जरूर जल गया। वह अपना-सा मुंह लिए इंद्र के पास लौट आए। इंद्र ने अग्नि का हाल सुना। उन्हें बड़ा अचरज हुआ। उन्होंने आनन-फानन में वायुदेव को यक्ष के पास जाने को कहा। वायुदेव गए। उनके सामने भी यक्ष ने वही सवाल किया। उन्होंने जवाब में अपनी बड़ाई में कसीदे पढ़े, तो यक्ष ने उनके सामने भी तिनका बढ़ा दिया। वायुदेव ने पूरा बल झोंक दिया। लेकिन सूखे घास का तिनका उनसे टस-से-मस नहीं हुआ। वायुदेव को लगा मानो उनका बल हवा में कपूर की तरह गायब हो गया। वह उल्टे पांव इंद्र के पास लौटे। इंद्र ने साथी देवताओं का यक्ष के सामने बुरा हाल होता देख खुद उसका सामना करने की ठानी। इंद्र का भी यक्ष ने वही हाल किया। लेकिन इंद्र लौटे नहीं। हार मान ली लेकिन वहीं रहे। यक्ष ने कहा कि मैं बताऊंगा तुम्हें अपना परिचय, मेरे पास आओ। इंद्र आगे बढ़े ही थे कि यक्ष रूपी ब्रह्म विलीन हो गए। वहां एक स्त्री दिखाई पड़ी। उसने इंद्र की बुद्धि से पर्दा उठाते हुए कहा : यह ब्रह्म थे, जिनके बल से देवताओं की विजय हुई है। आपके अकेले बल से यह नहीं हुआ है। यह कहानी केनोपनिषद् की है। इससे हमें कई सीख मिलती हैं, जिनका इस्तेमाल करके जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है। पहली सीख यह है कि अगर आप कोई भी जीत हासिल करते हैं, तो उसमें आप अकेले का रोल नहीं होता। बहुत-से दूसरे लोग भी उसमें अपनी-अपनी भूमिका निभाते हैं। दूसरी सीख यह कि हममें अगर कोई खास प्रतिभा है, तो हम दूसरे को अपने घमंड में तुच्छ या गया-गुजरा न समझें। हमारे सामने कोई भी किसी दिन आकर बड़ी लकीर खींच जाएगा। जैसे यक्ष का रूप धरकर ब्रह्म ने इंद्र, अग्नि और वायुदेव के सामने वह लकीर खींच दी, जिसके सामने तीनों बाहुबली बौने लगने लगे। तीसरी सीख यह कि कहीं से लज्जित या पराजित होने के बाद भी मन में सच जानने की गुंजाइश जरूर रखें। जैसी कि देवराज इंद्र में यह गुंजाइश थी।लेकिन अग्नि और वायुदेव में नहीं थी। उन्होंने अपनी हार से संतोष कर लिया। इंद्र हार के बावजूद जिज्ञासा की ओर मुड़ गए। उनके घमंड की दीवार मन में ढह गई।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### संकट के बीज

**अर्थशास्त्र** के मूल नियम घटते सीमांत तुष्टीकरण के नियम को आधार बनाकर हमारी आर्थिकी में कोरोना के बीज होने की व्याख्या की है। प्रकृति से अधिक दोहन और छेड़छाड़ के कारण विपरीत स्थिति बन रही हैलेकिन वह प्रकृति से अलग हो जाता है। हमें अपनी इच्छाओं को सीमित करना चाहिए ताकि ग्लोबल वार्मिंग न हो और मनुष्य को बीमारियों से बचाया जा सके। **- सुनील सिंह, रांची**

### समाधान निकालें

**सरकार** किसानों से बातचीत के बाद तीनों कृषि कानूनों में हर प्रकार का संशोधन करने को तैयार दिख रही है। किसान तीनों कृषि कानून रद्द करने की अपनी बात पर डटे हुए हैं। यही लग रहा है कि दोनों पक्ष एक-दूसरे के सामने झुक तो रहे हैं पर पूरी तरह झुकने को कोई तैयार नहीं है। वैसे भी इस कोरोना काल में आंदोलन समाधान का हल नहीं है।

**- नवजोत, हजारीबाग**

# भारत बना जी-20 का अध्यक्ष वैश्विक नेतृत्व का अवसर

## सामयिक

**श्याम जाजू**

**दुनिया** भर में फैली अस्थिरता, आर्थिक विषमता और प्रतिकूलता के मध्य विगत एक दिसंबर को भारत ने जी 20 समूह के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाल लिया। जी 20 दुनिया के सफलतम देशों का संगठन है जिसके सदस्य देश-दुनिया की दो तिहाई आबादी के साथ वैश्विक सकल उत्पाद के 85% हिस्से, अंतरराष्ट्रीय व्यापार के 75% हिस्से और विकास में वैश्विक निवेश के 80% हिस्से पर काबिज हैं। ऐसे सशक्त और प्रभावी संगठन का अध्यक्ष बनना वैश्विक परिदृश्य पर भारत के एक महत्वपूर्ण देश के रूप में उभरने का एक अहम संकेत है।

भारत को जी 20 समूह के देशों के नेतृत्व की जिम्मेदारी ऐसे समय पर मिली है जब पूरी दुनिया सदी में एक बार आने वाली विघटनकारी महामारी, संघर्षों और बहुत सारी आर्थिक अनिश्चितता के बाद के प्रभावों से गुजर रही है। जिसकी वजह से अनेक देशों को उच्च मुद्रास्फीति, भोजन, उर्वरक और ऊर्जा की कमी, बेरोजगारी, आर्थिक विषमता आदि समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

इसके अलावा जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, परमाणु प्रसार आदि अन्य चुनौतियां वैश्विक अर्थव्यवस्था और समुदाय को लगातार अस्थिर कर रही हैं। कह सकते हैं भारत को काँटों का ताज मिला है।

चुनौती यदि बड़ी है तो अवसर भी उतना ही बड़ा है। आज सारा विश्व भारत की तरफ देख रहा है। जिस तरह भारत अपने साहसिक और दूरदर्शी नेतृत्व और विवेकपूर्ण नीतियों के बल पर कोविड-जन्य विपरीत परिस्थितियों पर पार पाने में सफल हुआ है, वह सारे विश्व को अचंभित करने वाला है।

कोविड-19 महामारी और रूस-यूक्रेन संघर्ष के झटकों से निपटने में अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के कारण, भारत एक अंधेरे और उदास वैश्विक परिदृश्य में आशा की किरण के रूप में उभरा है। जहाँ जी 20 में सम्मिलित विश्व की अनेक बड़ी अर्थव्यवस्थाएं मुद्रास्फीति, घटती उत्पादकता, बढ़ती बेरोजगारी और आने वाली मंदी की आशंका से जूझ रही हैं, वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़ रही है।

स्टॉक मार्केट अपने उच्चतम स्तरों पर है। स्टार्ट-अप संस्कृति छोटे-छोटे शहरों में भी पाँव पसार रही है, चहुँ तरफ निवेश भारत में आ रहा है। विदेशी मुद्रा का बड़ा भंडार देश के पास है। वैक्सीन मैत्री के माध्यम से दुनिया के अनेक देशों को वैक्सीन प्रदान कर महामारी से बचाया।

यह भारत का विश्वरूप था जिसे पूरी दुनिया ने देखा और सराहा। 'वसुधैव कुटुम्बकम' की जिस अवधारणा को हम हमेशा से जीते आये हैं उसे भारत ने साकार कर दिखाया और न केवल आर्थिक और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत ने अप्रतिम सफलता दिखाई बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में नए प्रतिमान स्थापित कर दिए। जहाँ आज सारा विश्व अलग-अलग खेमों में बंटा हुआ दिखता है वहीं भारत एक ऐसा देश बन गया है जिसके या तो सभी दोस्त है फिर जो नहीं है वो बनना चाहते हैं। रूस और अमेरिका जैसे दो धुर विरोधी, दोनों ही भारत को अपना निकट का मित्र मानते हैं।

वहीं इजराइल और अरब लीग के देश भले ही एक दूसरे के विरोधी हो, भारत के वे दोनों ही अच्छे दोस्त हैं। ऐसे भारत का चमत्कारी नेतृत्व आज जी 20 के शक्तिशाली समूह को मिला है। निःस्संदेह न सिर्फ जी 20 के देश बल्कि सारा विश्व आज भारत की तरफ टकटकी लगाए देख रहा है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 94313-55233

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## पंचायत का चहुंमुखी विकास व समस्याओं का समाधान ही मेरा उद्देश्य : व्यास पांडेय

**बासल (रामगढ़)।** सुंदरनगर पंचायत में बुधवार को जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया व्यास पांडेय व संचालन पंचायत समिति सदस्य रोहित सोनी ने किया। बैठक में ग्रामीणों ने जन समस्याओं से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। साथ ही भुरकुंडा ओपी के समीप हो रहे लगातार हेलमेट जांच पर रोक लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि लगातार वाहन जांच के दौरान हो रहे हेलमेट जांच के कारण भुरकुंडा का बाजार प्रभावित हो रहा है। जांच के डर से कई लोग बाजार नहीं पहुंचते। मौके पर मुखिया व्यास पांडेय ने कहा कि हर हाल में जन समस्याओं का समाधान होगा। पंचायत का चहंमुखी विकास व समस्याओं को समाधान मेरी प्राथमिकताओं में शामिल है। वहीं हेलमेट जांच मामले पर मुखिया श्री पांडेय ने कहा कि पुलिस-प्रशासन से मिलकर इस दिशा में बात की जायेगी। उन्होंने सकारात्मक पहल करवाने का आश्वासन दिया।

## सचिव धर्मराज राम ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से की मुलाकात जताया आभार

**कुजू।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटि के नवमनोनीत सचिव धर्मराज राम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यमंत्री राजेश ठाकुर से मिलकर अपने मनोनयन पर आभार जताया। रांची में औपचारिक मुलाकात के दौरान श्री राम ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को बुके देकर धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास और उम्मीद से जो जिम्मेदारी मुझे दी है,मै उसे ईमानदारी से निभाउंगा। पार्टी को सुदृढ़ करने व जनाधार बढ़ाने में वे कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

## मध्यदेशीय वैश्य समिति के 2023-26 के अध्यक्ष पद का चुनाव 8 जनवरी को

**रामगढ़।** मध्यदेशीय वैश्य समिति, रामगढ़ का सत्र 2023-26 का अध्यक्ष पद का चुनाव जो कि आगामी 8 जनवरी 2023 को होने वाला है। इसके अध्यक्ष पद के लिए रूपेश गुप्ता ने चुनाव समिति के पदाधिकारियों के समक्ष अपना नामांकन किया। रूपेश गुप्ता पहले भी कई संगठनों से जुड़े रह हैं। उन्हें रोटरी इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3250 (झारखंड, बिहार) के सत्र 2023-24 के मेंबरशिप जोनल चेयर बनाया गया है। वर्तमान में रेड क्रॉस सोसाइटी, रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स, रामगढ़ बार एसोसिएशन, झारखंड सेवा समिति, थाना चौक दुर्गा पूजा समिति तथा थाना चौक छठ पूजा समिति के सदस्य हैं। उनके पिता गणेश प्रसाद गुप्ता भी पूर्व में मध्यदेशीय वैश्य समिति रामगढ़ के तीन बार अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्हीं अध्यक्षीय कार्यकाल में गणिनाथ धर्मशाला एवं गणिनाथ मंदिर का निर्माण हुआ था।

## रेलवे साइडिंग में घटित घटना की निंदा

**कुजू।** जदयू रामगढ़ जिला अध्यक्ष ज्योतेंद्र प्रसाद साहू ने हाल हीं में कुजू रेलवे साइडिंग में हुई खूनी टकराव की घोर निन्दा की है। जारी विज्ञप्ति के माध्यम से उन्होंने कहा है कि कुजू रेलवे साइडिंग में तीन दिनों पूर्व घटित घटना की जितनी निंदा की जाए कम होगी। कुजू साइडिंग के लिए यहां के लोगों ने अपनी उपजाऊ जमीन दी है। लोग विस्थापित प्रभावित हुए हैं। ऐसे में यहां के लोगों को साइडिंग के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने का प्रथम अधिकार है।

## उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

रामगढ़। उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, पेंशन, सहायत राशि, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# भवन प्रमंडल हजारीबाग में टेंडर घोटाला

### टेंडर मैनेज की शिकायत पर सदर विधायक समर्थकों संग कार्यपालक अभियंता के कार्यालय पहुंचे

### पिछले 1 महीने के टेंडर का जाना हाल, स्थिति देख भड़के, कहा- आप सरकार के पक्ष में काम करते हैं या सिर्फ स्वहित साधते हैं

खबर मन्त्र संवाददाता



सदर विधायक मनीष जायसवाल व अन्य।

**हजारीबाग।** भवन प्रमंडल, हजारीबाग के अधिक के विकास योजनाओं के हो रहें टेंडर में दादागिरी और खुलेआम टेंडर मैनेज की शिकायत पाकर रूष्ट हुए हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल अपने दर्जनों समर्थकों संग बुधवार को कार्मेल स्कूल के पीछे आईएमए बिल्डिंग के समक्ष अवस्थित भवन प्रमंडल, हजारीबाग के कार्यलापक अभियंता सुनील कुमार के दफ़्तर पहुंचे। यहां पहुंचते ही विधायक मनीष जायसवाल ने कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार से पूछा की आप सरकार के पक्ष में काम करते हैं या सिर्फ स्वहित साधते हैं। अप पारदर्शी तरीके से टेंडर पेपर न बेचवाकर इसे खुलेआम मैनेज क्यों करते हैं? विधायक मनीष जायसवाल ने एक टेंडर का हवाला देते हुए कहा कि पिछले 22 दिसंबर को एक टेंडर हो जाने के बाद आप उसका नोटिस निकलवा ते हैं तो क्या आप यहां गुंडागर्दी और दादागिरी कर रहे हैं? विधायक मनीष जायसवाल के सवालों का जवाब देने के बदले कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार ने चुप्पी साध लिया। आगे विधायक मनीष जायसवाल ने उनसे पिछले एक महीने में हुए टेंडर का डिटेल्स मांगा। विधायक मनीष जायसवाल इन टेंडर की स्थिति को देख हतप्रभ रह गए। उन्होंने टेंडर की स्थिति देखने के क्रम में पाया की हरेक यूनिट में महज 2-3 पेपर ही डाले गए हैं। इसे देख विधायक मनीष जायसवाल भड़क गए और कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार को फटकार लगाते हुए कहा कि आप टेंडर भेजते हैं अगर आप पारदर्शी हैं तो फिर क्यों नहीं समाहरणालय भवन या थाने में अपना पेपर भी को आते हैं ताकि टेंडर की प्रक्रिया लोकतांत्रिक हो सके और अधिक से अधिक आमजन इस टेंडर प्रक्रिया में सम्मिलित होकर भागीदार बन सकें। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि आप विश्वास के लायक नहीं हैं और आपकी इस कृत्य को हम राज्य सरकार तक लेकर जाएंगे और आने वाले विधानसभा के बजट सत्र में भी इस मामले को पुरजोर तरीके से उठाएंगे और आपके जैसे अविश्वसनीय अधिकारी को तत्काल निलंबित करने के साथ आपके द्वारा किए गए पीछे के सभी टेंडर को रद्द करने और आगे से किसी सुरक्षित स्थल पर टेंडर प्रक्रिया करवाने की मांग करेंगे। विधायक मनीष जायसवाल ने इस गंभीर मामले को सरकार तक लेकर जाने और आगामी विधानसा सत्र में इसे पुरजोर तरीके से उठाने की भी बात कही। उन्होंने इस संबंध में हजारीबाग उपायुक्त से भी संपर्क साधा लेकिन उपायुक्त वीसी में होने के कारण उनसे बात नहीं हो पाई। विधायक मनीष जायसवाल ने उपायुक्त से भी आग्रह किया कि संबंधित विभाग का टेंडर या तो समाहरणालय स्तर से हो या फिर किसी थाने परिसर में कराया जाए ताकि आमजन भी पारदर्शी तरीके से टेंडर डाल सकें। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल के साथ उनके सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि बंटी तिवारी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी अविनाश कुमार यादव मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# विष्णुगढ़ प्रखंड उपमुखिया संघ का गठन, राहुल बने अध्यक्ष



विष्णुगढ़ मुखिया संघ का गठन किया गया।

खबर मन्त्र संवाददाता

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के पंचायतों के उपमुखिया की बैठक मंगलवार को होटल अतिथि सत्कार के सभागार में हुई। इसकी अध्यक्षता बेड़ा हरियारा पंचायत के उपमुखिया राहुल कुमार गुप्ता ने की।

बैठक में विष्णुगढ़ प्रखंड उपमुखिया संघ का गठन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राहुल कुमार गुप्ता अध्यक्ष, उपाध्यक्ष रीना देवी तथा अनुराग बर्मन, सचिव अब्दुल करीम, सहसचिव इरफान अंसारी तथा कोषाध्यक्ष पूनम कुमारी का मनोनयन किया गया। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में सुनील कुमार, बिनोद रजक, ललिता देवी, बाबूचंद हेम्ब्रम, दौलत महतो, प्रमिला देवी मनोनीत किए गए। बैठक में कई मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। सरकारी कार्यक्रमों समेत अन्य गतिविधियों में प्रखंडस्तरीय अधिकारियों द्वारा उपमुखिया की अनदेखी, पंचायतों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुट होने का निर्णय लिया गया।

### यूं ही बदनाम है भगहर, कई गांव तो उससे भी आगे निकले...

# छापेमारी में मिलीं अवैध देसी शराब की भट्ठियां



जब्त शराब की पेटियां।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चौपारण।** चौपारण पुलिस ने लगातार अवैध कारोबारियों पर प्रहार कर उनकी जान हलक में ला दिया है। रविवार को जहां 75 एकड़ में लगा अफीम को नष्ट किया गया वही मंगलवार को ककरौला में लगभग 4 हजार लीटर महुवा शराब को नष्ट किया गया। मामला यहीं नही रुका और बुधवार को मध्यगोपाली में इससे भी ज्यादा करीब 5 हजार लीटर महुवा शराब को नष्ट किया गया। चौपारण थाना प्रभारी शम्भू नंद ईश्वर के सफल नेतृत्व में अवैध कारोबारियों पर लगातार पड़ रहे बाउंसर से उन्हें समझ नही आ रहा है कि कैसे शॉर्ट खेला जाय या फिर हिट विकेट हो कर मैदान छोड़ दिया जाय। हजारीबाग एसपी के निर्देश पर उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह और राजू नयन सिंह के नेतृत्व में चौपारण थाना के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र अहरी जंगल और चोरदाहा जंगल से अवैध विदेशी शराब 15 पेटी उत्पाद विभाग ने किया जप्त।

राजू नयन सिंह ने बताया कि शराब की कीमत 1 लाख 50 हजार रुपये की बताई जा रही है शराब माफिया राहुल केसरी, अरबिंद केसरी और सकलदेव पासवान उर्फ सकला पर मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि नए साल 2023 को लेकर शराब माफिया ने चौपारण से बिहार भेजने के फिराक में जुटे थे कि इसी बीच उत्पात विभाग को खबर लग गई और उक्त कार्रवाई की गई।

### कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं : बिनोद यादव

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से पार्टी को मिली नयी ऊर्जा : मन्नान

### कांग्रेस प्रखंड कार्यालय में पार्टी ने मनाया 138वां स्थापना दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता



कांग्रेस के 138वें स्थापना दिवस पर जुटे कांग्रेसी।

**बरही।** कांग्रेस पार्टी बरही इकाई के कार्यकताओं ने कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी के 138वां स्थापना दिवस समारोह बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया।प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय में चरखा झंडा फहराया गया।कांग्रेस जिला महासचिव बिनोद यादव ने कांग्रेस पार्टी के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया कि आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी ने भारत जैसे बिखरे देश को संगठित करते हुए आर्थिक व समृद्धि के लिए मजबूती प्रदान करने में बड़ी भूमिका है।वहीं भाजपा पार्टी नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश की लुटिया डुबोने के लिए समर्पित है। कहा केंद्र सरकार द्वारा मात्र जुमलों के आधार पर लालच के द्वारा आमजनों को भरमाने का काम कर रही है।युवाओं के लिए अग्निपथ योजना लाकर युवाओं के भविष्य खराब करने पर तुली हुई है। युवाओं से कहा कि देश में भाजपा हर राज्य में सत्तासीन होने के लिए पैसे के बल पर खरीद-फरोख्त की राजनीति कर रही है, जो ज्यादा दिन तक नहीं चलने वाली है। उन्होंने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा जबतक सत्ता में कांग्रेस नहीं आएगी तबतक देश में अमन, चैन, शांति नहीं मिल सकती है। प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि भारत के मूल सिद्धांतों पर लगातार हमले हो रहे हैं। पूरे देश में नफरत का माहौल बनाने का काम कर रही है।

एक नजर में

## कोरोना के नये वेरिएंट बीएफ-7 के लिए तैयार है अनुमंडलीय अस्पताल बरही

**बरही।** कोरोना के नए वेरिएंट बीएफ-7 के थ्रेट यानी आने वाले संकट की आहट को ध्यान में रखते हुए बरही अनुमंडलीय अस्पताल पूरी तरह तैयार है। जानकारी देते हुए बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि कोविड के नए वेरिएंट से लड़ने के लिए अस्पताल प्रबंधन पूरी तरह से तैयार है।अस्पताल में 250 एलपीएम कैपिसिटी का ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किया गया है। वहीं अस्पताल में ऑक्सीजन युक्त 25 बेड बनाया गया है। साथ ही 135 ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध है। आपातकालीन समय में मरीजों को एक जगह से दूसरे जगह ले जाने के लिए अस्पताल का एक अपना एंबुलेंस एवं आवश्यकता अनुसार 108 एंबुलेंस की भी व्यवस्था है। डीएस ने कहा कि हमने जिला से एक मोक्ष वाहन, मैन पॉवर और कई जरूरी कोविड़ से संबंधित दवाओं की उपलब्धता की मांग किया है। उन्होंने जनता से अपील किया है कि कोविड के नए वेरिएंट बीएफ-7 के संभावित संकट को देखते हुए कुछ जरूरी सावधानी अपनाने की आवश्यकता है, जैसे लगातार सेनेटाइजिंग करना, सार्वजनिक स्थानों पर थर्मल स्कैनिंग, हैंड वॉश करना, मास्क का प्रयोग करना एवं साफ सफाई का विशेष ख्याल रखने की आवश्यकता है।

## अंकित कुमार पांडेय को किया गया सम्मानित

**दारू।** लर्न इंडिया स्कूल के फाउंडर एंड सीईओ मुकेश प्रसाद ने यूपीएससी इंजीनियरिंग सेवा मैं पूरे भारत में 6 रैंक लाने वाले अंकित कुमार पाण्डेय को बुधवार को स्कूल प्रांगण में बुके देकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। मुकेश प्रसाद ने कहा कि अंकित कुमार पांडेय ने दारू प्रखंड के साथ साथ पूरे हजारीबाग जिला को देश भर में नाम रोशन किया है। लर्न इंडिया स्कूल के हेड सरस्वती कुमारी ने कहा अंकित कुमार दारू प्रखंड में प्रत्येक विद्यार्थी का आदर्श बन गए है सभी विद्यार्थी अंकित कुमार पांडेय जैसा बनना चाहते हैं। अंकित कुमार पांडे ने लर्न इंडिया स्कूल के बच्चों से बात की और प्रतियोगी परीक्षा के बारे मे बताए और उज्जवल भविष्य कामना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कूल की शिक्षिका सुमन कुमारी, पम्मी कुमारी, सरस्वती कुमारी, शगुफ्ता प्रवीण, अधिवक्ता किशोरी मोहन प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## 200 गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित

**भदानीनगर (रामगढ़)।** जय नंदिनी कोमोडीटित प्राइवेटि लिमिटेड एवं इंदु मिश्रा मार्क डील प्राइवेटि लिमिटेड के तत्वावधान में बुधवार को भदानीनगर क्षेत्र के भुरकुंडा रेलवे साइडिंग में 200 गरीबों-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। नेपाल यादव, धनंजय यादव एवं भगवान यादव उर्फ बबलू यादव के सौजन्य से 200 वृद्ध, गरीब-असहाय, महिला-पुरूषों को कंबल दिया गया। मौके पर नेपाल यादव, धनंजय यादव एवं भगवान यादव उर्फ बबलू यादव ने कहा कि बढ़ते ठंड को देखते हुए आगे भी अन्य जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जायेगा।

## नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास

**कुजू।** कुजू पश्चिमी पंचायत मुखिया जय कुमार ओझा उर्फ बूच बाबा ने बुधवार को अपने फंड से नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़कर किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि मुखिया फंड से पंचायत अंतर्गत डटमा मोड़ अलंकार सिनेमा के पास मोहम्मद हसनैन के घर से दिलीप बनर्जी के घर तक 300 फीट नाला निर्माण ढक्कन सहित कराया जाएगा। जिसकी प्राक्कलित राशि तीन लाख 71 हजार रूपए है। नाला के नहीं होने से घरों से बाहर निकलने वाला दूषित पानी सड़क पर जमा हो रहा है। लोगों को आवागमन में असुविधा होती है। इसी को ध्यान में रखकर प्रथमिकता के तौर पर नाला निर्माण कराने का निर्णय लिया गया। उन्होंने मौजूद लोगों से गुणवत्ता युक्त कार्य के लिए ध्यान रखने की बात कही।

## देवरिया पैक्स के प्रति किसानों का बढ़ रहा है विश्वास : मुंडा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर पंचायत के हुरूमगढ़ा कूप मैदान स्थित देवरिया पैक्स के धान अधिप्राप्ति केंद्र में मात्र 10 दिनों में ही किसानों ने 2000 क्विंटल धान बेचा है। उक्त जानकारी देते हुए देवरिया के पूर्व पैक्स अध्यक्ष राजदेव मुंडा ने बुधवार को प्रेस बयान जारी कर बताया कि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा पर देवरिया पैक्स में खुले क्रय केंद्र से किसानो को बहुत लाभ मिला रहा है। यहां पर पैक्स खुलने से किसानों को अतिरिक्तसमय के साथ-साथ अतिरिक्तखर्च की भी बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि विधायक की अनुशंसा सही साबित हुई।

## कांग्रेस ने ही देश को सुई बनाने से जहाज बनाने तक की फैक्ट्रियां स्थापित की थी : सुजीत पटेल

**भुरकुंडा ( रामगढ़ )।** पतरातू प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का 138वां स्थापना दिवस धूमधाम से समारोह पूर्वक पतरातू पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में मनाया गया इसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने की। स्थापना दिवस के अवसर पर आवासीय कार्यालय में सर्वप्रथम पार्टी का झंडोत्तोलन करते हुए सामुहिक रूप से केक काटकर 138वां स्थापना दिवस मनाया गयो साथ उपस्थित लोगों को बीच मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल ने कहा कि यह वही पार्टी है जिसके नेतृत्व ने देश को अंग्रेजों से आजाद कराया था। साथ ही देश को कई सार्वजनिक वं सरकारी संस्थाएं उद्योग रेलवे, सेल, भेल, एनटीपीसी, एयर इंडिया, बीएसएनएल (दूरसंचार) सहित हजारों निजी कंपनियों की स्थापना रोजगार सृजन कराया थो उन्होंने कहा की आज देश में जो भी संरचना स्थापित है वह कांग्रेस के द्वारा ही निर्मित कि गई है।

### आइलेक्स पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कोलकाता में शैक्षणिक भ्रमण किया

# भ्रमण से विद्यार्थियों का बौद्धिक विकास होता है : शैलेश कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता



शैक्षणिक भ्रमण के दौरान आइलेक्स के विद्यार्थी।

**बरही।** पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों छुटियों के दौरान शैक्षणिक भ्रमण पर कोलकाता जैसे महानगर की स्थिति से अवगत हुए।बताते चलें कि आईलेक्स पब्लिक स्कूल में बच्चों के लिए छुट्टियों के दौरान कई ऐतिहासिक जगहों पर शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया है। जिसके प्रथम चरण में बच्चे राजगीर नालंदा जाकर वहां के भौगोलिक व ऐतिहासिक स्थिति से अवगत किया गया। दूसरे चरण में बच्चों को कोलकाता ले जाया गया।विद्यालय में अध्ययनरत 45 बच्चों की टीम विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार एवं अन्य शिक्षकों की देखरेख में बरही से कोलकाता के लिए रवाना हुई। इसी दौरान बीच में दुगार्पुर में स्थित एनआईटी दुगार्पुर का भी भ्रमण बच्चों ने किया। बच्चे रात 9 बजे कोलकाता पहुंचे। 27 दिसंबर को बच्चे कोलकाता भ्रमण के लिए निकले। जहां सबसे पहले बच्चे हावड़ा ब्रिज एवं बिरला मंदिर गए, जहां उन्होंने राधा कृष्ण की प्रतिमा का दर्शन किया। साथ ही गंगा नदी के तट पर भी उन्होंने भ्रमण किया। इसके पश्चात बच्चे ईडन गार्डन देखते हुए विक्टोरिया मेमोरियल गए, विक्टोरिया मेमोरियल में बच्चों ने वहां स्थित म्यूजियम पार्क आदि का भरपूर लुफ्त उठाया। बच्चों ने वहां जमकर फोटोग्राफी भी की। बच्चों को साइंस सिटी ले जाया गया, जो विज्ञान प्रेमियों के साथ साथ भारतीय और विदेशी पर्यटकों के लिए भी कोलकाता का एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र बिंदु है। बता दे कि साइंस सिटी विज्ञान और मनोरंजन के साथ शिक्षा का एक आदर्श मिश्रण है। डायनमोशन हॉल, अर्थ एक्सपलोरेशन हॉल, स्पेस ओडीसी, मैरिटाइम सेंटर, साइंस पार्क, एक्सपलोरेशन हॉल बच्चों के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे, बच्चों ने यहां साइंस से जुड़ी बहुत सारी बातों का अध्ययन किया। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने बताया कि समय-समय पर इस तरह के आयोजन से बच्चों में ज्ञान का विकास होता है तथा उनकी बौद्धिक क्षमता भी बढ़ती है। पढ़ाई किताब कॉपी के द्वारा नहीं बल्कि व्यवहारिक ज्ञान के द्वारा कराई जाती है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत भृमणआवश्यक है।

## गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश उत्सव पर चौथे दिन की प्रभात फेरी निकली



निशान साहिब का स्वागत करते लोग।

**रामगढ़।** शहर बिखे भव लयो पटना शहर बिखे, मेरा वैध गुरु गोविंदा, गोविंद के गुण गाओ साधो, औखी घरी न देखन देई अपना बिरद समाले आदि शब्दों के साथ संगत निहाल हो रहे थे। सर्वस्व दानी दशमेश पिता साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा की अगुवाई में अहले सुबह बुधवार को चौथे दिन बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में उत्साह के साथ संगत शामिल हुए। गुरवाणी से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कड़ाके की ठंड होने के बावजूद संगत में उत्साह की कमी नहीं है। सब बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। प्रभात फेरी में रामगढ़ सिख संगत गुरुवाणी का गायन करते हुए भ्रमण कर रहे थे। प्रभात फेरी चौथे दिन रामगढ़ गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से शुरू होकर किला मंदिर, चट्टी बाजार, वैष्णो देवी मंदिर होते हुए सुभाष चौक होकर गुरुद्वारा साहेब पहुंची।

# कोरोना के मद्देनजर उपायुक्त ने किया सदर अस्पताल रामगढ़ व ट्रॉमा सेंटर का निरीक्षण

### कहा- बिना फेस कवर/मास्क लगाये किसी भी व्यक्ति को परिसर में ना दें प्रवेश

खबर मन्त्र संवाददाता



निरीक्षण करतीं उपायुक्त।

**रामगढ़।** कोरोना के मद्देनजर बुधवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने छत्तरमांडू स्थित सदर अस्पताल रामगढ़ व पटेल चौक के समीप ट्रामा सेंटर का निरीक्षण किया। सदर अस्पताल रामगढ़ के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार से कोरोना के मद्देनजर की गई तैयारियों की जानकारी ली। इस संबंध में सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि मंगलवार को सदर अस्पताल व ट्रामा सेंटर रामगढ़ में अवस्थित पीएसए प्लांट, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर एवं अन्य स्वास्थ्य उपकरणों का ड्राई रन व किसी भी व्यक्ति के कोरोना से संक्रमित होने के उपरांत उनके उपचार हेतु अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के तहत मॉक ड्रिल किया गया है। मौके पर उपायुक्त ने सिविल सर्जन को सभी स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मियों को कोरोना संबंधित कार्यों को लेकर प्रशिक्षण व इस संबंध में पूरी जानकारी देने का निर्देश दिया।

# तेली समाज को करूंगी संगठित : अंबा

**राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का जिला सम्मेलन सह वनभोज संपन्न**

खबर मन्त्र संवाददाता




**डुमरी।** राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन का जिला स्तरीय सम्मेलन सह वनभोज का आयोजन बुधवार को डुमरी प्रखंड के प्रसिद्ध टांगीनाथ धाम परिसर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिलीप निलेश ने की। कार्यक्रम में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव, राष्ट्रीय साहू तेली महा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू सहित के प्रदेश के नेता शामिल हुए। कार्यक्रम जिला स्तरीय सम्मेलन व वनभोज से बदलकर राजनीतिक रूप ले लिया। वक्ताओं ने भाजपा को आड़े हाथों लिया।

राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि तेली समाज भाजपा को वोट देती है लेकिन भाजपा समाज के लोगों को कभी भी पार्टी का टिकट नहीं देती है। बल्कि तेली समाज के फोटो से जीत कर समाज के लोगों का ही शोषण करती है। झारखंड में राजपूत, भूमिहार व लाला 5 प्रतिशत ही है लेकिन भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टी केवल इन्हें ही टिकट देती है। देश को संचालित करने वाले तीन स्तंभ न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका में भी तेली समाज के लोगों के कितने युवा रोजगार करते हैं यह समाज को सोचने की जरूरत है। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन को पूरी तरह संगठित कर समाज को आर्थिक सामाजिक व राजनीतिक रूप से मजबूती प्रदान करना है। ताकि समाज के लोगों को उनका हक व अधिकार मिल सके। उन्होंने टांगीनाथ जैसे ऐतिहासिक स्थल के विकास के लिए कदम उठाने की बात कही। साथ ही कहा कि टांगीनाथ धाम जाने के लिए एक बेहतर सड़क भी नहीं है। उन्होंने कहा कि स्थानीय सांसद व विधायक को इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है। पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने कहा कि टांगीनाथ धाम में ईश्वर का वास है आज हां ईश्वर का वास होता है उसका विकास तो होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि टांगीनाथ धाम के विकास से जहां लोगों को रोजगार मिलेगा वहीं पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय तेली महा संगठन प्रदेश में एक शक्ति के तौर पर उभर रही। शक्ति का उपयोग करें समाज को उसका राजनीतिक अधिकार दिलाया जा सकता। कार्यक्रम में स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष दिलीप नीलेश ने दी। कार्यक्रम में संजय साहू, गोपाल साहू, प्रदीप साहू, महेश लाल, संजय कुमार साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

**समाज के हर नागरिक के अधिकारों की रक्षा करना कर्तव्य :** छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज चैनपुर ने बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद व पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र प्रसाद के पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि वेश कीमती समय राज्यों व यहां के नागरिकों के उत्थान में लगा है। यहां आने का मुख्य उद्देश्य समाज के लोगों को जोड़ना है और समाज को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि एक-एक नागरिक के अधिकार की रक्षा करना उनका कर्तव्य है। युवा अपने असीम ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाकर समाज को नई दिशा दे सकते हैं। हमारी कोशिश समाज को एक जुट करना है। पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साहू ने कहा कि समाज के लिए मैं हमेशा साथ रहूंगा समाज के हर सुख दुख में मेरी उपस्थिति रहेगी। तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि समाज का उत्थान, समाज का एकता, समाज की कुशलता और शिक्षित समाज जिस तरह समाज के लोग योगदान दे रहे हैं। सभी को दिल से स्वागत है। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष संजय साहू, जिला महामंत्री विनोद कुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष महेश लाल, संरक्षक चंदेश्वर प्रसाद, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष रामदेव साहू, गणेश साहू युवा अध्यक्ष मनोज कुमार सचिव रन्थु साहु, पोखन साहू, श्याम साहू, ज्योति देवी, सुषमा देवी, अशोक साहू, मुन्नी देवी, अनीता देवी, सरिता देवी, प्रियांशु कुमार, चंदन कुमार, अजय साहू, विनोद साहू, अरुण साहू, राहुल कुमार, विजय साहू के साथ समाज के सैकड़ों की संख्या में साहू के महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### नंदनी डैम पिकनिक स्पॉट का थाना प्रभारी ने किया निरीक्षण



**भंडरा ।** नंदनी डैम पिकनिक स्पॉट का बुधवार को भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने निरीक्षण किया। नववर्ष पर यहां पिकनिक मनाने के लिए बड़ी संख्या में सैलानियों की भीड़ जुटती है। उन्होंने कहा कि पहली जनवरी से लेकर तीन जनवरी तक पिकनिक के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पिकनिक स्थलों पर गश्त लगाती रहेगी। इसके बाद अन्य दिनों में भी पिकनिक स्पॉट पर पुलिस नजर रहेगी। थाना प्रभारी ने पिकनिक मनाने वालों से शराब पीकर बाइक नहीं चलाने, पिकनिक के दौरान नदी की गहराई में नहीं उतरने तथा शाम ढलने के पूर्व ही घर लौट जाने की अपील की है।

### हत्या मामले में तीन नाबालिग गिरफ्तार

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना पुलिस ने बरवाटोली लोहरदगा से तीन नाबालिग को गिरफ़्तार कर बाल सुधार गृह भेज दिया है। थाना प्रभारी धनंजय पासवान ने कहा कि सेन्हा थाना कांड संख्या 83/21 दिनाक 23 अक्टूबर 2021 को प्राथमिकी दर्ज कर धारा 304,201,427,120 बी के तहत कारवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार बाल सुधार गृह गुमला भेज दिया गया। तीनो नाबालिक को निवास स्थान से गिरफ्तार किया गया है। 23 अक्टूबर को चारो कोयल नदी चितरी डांडू नहाने गये हुए थे। उसी दौरान तीन लड़का कोयल नदी में नहाने के लिए उतरे जिसमें दो को तैरने नही आता था। नहाने के दौरान दो लड़का गहरे पानी में जाने से डूबने लगे तभी तीसरा लड़का एक को बचाने में समर्थ रहा वहीं एक लड़का का डूबने से मौत हो गई।

### 45 लोगों का कटा बिजली कनेक्शन

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बिजली विभाग की टीम ने प्रखंड के अलौदी पंचायत के चंदवा गढगांव ग्राम पहुंचकर बिजली उपभोक्ताओं की राशि बकाया होने पर 45 बिजली उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन कटा। सभी उपभोक्ता को बिजली बिल जमा करने का निर्देश दिया गया। बिल जमा करने के बाद ही बिजली कनेक्शन देने की बात कही गई।वही बिजली विभाग की टीम वापस सेन्हा बरवाटोली ग्राम में अवैध रूप से बिजली की चोरी करने वाले 8 लोगों को पकड़ा। विभाग के अभियंता सुजीत कुमार ने बताया कि सेन्हा बरवाटोली में छापामारी अभियान चलाया गया। जहां पर 8 लोगों द्वारा अवैध रूप से टार में हुक लगाकर बिजली की चोरी किया जा रहा था। जिस पर प्राथमिकी दर्ज होगी। इसके अलावा चंदवा गढ़गांव में 45 लोगों का बिजली कनेक्शन काटा गया है और सभी से बकाया राशि देने को कहा गया है।

### सुखाड़ राहत को लेकर सत्यापन



कैरो।राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत तीन हजार पांच सौ रूपया मदद के रूप में दिए जाने की घोषणा के बाद प्राप्त आवेदनों का भौतिक सत्यापन को लेकर बुधवार को प्रखंड के चाल्हो, महवरी, सढ़ाबे, डुमरटोली,टाटी, खरता सहित विभिन्न गांवों में जाकर भौतिक सत्यापन किया गया। जिसके तहत अधिकारियों द्वारा दो अलग-अलग टीमों में जांच करने निकले। जिसके तहत गजनी पंचायत में डीडीडीएमओ विभाकर कुमार व सीओ कमलेश उरांव ने चाल्हो व महुवरी में जाकर किसानों से मिलकर वस्तु स्थिति का जांच किया। किसानों ने बताया कि जहाँ 6 किलो धान लगाने से कमसे कम 15 से 20 क्विंटल धान होता था, परंतु इस बार महज 10 बोरा भी मुश्किल से ही हुआ।

### पर्यटकों को लुभा रहा अखिलेश्वर धाम



**भंडरा ।** प्रखंड के पर्यटक स्थलों में से एक भंडरा का अखिलेश्वर धाम भी है। यहां की मनोरम प्रकृतिक हसीन वादियां हर कोई को मंत्रमुग्ध कर रहा है। भंडरा में सौ फीट के उपर बसा ऐतिहासिक अखिलेश्वर धाम मंदिर, मंदिर मे स्थापित 3 फिट का शिव लिंग, मंदिर के ईर्द-गिर्द पर्यटकों के बैठने के लिए बना शेड, तालाब, चारों ओर पहाड़ और हरियाली के साथ-साथ शांत वातावरण हर कोई को आकर्षित करता है। यही वजह है कि यहां सालों भर पर्यटक व शिव भक्तों का आना-जाना लगा रहता है। इतना ही नहीं अखिलेश्वर धाम का शांत वातावरण में भंडरा ही नहीं बल्कि जिले के भी कई लोग शाम के समय मंदिर परिसर में शांत वातावरण का आनंद लेने पहुंचते है। लोगों की माने तो यहां की खूबसूरती व प्रकृतिक की सुंदरता के आगे दिन भर की सब थकान पल भर में दूर हो जाती है। भंडरा अखिलेश्वर धाम के पुजारी भजन पंडा कहते है कि मंदिर में शिव भक्तों के साथ-साथ सालों भर पर्यटक घूमने पहुंचते है। इस वर्ष पर्यटन एवं कला विभाग द्वारा मंदिर परिसर में पर्यटकों के बैठने के लिए शेड, तालाब के किनारे-किनारे पीसीसी पथ व रेलिंग का निर्माण कराया गया है। साथ ही तालाब में उतरने के लिए सीढ़ी का भी निर्माण कराया गया है। इससे मंदिर की सुंदरता और भी बढ़ गई है। नववर्ष में काफी संख्या में श्रद्धालु व पर्यटक मंदिर में पूजा-अर्चना करने को लेकर पहुंचते है।

### राधिका देवी बनीं निदेशक



कैरो। एक हनहट निवासी महिला राधिका देवी ने अपनी सूझ बूझ और सामाजिक कार्य मे आगे रहते हुए ऐसा कर गुजरी जिसका उम्मीद करना एक साधारण और गांव में रहने वाली परिवार के लिए बहुत बड़ी बात है। झारखंड सहकारी मत्स्य संघ लिमिटेड के छः निदेशक पद का चुनाव 28 दिसम्बर को सम्पन्न हुआ।जिसमे प्रखंड के हनहट निवासी राधिका देवी सामान्य कोटि सीट से निर्विरोध निदेशक पद से जीत हासिल की। इस सफलता पर ग्रामीण व क्षेत्रवासियों ने बधाई दिया है।

### ऑटो - ट्रैक्टर में भिड़ंत, छह घायल

लोहरदगा । पतराटोली में सुबह 9 बजे ऑटो में रेजा का काम करने जा रहे लोगों को शंख नदी से आ रहे ट्रैक्टर ने सामने से मारी टक्कर इससे ऑटो सवार लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए जिसमें एक को गंभीर चोट आई है। सभी 6 घायलों में धर्मी उरांव, ललकी उरांव, सीता उरांव, सरस्वती उरांव, गथरा उरांव शामिल है।

# विदेश से आने वाले लोगों पर कड़ी निगरानी रखें : उपायुक्त

**कोरोना को लेकर आपदा प्रबंधक प्राधिकार समिति की हुई बैठक**



**गुमला ।** लगातार चीन में कोरोना वायरस की गंभीरता को देखते हुए गुमला जिले में भी कोरोना संक्रमण को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। जिसके आलोक में बुधवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन प्राधिकार समिति की बैठक की। बैठक में जिले के अस्पतालों में कोविड बेड, आइसीयू बेड, आक्सीजन की तैयारी, जांच के लिए विभिन्न इकाइयों की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया । अब तक जिले में सभी सीएचसी सेंटर में 10 बेड की उपलब्ध करवा दी गई है, इसके अलावा सुदूरवर्ती इलाके में एंबुलेंस गाड़ी की सुविधा भी उपलब्ध करवा दी गई है। इसके अलावा जिले के डॉक्टर की टीम को भी तैयार कर दिया गया है। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में ऑक्सीमीटर कार्यरत है।इसके अलावा अन्य तैयारी भी अपने अंतिम चरण में है। उपायुक्त ने सभी एएनएम एवं सभी फ्रंट लाइन वारियर को कोविड से संबंधित प्राथमिक उपचार की ट्रेनिंग दिलाने का निर्देश दिया। 30 दिसंबर को सभी आंगनवाड़ी सेविका सहायिका को प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कोरोना से पीड़ित मरीजों की पहचान, दूसरे प्रभावित देशों से गुमला आने वाले लोगों की निगरानी करने, भीड़भाड़ वाले इलाके में मास्क का प्रयोग करने संबंधी अन्य निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश जारी करने की बात कही। उपयुक्त ने कहा कि जिले में आवश्यक दवाइयों की कमी न पड़े उसका स्टॉक अभी से रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला में कोविड इमरजेंसी को देखते हुए 2 फोन नंबर जारी करने का निर्देश दिया , ताकि मरीजों को त्वरित गति से उपचार मिल सके। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता गुमला, डीएसपी,अनुमंडल पदाधिकारी बसिया, एसीएमओ गुमला, के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## कोविड वार्ड व ऑक्सीजन प्लांट का बीडीओ व सीओ ने किया निरीक्षण



**घाघरा ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोविड वार्ड और ऑक्सीजन प्लांट का बीडीओ सीओ ने किया औचक निरीक्षण घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बने कोविड वार्ड एवम लगे ऑक्सीजन प्लांट का वीडियो विष्णु देव कच्छप और सीओ प्रणव ऋतुराज ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। बीडीओ और सीओ ने कोविड वार्ड के हर रूम का निरीक्षण किया साथ ही कोविड वार्ड में मरीजो को होने वाली सारी सुविधा दवा संबंधी पूछताछ चिकित्सको और कर्मियों से पूछा। इस मौके पर वीडियो विष्णु देव कच्छप ने बताया कि कोरोना के नए वेरिएंट के मरीजो के भारत में आगमन के बाद जिला के निर्देशानुसार तैयारी का जायजा लेने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आया गया है। जहां कोविड-वार्ड की वयवस्था को देखा गया।जहां मरीजों को मिलने वाली सारी सुविधाओं की जानकारी ली गयी है। समुचित व्यवस्था बनाए जाने का निर्देश भी दिया गया । दवा की कमी है तो उसे जिला में तत्काल बताकर उसे पूरा करने का भी निर्देश दिया।

# देश को आजादी दिलाने में कांग्रेस का महत्वपूर्ण योगदान : चैतु उरांव



**गुमला।** कांग्रेस पार्टी की 138 वीं स्थापना दिवस जिला अध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में गुमला परिसदन में मनाया गया। जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि आज ही के दिन 28 दिसम्बर 1885 ई कांग्रेस का स्थापना हुआ था। जिसका संस्थापक ए. ओ.हियुम थे। उस वक्त देश अंग्रेजो के हाथ गुलाम था।देश को आजादी दिलाने के लिये स्वतंत्रता आंदोलन में भी कांग्रेस पार्टी का बहुमुल्य योगदान रहा है। कांग्रेस पार्टी के बदौलत हीं आज हम स्वतन्त्र भारत में सांस ले रहे हैं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के द्वारा पुराने कांग्रेसियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।जिनमे प्रमुख रूप से मो समसू जोहा, बाबर मिंया, प्रो भूषण महतो, मो सलाउद्दीन अंसारी, हिलारिउस तिर्की, फुलझड़ी भगत, भुनेश्वर साहू, पतितपावन साही को फूल माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। इस अवसर प्रदेश प्रधिनिधि अकील रहमान, मानिक चंद साहू, संगीता जायसवाल ,मो आशिक अंसारी, चुमनु उराँव, मुरली मनोहर प्रसाद को भी फूल माला पहनाकर एवं शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेस के विचारधारा एवं संविधान से प्रभावित हो कर हंदू भगत,चैनपुर से विनोद केरकेट्टा, सुधीर कुजूर, शिवकुमार राम ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अल्बर्ट तिग्गा, फिरोज आलम, खिरिस्तिना तिर्की, सन्तोष गुप्ता, गुड्डु, गुलाम सरवर, सगीर आलम, निशांत दुबे, मो खालिद शाह, रामनिवास प्रशाद, राजीव कुमार महतो, आशीष नाथ सहदेव, सन्यारो उराँव, दीपक कुमार, साहिद वारसी, सुनीता तोप्पनो,रामलाल,तरुण गोप,अर्जुन केशरी के साथ अन्य कांग्रेसी सामिल थे।

# 90 सीएफटी चिप्स व 85 ट्रैक्टर बालू जब्त

**अवैध खनन के खिलाफ एसडीओ के नेतृत्व में चलाया गया छापामारी अभियान**
**ट्रैक्टर में अवैध रूप से पत्थर ले जा रहे दुर्गा उरांव को पकड़ा**



**सिसई।** सिसई प्रखंड में चल रहे अवैध उत्खनन के खिलाफव बुधवार को एसडीओ रवि जैन के नेतृत्व में विशेष छापामारी अभियान चलायी गई। छापामारी अभियान में जिला खनन पदाधिकारी रामनाथ राय, एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी शामिल थे। टीम के द्वारा ग्रामीणों से मिल रही सूचना के घर पर सिस ?ई थाना क्षेत्र के सोगडा. गांव में छापामारी की गई। जिसमें सोगडा पहाड़ में अवैध रूप से पत्थर उठाव कर रहे ट्रैक्टर चालक सोगडा.गांव निवासी दुर्गा उरांव को पकड़ा गया। वही अवैध खनन कर रहे हैं स्थल से लगभग 9200 सीएफटी पत्थर, 80 से 85 ट्रैक्टर बोल्डर साथ में छेनी हथौड़ी बरामद किया गया। छापामारी टीम को देखकर पत्थर तोड़ रहे पत्थर माफिया फरार हो गए। वही जिला खनन पदाधिकारी रामनाथ राय ने सोगड़ा गांव निवासी राजेश साहू ,किशोर साहू , प्रभु खड़िया, रेले साहू , सुरेंद्र साहू ,विंदे साहू के खिलाफ सिसई थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है।

# लोहरदगा में कांग्रेस का गौरवपूर्ण रहा है इतिहास : सुखैर

**पार्टी का 138वां स्थापना दिवस धूमधाम से मना**

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का 138वा स्थापना दिवस समारोह जिला अध्यक्ष सुखैर भगत के नेतृत्व में आयोजित की गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कांग्रेस पार्टी का झण्डा जिला अध्यक्ष के द्वारा फहराया गया। तत्पश्चात महापुरुषों के चित्रों में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। और एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर शहर के वृद्ध महिला पुरुष एवम गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल वितरित किए गए। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि कांग्रेस कमिटी का छवि गौरव पूर्ण इतिहास रहा है। पूर्व के जिला अध्यक्षों, फकीर मोहम्मद, प्राण प्रसाद जायसवाल, साबिर खान, जैसे नेताओं ने स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू, इन्द्रनाथ भगत, बिहारी लकड़ा, भुखला भगत आदि के नेतृत्व एवम मार्गदर्शन में लोहरदगा जिला को आगे बढ़ाने और गढ़ने में अपना जीवन समर्पित कर दिया। आज उनके आदर्शो को आत्मसात करते हुए सभी समुदाय, वर्ग, क्षेत्र का भेदभाव मिटाते हुए, एक एक कार्यकताओं की भावना, उनकी पार्टी के प्रति समर्पण, के बीच सामंजस्य स्थापित कर कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लें।

कार्यकारी अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, साबिर खान, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, प्रदेश सचिव जगदीप भगत, विधायक प्रतिनिधि निशित जयसवाल, मोहन दुबे, निशित जयसवाल, समूल अंसारी, ठाकुर प्रसाद, विनोद सिंह खेरवार , संदीप कुमार आदि ने संबोधित किया।

## एक नजर में

### छह साल से नल से जल के इंतजार में वीर कुंवर सिंह कॉलोनी के निवासी : शैल मिश्रा



गुमला। पिछले छ:सालों से नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड सं. 21 के वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में रह रहे लोग नल से जल टपकने का इंतजार कर रहे हैं। गौरतलब है कि इस ड्राई जोन ईलाके में आज से लगभग .छः साल पहले पेयजल पाईपलाईन का विस्तारीकरण किया गया तो लोगों में खुशी थी कि पेयजल की किल्लत दूर होगी। इसी आश में कॉलोनी के लोगों ने घरेलू पेयजल का संयोजन भी कराया,लेकिन इसके उलट आज भी लोगों को पीने का पानी नसीब नहीं हो पाया है। इस बाबत वार्ड सं.21 की पार्षद शैल मिश्रा ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को ज्ञापन सौंप कर इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि कॉलोनी के लोग जल संयोजन करा कर ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। साल दर साल उन्हें वगैर पानी के जलकर भी देना पड़ रहा है। पेयजलापूर्ति अवरुद्ध रहने के कारण ईलाके में पेयजल की समस्या जस की तस बनी हुई है।उन्होंने विभाग से वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में सुचारु रुप से पेयजल की आपर्ति बहाल करने की दिशा में त्वरित कार्रवाई करने की आवश्यकता जताई है।

### रायडीह में हाथियों ने दो घरों को किया क्षतिग्रस्त



**रायडीह।** प्रखंड में पिछले तीन दिनों से हाथियों का झुंड उत्पात मचा रहा है। जिससे ग्रामीण परेशान है। 5 बजे उपरखटंगा पंचायत के सोपो गांव में दो व्यक्ति रुस्तम तिर्की और बिल्चुस मिंज का घर को हाथियों के झुंड ने नुकसान पहुंचाया है। रुस्तम तिर्की के घर को हाथियों का झुंड ने हल्का नुकसान पहुंचाया है। जबकि बिल्चुस मिंज के घर और घेरा को बहुत नुकसान पहुँचाया है। इस बात का पता चलते ही वन विभाग के कर्मचारी घटना स्थल पर पहुँच कर घटना की जानकारी ली। उसके बाद वन विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि सरकारी सुविधा के अनुरूप रुस्तम तिर्की और बिल्चुस मिंज नुकसान की भरपाई की जाएगी। वन विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीणों को टार्च का वितरण किया। इस मौके पर मुखिया कांता एक्का, फॉरेस्टर शम्मी आफताब, रजत डुंगडुंग, हेमराज उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने दी अकिल रहमान को बधाई

घाघरा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अकील रहमान को गुमला जिला 15 सूत्री सदस्य बनाए जाने पर लोगों में हर्ष व्याप्त है। घाघरा प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के द्वारा अकील रहमान बधाई व शुभकामनाएं दी गई। बधाई देने वालों में अफजल अली, मोबीन खान, चांद खान, राजन खान, अजरुल खान, खुदा बक्स, अख्तर खां, तौकीर खान, शरीफ खान, राजू खान, जावेद खान सहित कई के नाम शामिल हैं।

### मुखिया ने 22 दिव्यांगों को दिया पीपीओ सर्टिफिकेट

**घाघरा।** प्रखंड क्षेत्र के चुंदरी पंचायत सचिवालय में बुधवार को वृद्ध असहाय विकलांगों के बीच कुल 22 लाभुकों को पीपीओ सर्टिफिकेट का वितरण पंचायत मुखिया विनीता कुमारी के द्वारा किया गया। इस क्रम में पूरे पंचायत में भ्रमण करते हुए लाभुकों के घर जाकर व पंचायत भवन बुलाकर प्रमाण पत्र का वितरण किया। इस मौके पर उप मुखिया अजीत मनी पाठक, पूर्व मुखिया आदित्य भगत, संजेश उरांव, विनोद भगत, निलेश मनी पाठक, राजेश मणि पाठक, लक्ष्मी उरांव, सुनीता उरांव, सुखनाथ राम, जग मनिया देवी, मुनेश्वर उरांव कैलाश महतो, और अन्य लोग उपस्थित थे।

### रायडीह से खोखो के लिए यूपी गये खिलाड़ी



रायडीह। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण केन्द्र द्वारा आयोजित राष्ट्र स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड प्रांत अव्वल रायडीह के खिलाड़ी बभनी उतर प्रदेश के लिए बुधवार को रवाना हुए ।जिसमे खोखो प्रतियोगिता के लिए 9 बालिका और बालक वर्ग में 7 लोग शामिल हैं ।साथ में खेल प्रमुख वनवासी कल्याण केन्द्र रायडीह,( खो खो) कोच हरिनारायण सिंह शामिल हुए ।अखिल भारतीय वनवासी कल्याण केन्द्र राष्ट्रीय खेल बभनी ,सोनभद्र उतर प्रदेश में 29 दिसंबर से 2 जनवरी तक चलेगा ।जिसमे गुमला जिला से रायडीह के प्रतिभागी बालिका वर्ग में शिवरात्रि कुमारी ,अमृता कुमारी, जयमुनी कुमारी,बिश्वमुनी कुमारी,पार्वती कुमारी और बालक वर्ग में शिवानंद सिंह,हरिओम सिंह,अजय सिंह ।साथ में प्रशीक्षक हरिनारायण सिंह , वनवासी कल्याण केन्द्र रायडीह गुमला । इस बात को जानकर झारखंड प्रान्त के सचिव बिनीत कुमार लाल ने कहा कि झारखंड प्रदेश के इतने छोटे से सुदूरवर्ती गांव रमजा से 9 बालिका और नवडीहा से 7 बालक हमारे झारखंड प्रदेश का नाम रौशन करने जा रहे है। ये बहुत है गौरव की बात है इसलिए सभी को शुभकामनाएं देता हूं।

### कोरोना को लेकर बीडीओ ने की बैठक



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड कार्यालय के सभा कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर शिशिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में कोविड-19 की लहर की रोकथाम हेतु प्रखंड के अंतर्गत पदाधिकारी कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग एएनएम एवं शिक्षा विभाग तथा सभी जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक हुई। बीडीओ ने कहा कि कोरोना को देखते हुए अस्पताल में बेडवा ऑक्सीजन की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखें। उन्होंने कहा कि कोविड-19 की लहर से पूरा चैनपुर प्रखंड सुरक्षित रहे। इसका प्रभाव इस क्षेत्र में ना पड़े इसके लिए सभी विभाग सभी प्रतिनिधि सजग रहें।

### व्यवसायी प्रेमलाल साहू का निधन, शोक

गुमला। सिसई के प्रतिष्ठित व्यवसायी प्रेमलाल साहू का निधन हो गया। उनके निधन पर गुमला के समाजसेवी रमेश कुमार चीनी और कांग्रेस नेत्री संगीता जायसवाल उनके आवास पहुंचे। दु :ख प्रकट किया और रमेश मुक्तिधाम तक शवयात्रा के साथ गए। उन्होंने निधन पर शोक जताते हुए बताया कि साहू करीब डेढ़ वर्ष से बीमार थे। उनका निधन अपूरणीय क्षति है। कुशल व्यवसायी के साथ वे मृदृभाषी स्वभाव के धनी थे। हर वर्ग के बीच उनकी खास पहचान थी। अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ जाने वाले साहू की कमी बड़ी क्षति है।

### वनवासी कल्याण केंद्र ने मनाया स्थापना दिवस



गुमला। वनवासी कल्याण केन्द्र गुमला के तत्वावधान में कतरी पंचायत के कीता गांव में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम का 70 वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि रांची नगर निगम की मेयर डा श्रीमति आशा लकड़ा , मुख्य वक्ता प्रमोथ नाथ, सम्भाग नगर कार्य सह प्रमुख, प्रांत एकल विद्यालय सह योजना प्रमुख श्री कमेश्वर साहू, विभाग संगठन मंत्री श्री नरेश गुप्ता आदि ने वनवासी कल्याण आश्रम के स्थापना, कार्य , उद्देश्य एवं संगठन द्वारा संचालित प्रकल्पों के बारे मे विस्तृत जानकारी दिये। कार्यक्रम में एकल विद्यालय कीता, चुहरू, पतगच्छा, एवं हेठजोरी के भैया बहनों ने आकर्षक कार्यक्रम,एवं मां सरस्वती वन्दना, प्रस्तुत किये। कीता, बरांग पतगच्छा, हेठजोरी माड़ापानी आदि गांवों के वृद्ध एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को रमेश चन्द्र मेमोरियल चेरिटेवल ट्रस्ट दिल्ली के सौजन्य से प्राप्त 55 कम्बल का वितरण किया गया।

## स्पीड न्यूज

### यक्ष्मा मरीजों को मिले कंबल व मिठाई



**गढ़वा।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में बुधवार को वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट (वनांचल डेंटल कॉलेज) परिसर में चार यक्ष्मा रोगियों के बीच फूड बास्केट, कंबल एवं मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर संस्थान के अध्यक्ष दिनेष प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रतिमाह 10 यक्ष्मा रोगियों के बीच संस्थान द्वारा पोषाहार दिया जाएगा। मौके पर डेंटल कॉलेज के अस्पताल अधीक्षक डॉ अजीत कुमार सिन्हा, पंकज कुमार सिन्हा सहित सभी संस्थानों के प्राचार्य तथा कर्मी उपस्थित थे।

### साउथ प्वाइंट में पुरस्कार वितरित



गढ़वा। साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन हो गया। बुधवार को विद्यालय परिसर में पुरस्कार वितरण सह सम्मान समारोह हुआ। निदेशक आरएन सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जूनियर एवं सीनियर वर्ग में लगभग 45 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। निदेशक ने कहा कि जीवन में खेल का बहुत महत्व है। पढ़ाई के साथ साथ खेल पर भी ध्यान देना चाहिए।

### सड़क किनारे बेचे जा रहे दुर्लभ पक्षी



भवनाथपुर। प्रतिबंधित जानवरों एवं दुर्लभ पक्षियों के संरक्षण की सारी कवायदें प्रखण्ड क्षेत्र में कोई मायने ही नहीं रखतीं। चिड़िया खाने के शौकीनों की डिमांड पर प्रखण्ड क्षेत्र के बाजार में रोड किनारे धड़ल्ले से लालसर, बटेर, हारिल, तीतिर आदि संरक्षित पक्षियों का सौदा हो रहा है। पक्षियों के तस्कर शिकार कर इन दुर्लभ पक्षियों की तस्करी कर रहे हैं और शौकीन लोगों से इनके मांस की मुंहमांगी कीमत वसूल कर रहे हैं। पक्षियों की शिकार शिकारी प्रखण्ड क्षेत्र के टाउनशिप डैम, जंगलों सहित क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर शिकार कर भवनाथपुर के कपूर्री चैक, केतार मोड़, टाउनशिप चैक के आसपास में खुलेआम सड़क किनारे बैठ कर बेचा जा रहा है। वहीं प्रतिबंधित जानवरों के शिकार बहेरवाखाड़ी, चेपली के जंगल, बरवारी, मंगरदह सहित अन्य जगह जंगलों में शिकारी द्वारा जाल बिछा कर शिकार करते हैं एवं चोरी छिपे उच्चे दामों में बेच देते हैं। कुछ माह पूर्व मकरी पंचायत के दूधमनियां जंगल में शिकारी द्वारा जाल बिछाया हुआ था। जिसमे जाल में फंस कर लकडबाघा जानवर की मौत भी हो चुका है। वन विभाग के द्वारा कोई कारवाई नही करने से शिकारियों का हौसला बुलंद है।

### मुखिया ने किया नाली का शिलान्यास



रमना। प्रखंड के सिलीदाग पंचायत के वीरकुंअर टोला में अशोक साह के घर से जोरी बांध तक नाली निर्माण योजना का शिलान्यास मुखिया अनिता देवी ने किया। उक्त योजना का निर्माण 15वें वित्त आयोग की राशि एक लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। मौके पर मुखिया ने कहा कि सिलीदाग पंचायत के कई वार्ड और टोला आज भी विकास के मामले मे काफी पीछे है। वीरकुंअर टोला मे नाली के अभाव मे लोग गंदे पानी के बहाव के बीच सड़को से गुजर रहे थे। प्राथमिकता के आधार पर नाली का निर्माण कराया जा रहा है ताकि लोगो को समस्या से मुक्ति मिल सके। मौके पर उप मुखिया सुनीता देवी, वार्ड सदस्य विनय ठाकुर, मुकेश ठाकुर, अशोक साह, आरकेश चंद्रवंशी, मोहन शर्मा, राम सकल मिस्त्री, महेंद्र शर्मा, निरंजन विश्वकर्मा व अन्य मौजूद थे।

### कांग्रेसियों ने मनाया स्थापना दिवस



**गढ़वा।** गढ़वा जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 138वां स्थापना दिवस धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी उदय नारायण तिवारी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस, पार्टी नहीं एक विचारधारा है। आजादी की लड़ाई में लाखों कांग्रेसियों ने अपना बलिदान दिया। फलस्वरूप अंग्रेजों के चंगुल से भारत मुक्त हुआ। आजादी के बाद भारत का नव निर्माण का काम भी कांग्रेस के नेतृत्व में तत्कालीन सरकारों ने किया। प्रदेश सचिव अरविंद तूफानी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्वर्णिम इतिहास रहा है। जाति धर्म से ऊपर उठकर कांग्रेस पार्टी ने सराहनीय कार्य किए हैं। उदय नारायण तिवारी ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में जवाहर लाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी का अमूल्य योगदान है। मौके पर इंटक नेता राम करेश चैबे, आनंद यादव, बृजेंद्र चैधरी, राजेश चौबे, ओम प्रकाश चौबे, दिवाकर चैबे, खुर्शीद अंसारी, मंसूर अंसारी, राम प्रताप यादव, राजन कुमार, राहुल कुमार सिंह, सद्दाम खान, आसिफ खान, अनिकेत कुमार तूफानी, रंजित राम सहित कई अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष युगेंद्र चैबे ने किया।

### भारत जोड़ो यात्रा को लेकर बैठक

**रमना।** भारत जोड़ो यात्रा को लेकर रमना प्रखंड कांग्रेस कमिटि के सदस्यों की बैठक प्रखंड अध्यक्ष मंसूर अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भारत जोड़ो यात्रा रमना प्रखंड में निकालने और इसकी सफलता पर चर्चा करते हुए रणनीति बनाई गई। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक लोगों को एकजुट करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा आरंभ किया है। जो कई राज्यों से होते हुए उत्तर भारत के राज्यों मे प्रवेश कर चूकी है। देश के सभी वर्गों के लोगों की एकता कामय करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा जरुरी है। मौके पर रत्नराज उर्फ सोनू सिंह, अशरफ अंसारी, असर्फी राम, रामा राम, राजेश कुमार, हकीमुद्दीन अंसारी, रोहित मेहता, आशिष चैधरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 352 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

**कोडरमा में रोजगार मेला**

- लक्ष्य के लिए निरंतर प्रयास करें, सफलता जरूर मिलेगीः डॉ. नीरा
- रोजगार बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन प्रयासरत : उपायुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में जिला नियोजन विभाग द्वारा बुधवार को समाहरणालय परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक डॉ. नीरा यादव ने किया। रोजगार मेला में आये विभिन्न कम्पनियों के द्वारा जिले के 352 युवाओं को अंतिम रूप से चयन किया, जबकि 543 युवाओं को शॉर्टलिस्ट किया गया, जिन्हें साक्षात्कार के बाद नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। अंतिम रूप से चयनित 352 युवाओं को विधायक डॉ. नीरा यादव, उपायुक्त आदित्य रंजन, जिप अध्यक्ष रामधन यादव व डीडीसी ऋतुराज के द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया।

वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव ने चयनित युवाओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज के समय में हर युवा रोजगार के प्रति चिंतित रहते हैं, लेकिन उन्हें चिंता करने के बजाय निरंतर संघर्ष करने की जरूरत है, जो नियमित रूप से प्रयास करते हैं, उन्हें सफलता अवश्य मिलती है। एक समय था जब इस तरह की व्यवस्था नही के बराबर था, परन्तु अब हर जिले में रोजगार मेला का आयोजन कर बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। वहीं उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी सोच और जिला प्रशासन के पहल पर इस तरह के रोजगार मेला का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है, रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन सदैव प्रयासरत है, आगे भी इस तरह का आयोजन कर, बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कम्प्यूटर की महत्ता को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से छात्र छात्राओं और युवाओं को कम्प्यूटर का प्रशिक्षण हर प्रखंड में दिया जा रहा है, उन्होंने कहा कि आगामी 12 जनवरी को भी इस तरह के रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। वहीं जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि रोजगार मेला बेरोजगार युवाओं के लिए उम्मीद का किरण बनते जा रहा है, उन्हें उम्मीद हैं कि जिला प्रशासन नियमित रूप से इस तरह का आयोजन कर, जिले के शतप्रतिशत बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने का कार्य करेगी। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, जिला नियोजन पदाधिकारी इमरान फारूकी आदि मौजूद थे।

## कोडरमा दर्शन के लिए बस सेवा शुरू

**पर्यटन केंद्रों पर सैलानियों को दी जायेगी हर सुविधा : उपायुक्त**




**कोडरमा।** नए वर्ष के आगाज के बीच जिला प्रशासन के द्वारा कोडरमा दर्शन के लिए बस सेवा की शुरूआत कर जिलेवासियों को एक अनोखा उपहार देने का प्रयास किया है, इससे एक ओर लोगों को सस्ते दर पर जिले के प्रमुख पर्यटक स्थलों का भ्रमण करने का अवसर मिलेगा तो दूसरी ओर जिले में पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सकेगा। बुधवार को उपायुक्त आदित्य रंजन ने कोडरमा दर्शन के लिए बस सेवा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिलेवासियों को अपने क्षेत्र के पर्यटक क्षेत्रों में भ्रमण के लिए एक प्रयास किया गया है, ताकि यहां के लोगों के अलावे बाहर से आये पर्यटक जिले के प्राकृतिक छटाओं का आनन्द ले सकें। गौरतलब हो कि जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उपायुक्त के निर्देश में कोडरमा दर्शन बस सेवा की शुरूआत किया गया है, बस प्रतिदिन सुबह 9 बजे महाराणा प्रताप चौक से खुलेगी और पर्यटकों को कोडरमा का कश्मीर कहे जाने वाले वृन्दाहा फॉल के अलावे महर्षि कर्दम पार्क, ध्वजाधारी धाम, चंचाल धाम और तिलैया डैम का भ्रमण करवाने का कार्य करेगी, इस दौरान पर्यटकों को नाश्ता और भोजन के साथ साथ डैम में बोटिंग करने की सुविधा भी उपलब्ध कराएगी। इच्छुक पर्यटक 9693284071 पर सम्पर्क कर यात्रा का बुकिंग करवा सकते हैं। मौके पर डीएफओ सूरज कुमार सिंह, डीडीसी ऋतुराज, डीटीओ भगीरथ प्रसाद, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, जिला पर्यटन पदाधिकारी कैलाश राम आदि मौजूद थे।

### कुपोषण मुक्त होगी खुट्टा और टेहरो पंचायत : संतोष कुमार



**सतगावां।** झारखंड सेवा संस्थान एवं क्राय कलकाता के संयुक्त तत्वाधान में पंचायत स्तरीय पोषण मेला खुट्टा पंचायत के घुड़मुड़िया विद्यालय में आयोजित किया गया। मेला में बतौर मुख्य अतिथि सीडीपीओ संतोष कुमार ने कहा कि पोषण युक्त भोजन से ही स्वस्थ शरीर और स्वस्थ दिमाग मिल सकता है और इस तरीके से पोषण मेला का आयोजन संस्था के द्वारा किया जाना सराहनीय कार्य है। इस तरह के आयोजन से समाज में जागरूकता बढ़ता है, खुट्टा पंचायत को कुपोषण मुक्त बनाने में मैं पूरा सहयोग करूंगा। वहीं प्रवेक्षिका रेखा कुमारी ने कहा कि पोषणयुक्त भोजन के अभाव में बचपन से लेकर जवानी तक विभिन्न तरह के रोगों का शिकार होना पड़ता है, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चियों में एनीमिया, रतौंधी, कमजोरी आम रूप में पाया जाता है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी।

### डीडीसी ने रेफरल अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने बुधवार को डोमचांच स्थित रेफरल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया एवं अस्पताल में मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके पूर्व उन्होंने प्रखंड सभागार में बैठक कर मनरेगा से संचालित योजनाओं के अलावे विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर कई निर्देश दिया। बैठक के दौरान सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, केसीसी, सुखाड़ राहत/झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना, मनरेगा, छात्रवृत्ति, फुलो झानो आशीर्वाद योजना आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर योजनाओं को तेजी से पूर्ण करने, योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ देने के साथ-साथ योजनावार लक्ष्य के रूप योजनाओं को पूर्ण करने आदि का निर्देश दिया।

## चतरा से बिहार जा रही लाखों की शराब जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार



**चतरा।** एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वशिष्टनगर जोरी थाना प्रभारी गुलाम सरवर व सशस्त्र बल की टीम ने बुधवार को लाखों रुपये की अवैध शराब जब्त की। वहीं मौके से दो तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान सदर थाना क्षेत्र के गंगाजीत व अव्वल मोहल्ला फारेस्ट कॉलोनी के छोटू कुमार सिंह व उमेश कुमार के रूप में हुई है। गिरफ्तार तस्करों के पास से टाटा इंडिका कार, विभिन्न कंपनियों का दो मोबाईल व तस्करी के लिये भेजा जा रहा रॉयल स्टैग कंपनी का 16 कार्टून में बंद 375 एमएल का 384 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। पुलिस निरीक्षक प्रमोद पांडेय ने बताया कि एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार सदर थाना क्षेत्र के धमनियां ईलाके से अवैध अंग्रेजी शराब का खेप लेकर बिहार जा रहा है। पुलिस ने वशिष्टनगर जोरी थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने शराब से लदी टाटा इंडिका कार जब्त की। साथ ही दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया।

## ग्रिजली विद्यालय में पिकनिक



**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में सहोदया स्कूल्स कॉम्प्लेक्स द्वारा फैमिली फन डे का आयोजन किया गया। जिसमें कोडरमा सहोदया स्कूल्स कॉम्प्लेक्स के विभिन्न विद्यालयों के निदेशक एवं प्रचार्य अपने परिवार के साथ शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए सहोदया स्कूल्स कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष पुनीत यादव ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से सौहार्दपूर्ण वातावरण में सामंजस्य स्थापित कर एक साथ कार्य करने में मदद मिलती है। कार्यक्रम में शामिल विभिन्न विद्यालयों के निदेशक एवं प्राचार्यों के अलावा उनके परिजनों ने एक से बढ़कर एक शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके अलावा उनके लिए विभिन्न प्रकार के गेम्स का भी आयोजन किया गया।

## विधायक ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास

**गिद्धौर(चतरा)।** सिमरिया विधानसभा के विधायक किशुन कुमार दास ने सभी छह पंचायतों के अलग-अलग गांव में लगभग छह लाख की लागत से कई योजनाओं का शिलान्यास किया। किया।

बताते चलें कि योजनाओं में फाइबर ब्लॉक समुदायिक भवन पीसीसी के साथ-साथ इस गरीब असहाय लोगों को बटेश्वर शिव मंदिर में कंबल का वितरण किशोर कुमार दास ने अपने हाथों से किया। मौके पर उपस्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के शिक्षक विनोद दांगी सिकंदर यादव रामगोविंद आउंगी आकाश कुमार भाजपा मंडल प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार सांसद प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा उप प्रमुख प्रितम यादव महेंद्र राम लखन दांगी परसादी पासवान संतोष कुमार दांगी बारिसाखी मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती परमेश्वर रविदास उप मुखिया विकास पांडेय भेखलाल लाल रविदास एवं अन्य ग्रामीणों उपस्थित थे।

## क्वार्टर फाइनल में एआरडी और साउथ प्वाइंट

**अंतर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट**



**गढ़वा।** गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सातवें दिन खेले गए दो अलग-अलग मैच में एआरडी पब्लिक स्कूल ने बीपीडीएवी को 55 रनों से जबकि दूसरे मैच में साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल ने ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल बेलचपा को सात विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पहले मैच में एआरडी पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान आदित्य कुमार के शानदार अर्धशतक 57 के सहयोग से निर्धारित ओवरों में छह विकेट खोकर 119 रन बनाए। बीपीडीएवी की ओर से विक्रांत सूर्या ने दो विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी बीपीडीएवी की टीम एआरडी के गेंदबाज राजी अहमद के सामने टिक नहीं पाई, पूरी टीम 64 रनों पर ही सिमट गए टीम की ओर से आकाश पांडेय ने 17 रन बनाएं। एआरडी की ओर से राजी अहमद ने 12 रन देकर 4 विकेट प्राप्त किए। दूसरे मैच में ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल बेलचंपा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दीपक के 16 और सत्यम के 15 रनों के सहयोग से निर्धारित ओवर में पांच विकेट खोकर 71 रन बनाए। साउथ पॉइंट की ओर से यश ने 3 विकेट प्राप्त किया। जबाबी पारी खेलने उतरी साउथ पॉइंट की टीम ने 7 ओवर में ही यष के 38 रनों के सहयोग से 3 विकेट खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले साउथ पॉइंट के यष और एआरडी पब्लिक स्कूल के आदित्य कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार गढ़वा जिला के पूर्व कप्तान सह चाईबासा के सीजीएम विनोद कुमार, प्रतियोगिता के उपाध्याय धनंजय सिंह, दीपक कुमार, विनय पांडेय, मनोज चौबे, कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे और शौकत खान ने संयुक्त रूप से दिया।

## एक नजर में

### पूर्व सैनिक एसोसिएशन ने गरीबों को दिया कंबल



टंडवा (चतरा)। बुधवार को टंडवा प्रखंड के धनगडा पंचायत अंतर्गत खरीका गांव में पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड के द्वारा गरीब असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धनगड़ा पंचायत मुखिया सह मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह तथा पंचायत समिति सदस्य उषा देवी मौजूद रहीं। इन लोगों की मौजूदगी में जरूरतमंदों के बीच 100 कंबल का वितरण किया गया। इस कार्य के लिए मुखिया संघ अध्यक्ष श्री अरविंद सिंह एवं पंचायत समिति सदस्य श्रीमती उषा देवी ने पूर्व सैनिक संगठन के इस कार्य की काफी सराहना की। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा ने कहा कि हमारे संगठन का उद्देश्य समाज में सभी के साथ सामंजस्य स्थापित करना है साथ ही हम सभी की भागीदारी समाज में हो इसी उद्देश्य के साथ इस तरह का कार्यक्रम किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री के नाम बीडीओ को सौंपा पत्र



**टंडवा(चतरा)।** आदिवासी कुड़मी समाज चतरा जिला समिति के बैनर तले भारत की जनगणना में कुड़मी जनजाति, कुडमाली भाषा कोड, सरना धर्म लागू करने, कुड़मी जन जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध करने, कुडमाली भाषा को आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध करने एवं अन्य विषयों के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को पत्र प्रेषित किया है।

### कई बाइकों से वसूला गया जुर्माना



**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार बुधवार को चतरा जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र के समीप जिला परिवहन कार्यालय द्वारा दोपहिया वाहन का सघन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच में ड्रिंक कर ड्राइव (ड्रिंक एंड ड्राइव) करने वाले चालकों के जांच हेतु ब्रेथ एनालाइजर मशीन के द्वारा जांच की गई, बिना हेलमेट, ट्रिपल सवारी, वाहन बीमा एवं बिना चालक अनुज्ञप्ति एवं सड़क सुरक्षा नियमों के उलंघन करने वाले के ऊपर विभिन्न धाराओं के अंतर्गत आर्थिक दंड वसूला गया। इस जांच अभियान में कुल 36000/- रुपए का ऑनलाइन चालान ई-पास के माध्यम से आर्थिक दंड के रूप में वसूला गया। वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया की बढ़ते सड़क दुर्घटना एवं नए साल को देखते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों के उलंघन करने वालो के विरुद्ध जिले में लगातार अलग अलग स्थानों पर सघन जांच अभियान जारी रहेगी। जिला परिवहन पदाधिकारी ने चतरा जिलावासियों से अनुरोध एवं अपील किया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का अक्षरसः अनुपालन करते हुए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहने। इस जांच अभियान में मुख्य रूप से जिला परिवहन कार्यालय के मोटर यान निरीक्षक संतोष सोरेन, सड़क सुरक्षा प्रबंधक अमित कंसल, सड़क सुरक्षा के अजीत सोरेन , धर्मवीर कुमार एवं पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### छह ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार



**चतरा।** पुलिस ने बुधवार को तीन तस्करों को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि तीन तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें दो सदर थाना क्षेत्र के अन्सार नगर दर्जी मुहल्ला के मोहम्मद अकबर उर्फ रोहित और मोहम्मद शब्बीर और एक गिद्धौर थाना क्षेत्र के गिद्धौर के नीलेश कुमार है। गिरफ्तार तस्करों के पास से करीब 6 ग्राम ब्राउन शुगर के अलावा एक बाइक और दो मोबाइल बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गिद्धौर चतरा मुख्य सडक से दो व्यक्ति सफेद रंग के अपाची मोटरसाईकिल पर सवार होकर अवैध ब्राउन खरीद कर गिद्धौर से चतरा की ओर आ रहें है। इस सूचना का सत्यापन एंव आवश्यक कार्रवाई करने हेतु पुलिस उपाधीक्षक धनंजय राम के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें थाना प्रभारी सदर व थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एंव कर्मी को शामिल किया गया तथा छापामारी दल द्वारा त्वरीत कार्रवाई करते हुए बाईपास मोड के पास जा कर गुप्त सूचना के अनुसार वाहन चेक किया गया जिसमें दो व्यक्ति को ब्राउन शुगर पुडिया के साथ गिरफ्तार किया गया। एवं उनके निशान देही पर गिद्धौर थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति को भी अवैध ब्राउन शुगर पुडिया के साथ गिरफ्तार किया गया।

### बीपीओ ने बागवानी सखी को दिया प्रशिक्षण



**गिद्धौर(चतरा)।** प्रखंड सचिवालय सभागार में बुधवार को बीपीओ अजय कुमार सिन्हा एवं कनीय अभियंता सचिन कुमार ने प्रखंड के सभी बागवानी सखी को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया है। बीपीओ ने बागवानी को सुरक्षित रखरखाव की अनेकों जानकारियां बताएं। एवं रोग से निपटारा पाने की कई दवाई के बारे में बताएं। प्रशिक्षण में बताया गया कि जो भी बागवानी सखी चुनी गई है ।एवं चुने जाएंगे ।उनका अपना 1एकड़ जमीन होना अति आवश्यक है। साथ ही साथ बागवानी सखी को गांव में रहना जरूरी है ।आगे बताएं कि बगवानी लगाने के लिए सबसे पहले जमीन में 3 फीट का गढ़ा खुदवाना है ।जो कि 20 से 30 दिन तक उसे सूखने के लिए छोड़ देना है ।उसके बाद उसमें पौधा लगाना है ।बागवानी लगाने का तरीका पेड़ से पेड़ की दूरी लगभग 5 फीट लंबाई चौड़ाई की दूरी होनी चाहिए। एवं कई जानकारियां बताई गई। मौके पर उपस्थित मुखिया सरिता देवी निर्मला देवी सुमीरा देवी डेगन गंझु जगदीश यादव बेबी देवी पंचायत सेवक चितरंजन शर्मा उज्जवल कुमार महेश मिस्त्री जीपीएस मिथिलेश सिंह रोजगार सेवक रोहित कुमार सुनील कुमार टेक नारायण राम गोविंद कुमार स्वर्ण लता उर्सिला टूटी बागवानी सखी सरस्वती कुमारी गुड़िया देवी नीलम देवी अंजू देवी एवं अनेकों बागवानी सखी प्रशिक्षण में मौजूद थी।

### गिद्धौर में खेलकूद प्रतियोगिता का समापन



गिद्धौर(चतरा)। प्रखंड के गिद्धौर में नेहरू युवा केन्द्र चतरा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तत्वाधान में जवाहर फुटबॉल मैदान में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ। खेल कूद प्रतियोगिता में ऊंची कूद में प्रथम शांति कुमारी द्वितीय गजाला खातून तृतीय खुशबू कुमारी को प्राप्त हुआ। दो सौ मीटर की दौड़ में प्रथम शांति कुमारी द्वितीय खुसबू कुमारी तृतीय गजाला कुमारी को प्राप्त हुआ। चार सौ मीटर की दौड़ में प्रथम आकाश भारती द्वितीय प्रवेश यादव तृतीय रवि भारती को प्राप्त हुआ। कुर्सी दौड़ में गजाला खातून संगीता कुमारी करिश्मा कुमारी को प्राप्त हुआ ।फुटबॉल टूनार्मेंट में बारियातु पंचायत विजेता तथा पहरा पंचायत उपविजेता बना। इस मौके पर 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बिनोद पासवान नेहरू युवा केन्द्र के मनोज कुमार यादव प्रेम राणा सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# अस्पताल निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने सीएम को लिखा पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ के सैकड़ो ग्रामीणों ने बालूमाथ में अस्पताल, डिग्री कॉलेज निर्माण, बालूमाथ में पैसेंजर ट्रेन चलाने, पेयजल सुविधा को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम मांगपत्र लिखा है। दिए आवेदन में कहा है कि बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का अपना भवन नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानी होती है। पूर्व में बन रहा अस्पताल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। जिस कारण लगभग 15 वर्षो से भवन के अभाव मे अस्पताल जिमखाना में चलाया जा रहा है।

ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि अर्धनिर्मित भवन को तोड़कर उसी जगह पर नया अस्पताल बनाया जाए। वहीं बालूमाथ में डिग्री कॉलेज नही होने के कारण बच्चों को अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। वही कुछ बच्चे पढ़ाई छोड़ देते हैं। इसलिए डिग्री कॉलेज का निर्माण कराया जाए। बालूमाथ रेलवे स्टेशन में सिर्फ कोयला मालगाड़ी का परिचालन होता है। बालूमाथ स्टेशन में पैसेंजर ट्रेन चलाया जाए। ट्रेन चलने से बालूमाथ सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगो को लाभ होगा।


पूर्व में बन रहा भवन।

पेयजल सुविधा के लिए प्रखंड में पानी टंकी के माध्यम से घरों में नल सेवा दिया जाए। दिए आवेदन की प्रतिलिपि लातेहार उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक लातेहार, अंचलाधिकारी बालूमाथ, प्रखंड विकास पदाधिकारी बालूमाथ को भी सौंपी गई है।

आवेदन में सैकड़ो ग्रामीणों का हस्ताक्षर है। जिसमे महेश्वर साव, रवि कुमार रजक, राजेश साहू, प्रकाश ठाकुर, संदीप ठाकुर, सतीश कुमार साहू, ओम प्रकाश साहू, विकास कुमार यादव, संजय कुमार, नरेश लोहरा, मो.जहूर, संजय कुमार यादव,मो नासिर, शिवनाथ ठाकुर, राम लाल यादव, दशरथ यादव, अरुण साव, दिनेश यादव, अजय यादव, गोविंद कुमार, मो. मोइन सहित कई लोगो के हस्ताक्षर है।

## एक नजर में

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया कांग्रेस पार्टी का 138वां स्थापना दिवस


स्थापना दिवस मनाते कांग्रेस के कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव के नेतृत्व में बुधवार को कांग्रेस का 138वां स्थापना दिवस मनाया गया। कांग्रेस पार्टी आज देशभर में 138वां स्थापना दिवस मना रही है। कांग्रेस कार्यकताओं का ये आयोजन संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस 138 साल की हो गई। देश की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस है। 28 दिसंबर 1885 को बनी कांग्रेस आजादी के समय और उसके बाद तक लोग अपने आपको कांग्रेस से जुड़ा बताने पर गर्व महसूस करते है। कांग्रेस एक पार्टी के साथ साथ विचारधारा की पार्टी है। भारत में राजनीतिक आंदोलन के शुरूआती परंपरा की नींव आजादी से पूर्व रखी गई थी।

इंडियन नेशनल कांग्रेस का इसमें खास योगदान है। कांग्रेस देश की पहली और बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में है। इस मौके पर कॉंग्रेस नेता साजन कुमार, युवा जिला अध्यक्ष अमित कुमार यादव, युवा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र उरांव, लातेहार विधानसभा उपाध्यक्ष टिंकू बाबू, प्रखंड अध्यक्ष शम्भू यादव, महेंद्र प्रसाद, उपेन्द्र पासवान, बिजेंद्र उरांव आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## बरवाडीह में धूमधाम से मनायी जायेगी जन्म शताब्दी : मुरली

**बरवाडीह।** झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आगामी तीन जनवरी को आदिवासियों के मसीहा और हॉकी के करिश्माई खिलाड़ी स्व.जयपाल सिंह मुंडा और देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले का जन्म दिवस समारोह मनाया जाएगा। इस अवसर पर बरवाडीह के आंदोलनकारी प्रखंड मुख्यालय के परम विद्या निकेतन से जुलूस निकालेंगे जो नगर भ्रमण करते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर में सभा में तब्दील हो जाएगा। जहां आंदोलनकारियों के द्वारा दोनों महापुरुषों की जीवनी के बारे लोगों को बताया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति अवार्ड से नवाजी गई पलामू जिले के चियांकी पंचायत की मुखिया बिनको उरांव उर्फ बबली जी शिरकत करेंगी। उक्त जानकारी चिन्हित आंदोलनकारी मुरली प्रसाद ने दी।

### मादक पदार्थों की तस्करी एवं खेती की रोकथाम को डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक

# अफीम-भांग की अवैध खेती और नशाखोरी समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय (एनकोर्ड) समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी एवं इसकी खेती पर रोकथाम करने पर चर्चा किया गया तथा विभिन्न स्तर पर समन्वय एवं सहयोग स्थापित करने हेतु ठउडफळ समिति के सभी सदस्यों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णयों और निदेर्शों के कार्यान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिले में अवैध अफीम, भांग की खेती के अलावा नशाखोरी की घटनाओं, चिंता के क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। उपायुक्त ने जिले में अवैध अफीम, भांग की खेती और नशे के खतरे को नियंत्रित करने के लिए किए गए उपायों के बारे में जानकारी लेते हुए जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस पर सतत निगरानी रखने एवं ऐसी सूचना प्राप्त होने पर तत्काल सूचित करने हेतु निर्देशित किया। आगे उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के लिए ड्रग्स एवं नशीले पदार्थों आदि का सेवन बहुत ज्यादा घातक होता है। जिले में ड्रग्स की तस्करी एवं खेती दोनों किसी भी सूरत में नहीं होनी चाहिए इसके लिए उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। आगे उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी और इसके खेती में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से जिले के सभी ब्लॉकों में संबंधित क्षेत्रों के स्थानीय लोगों को शामिल करते हुए सेंसिटिव क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान शुरू करने को कहा। उपायुक्त ने नशीली दवाओं के प्रसार, खपत और ऐसे नशीले पदार्थों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, सिविल सर्जन दिनेश कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, डीएसपी डॉ. कैलाश करमाली, कृषि पदाधिकारी, सभी बीडीओ समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।


बैठक करते पदाधिकारीगण।

## अखिल भारतीय राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने 35 प्रतिभागियों का दल सोनभद्र रवाना

**चंदवा।** बनवासी कल्याण केन्द्र झारखंड खेल प्रमुख डोमन चंद्र महतो, गुमला खेल प्रमुख हरिनारायण सिंह व महिला प्रमुख प्रियंका कुजूर के नेतृत्व में पुरे झारखंड राज्य से 35 बालक व बालिका प्रतिभागियों का दल 27 दिसंबर को चंदवा स्थित टोरी जंक्शन से सोनभद्र उत्तर प्रदेश के लिए शक्तिपूंज एक्सप्रेस से रवाना हुये। जहां सभी प्रतिभागी अखिल भारतीय राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतिभागियों में खोखो प्रतियोगिता में 9 बालिका व 8 बालक गुमला व 2 बालिका व तीन बालक लोहरदगा से हैं। वहीं तीरंदाजी में बोकारो से 2 प्रतिभागी, रांची से 2 और पश्चिम सिंहभूम से 6 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इन्होने प्रतिभागियों के उज्जल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी है।

## पुलिस ने तीस किलो जावा महुआ व शराब को किया नष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत टोटी पंचायत के इटके मे पुलिस ने तीस किलो जावामहुआ व शराब को बुधवार को नष्ट किया। उक्त सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया की इटके ग्राम मे महुआ शराब बनने की सूचना प्राप्त हुई थी। प्राप्त सुचना के आधार पर इटके गाँव मे छपामारी की गई। जहां तीस किलो जावा महुआ सहित शराब को नस्ट कर दिया गया। वहीं शराब बनाने व बेचते पकड़े जाने पर नियम संगत कार्रवाई करने की चेतावनी दिया गया। साथ ही आसपास के लोगो को अवैध महुआ शराब बनाने व बेचने वाले को हिदायत देते हुए कहा की भविष्य मे कभी भी शराब बनाने की शिकायत मिली तो निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर कई जवान भी मौजूद थे।


शराब को नष्ट करती पुलिस।

# डीसी की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2022 में मानसून का आगमन विलम्ब से होने की वजह से बुआई नहीं कर पाये केटेगरी ए के किसानों द्वारा मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के लाभ हेतु दिये गए आवेदनों पर विचार विमर्श किया गया। अंचल एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा आवेदनों के जाँच एवं सत्यापन के आधार पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार ने जिले के 9 प्रखंडों के 22512 किसानों को मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का लाभ प्रदान करने हेतु अनुमोदन दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, जिला कृषि पदाधिकारी रामाशंकर प्रसाद सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो, एवं नोडल पदाधिकारी आपदा प्रबंधन अविनाश रंजन आदि उपस्थित थे।


बैठक करते उपायुक्त व अन्य।

## एनपीवीएस ने ग्रामीणों के बीच चलाया जागरूकता अभियान

**बरवाडीह।** बुधवार को नीलांबर-पीतांबर विकास सोसाइटी बरवाडीह के तत्वाधान में बेतला रेंजर शंकर पासवान की मौजूदगी में पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला राष्ट्रीय उद्यान अंतर्गत डोरामी ग्राम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जंगल बचाने हेतु ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सोसाइटी के कलाकारों के द्वारा जंगलों में लगी आग को बुझाने, जंगलों और वन्य प्राणियों की सुरक्षा और संवर्धन को लेकर जानकारी दी गई। जहां शशि भूषण तिवारी ने बताया कि यह कार्यक्रम पलामू टाइगर रिजर्व के अन्य कई गांवों में चलाया जाएगा।

### महुआडांड़ : शराब दुकान में ली जा रही मनमानी कीमत

# सरकारी नियमों को ठेंगा दिखाते अंग्रेजी व देशी शराब की दुकान

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** प्रखंड में संचालित सरकारी शराब दुकानों में शराब बिक्री में मनमाना पैसा वसूला जा रहा है। इस संबंध में कई ग्राहको ने शिकायत करते हुए बताया कि शराब बिक्री में सभी कंपनी के क्वार्टर से लेकर फूल तक की शराब में 20 से 200 रुपये तक ग्राहकों से ज्यादा लिया जा रहा है।खरीदारों को रेट बढने की बात कह कर मनमानी वसूली की जा रही है। जबकि अभी प्रिंट रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। आलम यह है कि दुकानों पर तो डेढ़ से दो गुना राशि तक ग्राहकों से वसूली की जा रही है।वही इस संबंध में शराब दुकान में रेट चार्ट भी नहीं लगाया गया है।यहां तक कि इनकी मिलीभगत दर्जनों प्राइवेट स्थलों पर अधिक दामो में शराब की बिक्री हो रही है।जिससे रोजाना शराब दुकान में रेट को लेकर ग्राहकों और सेल्समैन के बीच तू-तू-मैं-मैं होते रहता है। कई लोगो ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि हमलोगों से प्रिंट रेट से ज्यादा पैसा लिया जाता है, और रसीद भी नहीं दी जाती है। वहीं सरकारी नियमों को ठेंगा दिखाते हुए एक ही दूकान से देशी एवं अंग्रेजी शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही लातेहार उत्पाद विभाग के अधीक्षक प्रदीप सिन्हा सदल बल पहुँचे महुआडांड, की जांच, मिली कई त्रुटियाँ लोगो के द्वारा सूचना दिए जाने के साथ ही बुधबार को लातेहार उत्पाद विभाग के अधीक्षक प्रदीप सिन्हा सदल बल पहुँचे, एवं शराब दूकान की गहनता से जांच की। इस दरम्यान अधीक्षक प्रदीप सिन्हा ने शराब मे चिपकाये जाने वाले स्टीकर, खाली शराब की बोतल एवं कुछ अन्य सामग्री जब्त की है। आशंका जताई जा रही है कि शराब दुकानदार स्टीकर का उपयोग नकली शराब बना कर बेचने मे उपयोग करते थे।


जांच करने पहुंचे विभाग के अधिकारी।

## सख्त एक्शन लेने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

**लातेहार।** जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर उपायुक्त श्री भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निदेर्शों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा की। उपायुक्त ने जिला अंतर्गत अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन रोकने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों , थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कारवाई करने का निर्देश दिया एवं अनियमितता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई।

## कांग्रेस पार्टी के 138वें स्थापना दिवस के अवसर पर कंबल का वितरण


कंबल वितरण करते कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** कांग्रेस पार्टी की 138 वीं स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेस राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार के नेतृत्व में कंबल का वितरण बुधवार को किया गया। कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष रीगन ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता आज स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मना रही है।कांग्रेस की नीति सिद्धांतो को जन जन तक पहुंचा कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाएंगे। कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर ठंठ व कनकनी को देखते हुए साल्वे पंचायत के छापा टांड में बीस गरीब,असहाय,बृद्ध जरूरत मंदों के बीच राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के निर्देश से कंबल का भी वितरण किया।

कंबल वितरण के मौके पर मो. मुमताज, आशीष नाथ शाहदेव, राजवीर लोहरा, मुंशी लाल पाल, जगदीश उरांव, राजेश उरांव, सीटन भुइंया सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रखंड कार्यालय में कांग्रेस पार्टी का मनाया गया 138वां स्थापना दिवस

# कार्यकर्ताओं को एकजुटता और भाईचारे के साथ कार्य करने का संकल्प लेने की जरूरत है : सुरेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित लैंपस के सामने कांग्रेस पार्टी के प्रखंड कार्यालय में दिन बुधवार को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर सिंह की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी की 138वीं स्थापना दिवस मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व लातेहार जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान,सुरेंद्र भारती,प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान,बीस सूत्री उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव,समेत अन्य ने कांग्रेस पार्टी की झंडा फहराकर स्थापना दिवस कार्यक्रम को संपन्न किया। इस अवसर पर सभी कांग्रेसियों ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर स्थापना दिवस की बधाई दिए। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा कि आज हम लोग कांग्रेस पार्टी की 138वीं स्थापना दिवस मना रहे हैं। इस अवसर पर सभी कांग्रेसी कार्यकताओं को एकजुटता और भाई चारे के साथ कार्य करने की संकल्प लेने की जरूरत है ताकि पार्टी को और भी मजबूत बनाया जा सके। मौके पर महासचिव गुड्डू सिंह, उपाध्यक्ष मोहन ठाकुर, गिरेंद्र उरांव, वीरेंद्र उरांव, पप्पू प्रसाद, देवनंदन यादव, पूरन सिंह, जुम्मन अंसारी, मनलाल उरांव, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान,समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।


कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसी कार्यकर्ता।

## छिपादोहर में रेलवे ट्रैक से युवक का शव बरामद

**छिपादोहर।** छिपादोहर रेलवे ब्रिज के पास पुलिस ने बुधवार को एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान सकलदीप सिंह 30 वर्ष के रूप में कई गई है। वह पलामू जिले के चैनपुर थानाक्षेत्र के मायापुर का रहने वाला था। वो पिछले कुछ हफ़्तों से छिपादोहर के कुचिला में राजमिस्त्री का काम कर रहा था। बुधवार को छिपादोहर थाना पुलिस को सूचना मिली कि रेलवे ब्रिज के पास एक युवक का शव बरामद किया गया है। सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सदलबल घटना स्थल पर पहूंचे और शव को बरामद किया। आवश्यक करवाई के बाद शव को जीआरपी को सौप दिया गया।

## चंदवा में कांग्रेसियों ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस


स्थापना दिवस मनाते कांग्रेसी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** कांग्रेस पार्टी का 139 वां स्थापना दिवस सुभाष चौक के नजदीक भारती काम्प्लेक्स में प्रखंड अध्यक्ष असगर खान के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया। पार्टी के संस्थापक एओ ह्युम के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरूआत की गई। तत्पश्चात प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने ध्वजारोहण किया।विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए असगर खान ने कहा कि पार्टी के संघर्ष पूर्ण इतिहास रहा है, स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और गठित कांग्रेस सरकारों द्वारा किए लोकहित और राष्ट्र के निर्णयों पर बड़ा योगदान रहा है, कांग्रेस के 139 वर्ष का गौरवपूर्ण इतिहास है।वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामयश पाठक ने कहा कि आजादी के लिए कांग्रेसियों ने दशकों तक जेल में कैद काटी, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता, देश के लिए आवाज उठाने के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही पार्टी ने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए योगदान दिया है। मौके पर श्रीराम शर्मा, बाबर खान, दामोदर उपाध्याय, मनीष भारती, अरुण भारती, बालजी उरांव, कैलाश बैठा, अबरार खान, सागर प्रजापति, राजकुमार पाण्डेय, छटन राम, मो0 नेजाम, सदाम अंसारी, गिदयोन खाखा, संजय गोप व अन्य शामिल थे।

## छिपादोहर में रेलवे ट्रैक से युवक का शव बरामद

**छिपादोहर।** छिपादोहर रेलवे ब्रिज के पास पुलिस ने बुधवार को एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान सकलदीप सिंह 30 वर्ष के रूप में कई गई है। वह पलामू जिले के चैनपुर थानाक्षेत्र के मायापुर का रहने वाला था। वो पिछले कुछ हफ़्तों से छिपादोहर के कुचिला में राजमिस्त्री का काम कर रहा था। बुधवार को छिपादोहर थाना पुलिस को सूचना मिली कि रेलवे ब्रिज के पास एक युवक का शव बरामद किया गया है।

### बारियातू में 11 एकड़ में लगी अफीम की खेती को पुलिस ने किया नष्ट

# नक्सल गतिविधि को बढ़ावा देने व अफीम खेती करने वाले को खैर नहीं : मुकेश चौधरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के बालूभांग के कई स्थानों मे लगभग ग्यारह एकड़ मे लगे अफीम पोस्ता खेती को पुलिस ने नष्ट किया। अफीम खेती नष्ट किए जाने के सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया की बालूभांग के जंगली क्षेत्र मे अफीम पोस्ते खेती होने की गुप्त सुचना मिली थी। गुप्त सुचना के आधार पर टीम गठित कर बालूभांग के विभिन्न जंगली इलाके मे छापामारी अभियान चलाया गया। जहां ग्यारह एकड़ से भी अधिक अफीम पोस्ता की खेती को ट्रेक्टर मे माध्यम से नष्ट किया गया।

वहीं अफीम खेती करने वाले वाले लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। चिन्हित कर एफआईआर दर्ज किया जाएगा। उक्त अभियान मे सीआरपीएफ 11 के सहायक अधिकारी के नेतृत्व मे कई जवानो की सहयोग से जहरीले अफीम खेती को नष्ट करने मे मुख्य भूमिका निभाई। थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने कहा की नक्सल व अफीम तस्कर तथा पोस्ते खेती करने वाले की नकेल कसना मेरा प्राथमिकता होगा। बारियातू थाना क्षेत्र मे नक्सल गतिविधि को बढ़ावा देने व अफीम खेती करने वाले को खैर नहीं होगा। अफीम खेती करने और करवाने मे बढ़ावा देने वाले व्यक्ति जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे। ज्ञात हो की एक एकड़ अफीम खेती को ट्रेक्टर से पूरी तरह नष्ट करने मे समतल जगह मे कम से कम एक से डेढ़ घंटा का समय लगता है। लगभग ग्यारह एकड़ भूमि मे लगे अफीम पोस्ता फसल को पूरी तरह नष्ट करने में पुलिस की सराहनीय कदम है।


पोस्ते की खेती को नष्ट करती पुलिस

## स्पीड न्यूज

### रेल पटरी के समीप 40 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला

**कतरास।** झींझीपहाड़ी के श्रीधरपुर के रेलवे पटरी से 100 मीटर की दूरी पर जगरनाथ महतो (40) वर्षीय का शव मिलने से क्षेत्र सनसनी फैल गयी है। सूचना पाकर रामकनाली ओपी प्रभारी वीके चेतन पहुचे और शव को अपने कब्जे मे लेकर कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। झरिया तीसरा थाना के कुइयां बस्ती आमटांड़ निवासी मृतक के पिता धनीराम महतो के फर्द व्यान पर 302 के तहत हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस को दिये गए फर्द ब्यान में मृतक के पिता धनीराम ने आरोप लगाया है कि उसके पुत्र की हत्या ससुराल वालों के द्वारा कर दिया गया है। पति-पत्नी के बीच संबंध ठीक नहीं रहने की वजह से दो साल से पत्नी अपने मायके में रह रही थी और वह ससुराल नहीं गयी थी। जगरनाथ अपनी पत्नी को लेने के लिए झींझीपहाड़ी ससुराल दो तीन दिन पूर्व आया था।

### पीडीएस चावल तस्करी में दो गये जेल

**झरिया।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के भूलन बरारी नया धौड़ा के एक क्वार्टर में पकड़े गए पीडीएस के 22 क्विंटल चावल मामले में एम ओ के शिकायत पर जोडपोखर थाना में मामला दर्ज। आरोपी रितेश सिंह को जोड़ापोखर पुलिस ने बुधवार को कांड संख्या 279/22 के तहत जेल भेज दिया है। झरिया सीओ परमेश्वर कुशवाहा एवं एमओ राजीव रंजन ने मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर पीडीएस चावल सहित रितेश सिंह तथा अन्य को पकड़ा था। पकड़े गए चावल के खिलाफ थाना में मामला दर्ज किया गया है।

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का होगा आयोजन

**कतरास।** बुधवा को जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि 30 दिसंबर को स्व दुलाल सिंह का द्वितीय पुन्य तिथि है। इस पुन्य तिथि को यूथ फोर्स सेवा दिवस के रूप में मनाएगा। इस अवसर पर स्व दुलाल सिंह के सामाजिक सरोकार को आगे बढ़ाते हुए यूथ फोर्स ने दिनांक -30 दिसंबर को सुबह 10:00 बजे से 1:00 बजे तक नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में करने का निर्माण लिया है। श्री सिंह ने कहा कि 30 दिसंबर को आयोजित नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में गांव के लोग अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठायें।

### एस्बेस्टस तोड़कर दुकान से हजारों की चोरी

**पाथरडीह।** सुदामडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग के लोको बाजार ट्राफिक कॉलोनी स्थित प्रदूषण जांच केंद्र केएस्बेस्टर तोड़ कर मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने तोड़ हजारों की चोरी कर ली बताया जाता है कि प्रतिदिन की तरह अपने प्रदूषण जांच केंद्र का स्टाफ गौरव कुमार पासवान बंद कर घर चला गया था बुधवार के दिन सुबह आने पर गौरव कुमार पासवान ने दुकान के छाजा अल्बेस्टरसीट टूटा दुकान में बिखड़ा पाया जिसकी जानकारी तुरंत प्रदूषण जांच केंद्र संचालक जितेंद्र शर्मा को दी वही संचालक जितेंद्र शर्मा ने बताया कि लगभग 15 सो रुपए नगद दो चेक बिस बिस का और कुछ कागजात गायब है जिसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है वही बतया जाता है कि आये दिन क्षेत्र में दुकान घर पर चोर हाथ सफाया करते रहते है लेकिन चोरी आज तक नही हुआ।

### चिरकुंडा नगर परिषद के समक्ष राजद का हल्ला बोल

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद के समिप तीन नंबर चढायी के पास स्थित अम्बेदकर चौक मे युवा राजद के बैनर तले नगर परिषद मे हुए भ्रष्टाचार व शहर के तीन चौक चौराहो में अनियमिता के विरूद्ध प्रदर्शन किया गया। वहीं एक दिवसीय प्रदर्शन में युवा राजद जिलाध्यक्ष राजेश कुमार के द्वारा सौदर्यीकरण के तहत बने झरने मे एक लोटा पानी डालकर कार्यक्रम की शुरूआत की।

### अस्मित की मौत व चोरी की घटनाओं पर एडवा की महिलाओं ने किया थाने का घेराव

# 15 दिनों में कार्रवाई नहीं हुई तो वरीय अधिकारियों के समक्ष आंदोलन : वीना

**खबर मन्त्र संवाददाता**


आंदोलन करते लोग।

**सिन्दरी।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) के बैनर तले महिलाओं ने दो सूत्री मांगों को लेकर कोपरेटिव मोड़ सिन्दरी से निकलकर शहरपुरा बाजार का भ्रमण करते हुए सिन्दरी थाना का घेराव व विक्षोभ प्रदर्शन किया। इसमें विगत 23 मार्च 2022 को डिनोबली स्कूल सिन्दरी के दसवीं कक्षा के छात्र अस्मित आकाश की संदेहास्पद मौत मामले में फैसला व सिन्दरी के घरों में चोरी व छिनतई से जनता का त्रस्त होना शामिल था। इसके साथ ही सिन्दरी थाना प्रभारी सुरेश प्रसाद को एडवा की महिलाओं ने माँगपत्र सौंपा और कहा कि 15 दिनों में प्रशासन दोषियों को गिरफ्तार नहीं करेगी तो वरीय पुलिस प्रशासन के समक्ष आंदोलन होगा।

घटनाओं का जिक्र व आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर ध्यान आकर्षित करते हुए एडवा की राज्य महासचिव वीना लिंडा ने सिन्दरी प्रशासन पर आक्रोश प्रकट किया। उन्होंने कहा कि दस महीने बीत जाने के बाद भी अस्मित आकाश को न्याय नहीं मिलने से पुलिस प्रशासन के प्रति आम जनता में रोष है। उन्होंने कहा कि बेसरा रिपोर्ट का बहाना बनाकर मामले को दबाया जा रहा है। उन्होंने डिनोबली स्कूल सिन्दरी प्रबंधन पर सीसीटीवी फुटेज के साथ छेड़छाड़ कर साक्ष्य मिटाने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया। सिन्दरी क्षेत्र में चोरी और छिनतई की घटनाओं से महिलाएं भय से अपने मुहल्ले में भी नहीं निकल नही पा रही हैं। चोरी के भय से शादी विवाह के कार्यक्रम में भी पूरा परिवार घर में ताला लगाकर शामिल नहीं हो रहे हैं। उन्होंने माँग की है कि उचित करवाई कर भयमुक्त वातावरण बनाया जाय। उन्होंने कहा कि माँगपत्र की प्रतिलिपि धनबाद जिला के वरीय पदाधिकारियों को भी दी गई है। बताते चलें कि डिनोबली स्कूल सिन्दरी में अस्मित की मौत रहस्यमय तरीके से हो गई थी। इसमें शामिल छात्रों को प्रबंधन ने स्कूल से बाहर का रास्ता दिखाया था लेकिन प्रशासन अभी तक किसी को दोषी साबित नहीं कर सकी है। हालांकि यह भी जाँच का विषय साबित हो रहा है।

#### प्रदर्शन में शामिल लोग

जूलूस व प्रदर्शन में एडवा की प्रदेश महासचिव वीना लिंडा, जिला अध्यक्ष उपासी महताइन, रीना पासवान, रानी मिश्रा, मिठू दास, बासुमती स्वैंन, रंजू प्रसाद, शकीला बानो, माया लायक, छबि धर, सविता देवी, सीमा मिश्रा, बबली पिंटू सहित सैंकड़ों महिलाएँ शामिल रहीं।

## कोविड से निपटने को प्रशासन मुस्तैद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** उपायुक्त कुलदीप चौधरी के निदेर्शानुसार जिले के सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों में आयोजित मॉक ड्रिल कुल 24 अस्पतालों ने हिस्सा लिया। एंबुलेंस के जरिए कोविड संक्रमित मरीज को अस्पताल लाने, उसे भर्ती करने और उसका उपचार शुरू करने की कोविड के स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के पूरी प्रक्रिया का अनुपालन किया गया। उपायुक्त श्री चौधरी स्वयं पूरी मॉक ड्रिल की मॉनिटरिंग कर रहे थे। अस्पतालों में निर्धारित मानक अथवा समय से मॉक ड्रिल का आयोजन हो, इसके लिए जिले के पदाधिकारियों को बतौर दंडाधिकारी पहले ही प्रतिनियुक्त कर दिया गया था। चास के अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत को इसका नोडल पदाधिकारी बनाया गया था। सदर अस्पताल परिसर में बने ऑक्सीजन प्लांट का भी जायजा लिया गया। कोविड की स्थिति से निपटने को प्रशासन मुस्तैद है।

## किसान सभा ने की संपूर्ण झारखंड को सुखाड़ घोषित करने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो/कसमार।** अखिल भारतीय किसान सभा कसमार अंचल कमेटी की ओर से प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक दिवसीय जन प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कसमार बाजार टांड़ से कार्यकर्ता रैली की शक्ल में प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचे जहाँ हुई सभा में प्रदेश किसान सभा के अध्यक्ष का० सुफल महतो ने कहा कि राज्य एवं केन्द्र सरकार किसानों के साथ पक्षपाती रवैया अपना कर रही है। वहीं पूंजीपतियों कारपोरेट घरानों के हित में कार्य कर रही है। सरकार को संपूर्ण राज्य को सुखाड़ घोषित कर 15-20 हजार रुपये सहायता राशि देनी चाहिए। बोकारो जिला अध्यक्ष का. शकूर अंसारी ने कहा कि गैरमजरूआ जमीन का रसीद काटना बंद, पीडीएस दुकानदार गरीब का खाद्यान्न वितरण में 4-5 किलो तक कटौती कर हेराफेरी हो रही है। सभा को अन्य कई लोगों ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता एवं संचालन का० जटाधारी सिंह ने किया। मौके पर मुमताज अंसारी, युगल करमाली, उमाशंकर महाराज, संतोष महतो, केदारनाथ महतो, अरुण महतो, ऐनुल अंसारी, इमामुल हुसैन, इरफान अंसारी, सहबान अंसारी, शबनम परवीन, शकुंतला देवी, नीलू देवी, रेखा देवी, उर्मिला देवी,रूबी खातुन, सगीर अंसारी, बिनोद मुखर्जी, लाल मोहन सिंह, जमाल खान, शरीफ अंसारी आदि मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक खेलकूद समारोह का दूसरा दिन



**कतरास।** सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को खेल का प्रारंभ सरस्वती वंदन पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। खिलाड़ी नौनिहालों का उत्साह देखने योग्य था। प्रांगण में तालियों की गूंज उठ रही थी। खेल का दूसरा दिन बहुत हर्ष उल्लास एवं कौतुहल भरा था। सभी प्रतिभागियों में प्रतिस्पर्धा की भावना दिखाई पड़ रही थी। इस अवसर पर विद्यालय के उप-आचार्य श्री अभिमन्यु कुमार, विद्यालय के सचिव विक्रम कुमार राजगढ़िया और विद्यालय के कई अन्य पदाधिकारी तथा समाज के प्रबुद्ध खेलप्रेमी अभिभावक उपस्थित थे। विद्यालय के सचिव एवं अन्य पदाधिकारियों ने प्रतिभागी भैया बहनों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कुसमुंडो से बियाडा का सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर

**बोकारो।** कुसमुंडों से बियाडा तक बनने वाली सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उक्त आशय की जानकारी कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग श्रवण कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि सड़क में एक किमी तक ग्रेड थ्री का कार्य पूरा हो गया है। वर्तमान समय में गार्ड वाल का कार्य चल रहा है। वित्तीय वर्ष 22-23 में सड़क निर्माण कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। प्राक्कलन रिवाइज होने के कारण निर्माण कार्य शुरू होने में थोड़ा विलंब हुआ है।उल्लेखनीय हो कि 02.2 किमी इस सड़क का निर्माण राज्य संपोषित योजना के तहत किया जा रहा है।

## महुदा महाविद्यालय में खुला विश्वविद्यालय का हुआ उद्घाटन



**महुदा।** बुधवार को महुदा महाविद्यालय द्वारा महुदा महाविद्यालय में झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय रांची का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद जिला परिषद अध्यक्षा शारदा सिंह, धनबाद भाजपा के जिला उपाध्यक्ष धानेश्वर महतो, झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष शंकर रवानी, महुदा महाविद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य गणमान्य सदस्य संयुक्त रूप से उद्घाटन किए। इस मौके पर धनबाद जिला परिषद चेयरमैन शारदा सिंह ने महुदा महाविद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य सभी शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दी और कहा की अब बच्चो को अपनी पत्र कोर्स, डिप्लोमा कोर्स एवं पीजी डिप्लोमा कोर्स के लिए दूसरे शहर नहीं जाना पड़ेगा अब बच्चे अपने ही क्षेत्र में ये सभी कोर्स (डिग्री) पा सकते हैं।

## रविकांत मेमोरियल खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिन्दरी।** मदर टेरेसा उच्च विद्यालय सिन्दरी के द्वारा एफसीआई सिन्दरी के पूर्व यूनिट प्रभारी रविकांत प्रसाद की याद में आयोजित रविकांत मेमोरियल खेलकूद प्रतियोगिता का समापन बुधवार को हुआ। मुख्य अतिथि रहे एसीसी सिन्दरी सिमेंट फैक्ट्री प्लांट निदेशक अतुल दत्ता, विशिष्ट अतिथि सरोज सिन्हा व समाजसेवी अंबुज मंडल ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यार्थी भारत का भविष्य हैं। मदर टेरेसा स्कूल सिन्दरी के प्राचार्य राधेश्याम प्रसाद ने बताया कि कुल 135 प्रतिभागियों को मेडल प्रदान किया गया। कोच के रुप में राखल रवानी व रुपक कुमार ठाकुर स्कोरर रहे। इस मौके पर नेहा कुमारी व सलोनी कुमारी ने स्व रविकांत प्रसाद की जीवनी पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर एसीसी सिन्दरी प्लांट निदेशक अतुल कुमार दत्ता, एसीसी सीएसआर प्रदीप पांडेय, डॉ सरोज सिन्हा, अभिषेक गुंजन, अंजनी श्रीवास्तव, सोनु श्रीवास्तव, प्राचार्य राधेश्याम प्रसाद, उमेश सिन्हा, हरेंद्र प्रसाद, अरुण प्रसाद सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## वाल्व में फसा जलकुंभी, जलापूर्ति ठप

**झरिया।** जामाडोबा जल संयंत्र केन्द्र स्थित दामोदर नदी में भारी मात्रा में शैवाल तथा जलकुंभी बहकर आने से इंटेक भल्ब में लगाया गया जाली जाम हो गया, जिससे झरिया एवं आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था ठप हो गई। कर्मियों ने बताया है की प्रत्येक दिन ठंड बढ़ रही हैं, जिससे पानी में शैवाल उत्पन्न हो जाता हैं। वह बहकर इंटेक भल्ब के बाहर में लगाया गया जाली को जाम कर देता है, जिस कारण जल भंडारण गृह 12 एवम 9 एमजीडी में जल भंडारण नही हो सकता है। झरिया एवं पुटकी क्षेत्रों में जलापूर्ति नही किया जा रहा है। सुबह 10 बजे के बाद हर दो घंटे में मजदूर पानी में उतर कर जाली की सफाई करते है, परन्तु रात होने के बाद सफाई कार्य को बंद कर देना पड़ता है। जल भंडारण गृह में कम मात्रा में पानी को रिजर्व कर झरिया एवं पुटकी क्षेत्रों में पानी की सप्लाई किया जा रहा है। इस बनी हुई स्थित के कारण पानी की सप्लाई नही हो रहा है। संयंत्र केन्द्र में वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है और नाही क्षेत्रों में पानी का कोई स्त्रोत हैं। संयंत्र केन्द्र के कनीय अभियंता ने बताया है की जल भंडारण में ठंढ के कारण मुश्किल हो गई हैं। ठंढ खत्म होने पर ही पूरी तरह पानी की सप्लाई व्यवस्था ठीक हो सकता है।

## बेरमो प्रखंड में मना अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 138वां स्थापना दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो/ जरीडीह।** बाजार-बेरमो प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से बुधवार को कांग्रेस के वरीय नेता राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के रीजनल अध्यक्ष गिरिजा शंकर पांडे की अध्यक्षता में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 138वां स्थापना दिवस उत्सव का कार्यक्रम संडे बाजार दुर्गा मंडप के समीप विवाह मंडप में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गिरिजा शंकर पांडेय ने कहा कि हिंदुस्तान की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस ने स्वतंत्रता आंदोलन एवं देश की सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय इतिहास में देश को आजादी दिलाने से लेकर बैंकों का राष्ट्रीयकरण, पंचायती राज समेत अनगिनत महत्वपूर्ण योगदान देकर देश को सशक्त व मजबूत बनाने का काम किया। देश में केंद्र की मोदी सरकार ने महंगाई में बेतहाशा वृद्धि कर कमर तोड़ने का काम किया है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रमोद सिंह ने कहा राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक आयोजित भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश में प्रेम, भाईचारा, सद्भावना का संदेश देने के साथ यह यात्रा देश की एक नई दिशा और दशा तय करेगी। बेरमो में पूरी तरह कांग्रेस मजबूत है बस लोगों को इमानदारी पूर्वक साथ देने की जरूरत है। कांग्रेस के वरीय नेता श्यामल सरकार ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के साथ-साथ देश की सर्वांगीण विकास में कांग्रेस पार्टी की उल्लेखनीय योगदान रहा है। केंद्र की गलत नीतियों एवं महंगाई-बेरोजगारी से लोग त्रस्त हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में आने वाले चुनाव में कांग्रेस पार्टी ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। सिर्फ हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसई का नारा लगाने से कांग्रेस मजबूत नहीं होगा बल्कि कांग्रेसियों को इसके लिए अमलीजामा बनाना होगा। कार्यक्रम को कांग्रेस के वरीय नेता महेंद्र विश्वकर्मा ,अजय सिंह, विल्सन फ्रांसिस परवेज अख्तर, उत्तम सिंह सहित जयनाथ तांती, शिवनंदन चौहान, फूलचंद महतो, पम्मी सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुबोध सिंह पवार, ललन सिंह, मनोज सिंह, किशोरी शर्मा, जयशंकर प्रसाद सिंह, भास्कर सिंह, लाखन सिंह, गणेश मल्लाह, सनत कुमार, बाबूलाल गिरी, राजेश्वर सिंह, अजय हरि, नगेन्द्र कुमार, किशोरी शर्मा, संतोष कुमार सिंह, शिवनारायण गोप, सुनील शर्मा, फुलचंद महतो, प्रदीप महतो, रिंकु कुमार निषाद, सचिन्द्र सिंह, विजय दास, दिलीप सिंह, देवेन्द्र सिंह, लाखन सिंह, वेदव्यास चौबे, प्रमोद कुमार शर्मा, रंजीत यादव, निर्मल नाग, सरोज कुमार, कामोद नोनिया, विजय यादव, अजय कुमार झा, जितेन्द्र पासवान, बबीता देवी, सोनिया देवी राधिका विश्वकर्मा सहित राकोमयू व कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठों सदस्यगण मौजूद थे।

## लाभुकों ने की सीओ से शिकायत

**झरिया।** डिगवाडीह मांझी बस्ती स्थित पीडीएस दुकानदार परवेज आलम तथा दाऊद अंसारी की शिकायत लाभुकों द्वारा झरिया सीओ से किया गया है। लोगो द्वारा शिकायत में कहा गया कि दोनों पीडीएस डीलर अनाज का कालाबाजारी कर रहे है परंतु दो माह से कार्डधारियों को राशन चावल व गेंहू नही दी जा रही हैं। लोगो की सूचना पर सीओ परमेश्वर कुशवाहा ने छापामारी कर दुकानदारों के स्टॉक की जाँच शुरू कर दिया है।

## पेज एक का शेष

### झारखंड की जानी...

फिल्म से जुड़े कॉस्टयूम खरीदने के लिए ही वह अपने पति प्रकाश अलबेला और अपनी 3 साल की बच्ची के साथ अपने ही कार से मंगलवार की रात कोलकाता गयी थी।

जानकारी के अनुसार आलिया के पति प्रकाश अलबेला से भी कोलकाता पुलिस ने पूछताछ की है। कुछ देर के लिए उन्हें हिरासत में भी लिया गया था, लेकिन बाद में थाने से छोड़ दिया गया। हालांकि, आलिया के परिजनों ने किसी साजिश की आशंका नहीं जतायी है। लेकिन फिर भी वे चाहते हैं कि पूरे घटनाक्रम की उच्च स्तरीय जांच हो ताकि अगर इसमें किसी तरह की साजिश रची गई हो तो उसका खुलासा हो सके। पुलिस को दिए बयान में प्रकाश ने बताया कि महिषरेखा पुल के पास कार रोक कर वह वह उतरे थे। इसी दौरान तीन बदमाश लूट करने पहुंचे। फिर ईशा ने टोका उसके बाद बदमाशों ने करीब से ईशा पर फायरिंग कर दी। ईशा के पिछले कान में गोली मारी गई, जिससे वह मौके पर ही उसकी मौत हो गयी।

### हम किसी से ...

मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे अंतराल के बाद रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस की वजह से कई उत्सव तथा महोत्सव बाधित हुई है। अब जब जीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। उसी क्रम में इस महोत्सव का आयोजन नई जोश, नयी उमंग और नयी उत्साह के साथ किया गया है। यह महोत्सव राज्य वासियों को उत्साहित करने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने महोत्सव में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का परिभ्रमण किया। इस अवसर पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मेयर आशा लकड़ा, सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक सीपी सिंह, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रशांत कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### जम्मू में मुठभेड़...

गणतंत्र दिवस को ले चौकसी तेज : इससे पहले जम्मू जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस के मद्देनजर सीमा पर चौकसी को बढ़ाया गया और मजबूत किया गया है। भारी वाहनों विशेषकर ट्रकों की आवाजाही के लिए राजमार्ग पर चलने का समय निर्धारित है। श्री सिंह ने कहा, सिधरा-नरवाल बाईपास के पास एक ट्रक की आवाजाही सुरक्षाकर्मियों को संदिग्ध लगी। जिसके बाद क्यूआरटी द्वारा ट्रक का पीछा किया गया और सिधरा में चौथे पुल के पास जांच चौकी पर उसे रोक लिया गया। उन्होंने कहा कि ट्रक चालक भागने पर सफल रहा लेकिन वहां मौजूद आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाकर्मियों की जवाबी कार्रवाई में मुठभेड़ शुरू हुई। ट्रक मालिक की अभी पहचान नहीं हो पाई है। ट्रक जम्मू से श्रीनगर की ओर जा रहा था, तलाश अभियान जारी है। उन्होंने कहा,आतंकवादी भारी हथियारों से लैस थे। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के दौरान ट्रक में छिपे हुए तीनों आतंकवादियों को मार गिराया। मौके से बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद बरामद किये गये। मारे गये आतंकवादियों की पहचान और संगठन का पता लगाया जा रहा है। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले सिधरा पुल के पास एक ग्रेनेड भी फटा था।

### 19 लाख के इनामी ...

हाल के दिनों में यह सूचना आई थी कि अमन को बिहार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है लेकिन, उस सूचना की पुष्टि नहीं हो पायी थी, लेकिन अमन ने बुधवार को झारखंड पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इस साल पुलिस और सीआरपीएफ के द्वारा लातेहार, लोहरदगा और गढ़वा में नक्सलियों के खिलाफ दो बड़े ऑपरेशन ऑक्टोपस और डबल बुल में पुलिस को बेतहाशा सफलता हाथ लगी थ। आपरेशन में पुलिस की गोलीा से बच निकला अमन संगठन छोड़कर भाग गया था। बिहार और झारखंड पुलिस के कई अधिकारी उसके परिवार वालों से संपर्क कर उसे आत्मसमर्पण करने के लिए लगातार दबाव डाल रहे थे। परिवार वालों के संपर्क में आने के बाद अमन ने आत्मसमर्पण का मन बना लिया और उसने संगठन छोड़ रांची में अपने आप को झारखंड पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया।

### अगले 40 दिन...

इससे संक्रमित एक व्यक्ति आगे 16 व्यक्तियों को संक्रमित कर सकता है।**आरटी-पीसीआर रिपोर्ट अनिवार्य** : सरकार अगले सप्ताह से चीन और पांच अन्य स्थानों से आने वाले यात्रियों के लिए नकारात्मक आरटी-पीसीआर रिपोर्ट अनिवार्य कर सकती है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने यह भी आगाह किया कि अगले 40 दिन महत्वपूर्ण होंगे क्योंकि भारत में जनवरी में कोविड में उछाल देखा जा सकता है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि अगर लहर आती भी है तो मौत और अस्पताल में भर्ती का आंकड़ा बेहद कम रहेगा। सूत्रों ने कहा कि चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकांग, थाईलैंड और सिंगापुर से आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए अगले सप्ताह से ह्यएयर सुविधा' फॉर्म भरना और 72 घंटे पहले आरटी-पीसीआर परीक्षण अनिवार्य किया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों में, भारत आये 6,000 अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की कोविड-19 जांच की गयी जिनमें 39 की रिपोर्ट पॉजेटिव आयी। केंद्र ने राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को किसी भी अकस्मात स्थिति से निपटने के लिए तैयारी करने को कहा है।

### सीएम आज बांटेंगे ...

प्रोजेक्ट भवन में दोपहर 2 बजे से आयोजित कार्यक्रम में 1200 करोड़ से अधिक राशि का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सूचना प्रौद्योगिकी और ई-गवर्नेंस विभाग द्वारा निर्मित प्रगति पोर्टल और पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग के 'स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड पोर्टल' का भी शुभारंभ करेंगे। इस पोर्टल के शुभारंभ होने से राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को राज्य सरकार की खेल नीति का पूरा लाभ मिल सकेगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अंतर्गत कई मॉडल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और पोर्टल फॉर मॉनिटरिंग इंफ्रा प्रोजेक्ट्स का भी शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा राज्य के सूखाग्रस्त 10 लाख किसानों को मुख्यमंत्री के द्वारा प्रति किसान 3500 रुपए सूखा राहत सहायता राशि दी जायेगी।

गुरुवार दोपहर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी सरकार के तीन साल की उपलब्धि जनता के बीच रखेंगे। अपने तीन साल के कायकाल में हेमंत सरकार ने 1932 खतियान आधारित स्थानीयता का फैसला, राज्य में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण के साथ रिजर्वेशन का बढ़ाया दायरा, सरकारी कर्मियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम, जनगणना में सरना धर्मकोड लागू करने के लिए केन्द्र को अनुशंसा कर झारखंडियों का मन मोह लिया है। इसके अलावा उनके प्रमुख कार्यों में झारखंड स्थित प्राइवेट कंपनी में 40 हजार तक नौकरी वाले पदों पर 75 फीसदी स्थानीय लोगों के लिए सीटें निर्धारित, सातवीं से 10वीं जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा आयोजित, खिलाड़ियों को राज्य सरकार की नौकरियों में सीधी भर्ती, विदेश में झारखंड के एससी, एसटी, ओबीसी कोटि के विद्यार्थियों की पढ़ाई की शुरूआत, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना के जरिए झारखंड के विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित विभिन्न परीक्षा की तैयारी हेतु निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था शामिल है।

स्पीड न्यूज

## देशमुख एक साल बाद जेल से बाहर आये



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री और एनसीपी नेता अनिल देशमुख बुधवार को जेल से रिहा हो गए। मुंबई में आर्थर रोड जेल के बाहर उनका स्वागत हुआ। देशमुख के रिहा होने से पहले ही उनके समर्थक जेल के बाहर मौजूद थे। भ्रष्टाचार मामले में वह एक साल से अधिक समय से जेल में थे।

## उत्तराखंड और नेपाल में भूकंप के झटके

**नयी दिल्ली।** बीती रात नेपाल और उत्तराखंड में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। नेपाल के बागलुंग में स्थानीय समयानुसार 1 और 2 बजे 4.7 और 5.3 तीव्रता के दो भूकंप के झटके महसूस किए गए है। इसके अलावा, भारत के उत्तराखंड में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। उत्तरकाशी में तड़के 2.19 बजे 3.1 तीव्रता का भूकंप आया है।

## गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

**मुंबई।** पिछले 2 सत्रों में लगातार ऊपर चढ़ने के बाद शेयर मार्केट बुधवार को हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 17.15 अंक गिरकर 60,910 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी ने 9.80 अंक की गिरावट के साथ 18122.50 के स्तर पर कारोबार बंद किया।

## केंद्र सरकार का वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित

**नयी दिल्ली।** सरकार ने कोविड काल में दो साल के अंतराल के बाद वर्ष 2023 के लिए पांरपरिक ढंग से वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित किया है जिसकी थीम 'नया वर्ष नये संकल्प' रखी गयी है। मंत्री अनुराग ठाकुर ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में वार्षिक कैलेंडर को अनावरण करने के बाद कहा कि यह कैलेंडर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र को प्रतिबिंबित करता है।

## जियो ने किया 5जी सेवाएं का मेगा रोलआउट

**चंडीगढ़।** रिलायंस जियो ने बुधवार को मोहाली, पंचकूला, जीरकपुर, खरड़ और डेराबस्सी सहित चंडीगढ़ ट्राइसिटी में अपनी ट्रू 5जी सेवाओं के सबसे बड़े मल्टी-स्टेट लॉन्च की घोषणा की। रिलायंस जियो चंडीगढ़ ट्राइसिटी में 5जी सेवा शुरू करने वाली एकमात्र ऑपरेटर बन गई है। इन शहरों के अलावा लखनऊ, त्रिवेंद्रम, मैसूर, नासिक, औरंगाबाद भी जियो के ट्रू 5जी नेटवर्क से जुड़ गए हैं।

### कोरोना : नये प्रोटोकॉल के तहत 6000 लोगों की रैंडम जांच की गयी

# दो दिनों में एयरपोर्ट्स पर 39 यात्री मिले संक्रमित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश में पिछले दो दिनों में भारत आने वाले 39 अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्री कोविड पॉजिटिव पाए गए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। कोविड संक्रमण में उछाल के बाद नए प्रोटोकॉल के तहत कुल मिलाकर 6000 लोगों की रैंडम जांच की गई।

स्वस्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया कल एयरपोर्ट पर कोरोना की स्थिति का जायजा लेने जाएंगे। कोविड को लेकर मॉकड्रिल करने के पीछे किस अस्पताल में क्या सुविधा है, यह देखना है। सूत्रों के मुताबिक कोविड संक्रमण से देश में मृत्युदर नहीं बढ़ेगी लेकिन केस बढ़ेंगे। देश मे अभी तक कोरोना के 220 वेरियंट आ चुके हैं। इंटरनेशन ट्रेवलर्स में से 6000 लोगों के टेस्ट किए गए जिसमें से 39 लोग पॉजिटिव पाए गए। यह टेस्ट दो दिनों में हुए हैं। कोविड के बीएफ 7 स्ट्रेन का आइसोलेशन किया जा चुका है।

इस वैरिएंट पर वैक्सीन का असर देखा जा रहा है। चीन में कोविड के मामलों में उछाल के लिए कोरोना वायरस के चार वेरिएंट को जिम्मेदार ठहराया गया है। कोविड का बीएफ-7 वेरिएंट केवल 15 प्रतिशत केस के लिए जिम्मेदार है।

बीएन और बीक्यू सीरीज के वायरस से 50 प्रतिशत संक्रमण फैला है। एसवीवी वेरिएंट से 10-15 प्रतिशत संक्रमण हुआ है। भारत में 'हाइब्रिड इम्युनिटी' के कारण संक्रमण का खतरा कम है। वैक्सीन के जरिए हासिल की गई प्रतिरक्षा और तीसरी लहर के कारण हुए प्राकृतिक संक्रमण के कारण आई इम्युनिटी बचाव में मददगार है।

## कोविशील्ड की दो करोड़ खुराक मुफ्त देगा सीरम



कुछ देशों में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि के बीच सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने केंद्र सरकार को कोविशील्ड वैक्सीन की दो करोड़ खुराक नि:शुल्क देने की पेशकश की है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह बात कही। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, सीरम इंस्टीट्यूट में सरकार और नियामक मामलों के निदेशक प्रकाश कुमार सिंह ने स्वास्थ्य मंत्रालय को पत्र लिखकर 410 करोड़ रुपये की मुफ्त खुराक देने देने की पेशकश की है। सिंह ने मंत्रालय से जानना चाहा है कि इसकी डिलीवरी कैसे की जा सकती है। एसआईआई ने अब तक राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के लिए सरकार को कोविशील्ड की 170 करोड़ से अधिक खुराकें प्रदान कीं हैं। चीन और दक्षिण कोरिया सहित कुछ देशों ने कोविड-19 के मामलों में तेजी रिपोर्ट की है। भारत सरकार ने अलर्ट जारी किया है और राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा है।

### दवाओं की कमी नहीं

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार कोविड एप्रोपिएट बिहेवियर की जो मेडीसीन है उसे लेकर बैठक हुई है। सरकार के पास दवाओं की कोई कमी नहीं है। सूत्रों की माने तो दवाई को लेकर भी चीन से डिमांड आयी थी। वैसे बहुत ज्यादा नहीं था लेकिन हां चीन से दवाईयों की डिमांड आयी थी। जिसे पूरा किया जा रहा है।

### कई देशों में हालात खराब

चीन और दक्षिण कोरिया सहित कुछ देशों में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इस बीच केंद्र सरकार सतर्क हो गई है। राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों से किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयारी करने को कहा गया है।

### चीन में दवाइयां मिलना मुश्किल

**बीजिंग।** कोरोना से दिन-ब-दिन चीन के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। कोरोना ने ऐसा कोहराम मचाया हुआ है कि लोगों को अस्पताल में इलाज के लिए बेड की तो बात छोड़िए दवाइयां भी मुश्किल से मिल रही हैं। लोगों को घर पर इलाज कराना पड़ रहा है। पिछले 20 दिनों में कोरोना ने चीन में ऐसा कोहराम मचाया, इतने लोगों की मौत हुई कि अब श्मशानों में भी वेटिंग चल रही है। श्मशानों में एक-एक हफ्ते की वेटिंग है।

# मां का हाल-चाल लेने अस्पताल पहुंचे पीएम मोदी



एजेंसी

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें मंगलवार देर रात अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में भर्ती कराया गया। हॉस्पिटल के डॉक्टरों की एक टीम लगातार उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है। गौरतलब है कि हीराबा के स्वास्थ्य में सुधार हो रही है। सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार दोपहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मां से मिलने अस्पताल पहुंचे और उन्होंने डॉक्टरों से बातचीत करते हुए स्वास्थ्य की जानकारी ली। तकरीबन 80 मिनट तक पीएम मोदी अस्पताल में मौजूद रहे। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नयी दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

### राहुल ने की जल्द ठीक होने की कामना

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी हीराबा के जल्द ठीक होने की कामना की। राहुल ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'एक मां और बेटे के बीच का प्यार अनन्त और अनमोल होता है। मोदी जी, इस कठिन समय में मेरा प्यार और समर्थन आपके साथ है। मैं आशा करता हूं आपकी माताजी जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं।' वहीं, प्रियंका गांधी ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की माता जी के अस्वस्थ होने का समाचार प्राप्त हुआ। इस घड़ी में हम सब उनके साथ हैं।' उन्होंने कहा कि मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि उन्हें जल्द स्वास्थ्य लाभ मिले।

## आज से लागू होगा भारत-ऑस्ट्रेलिया मुक्त व्यापार समझौता

**नयी दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अंतरिम मुक्त व्यापार समझौता गुरुवार को लागू होगा। इससे ऑस्ट्रेलियाई बाजार में हजारों घरेलू सामान जैसे कपड़ा, चमड़ा आदि को शुल्क मुक्त पहुंच प्रदान की जा सकेगी। दिग्गजों के मुताबिक, यह समझौता करीब पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर 45-50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने में मदद करेगा। आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता ऑस्ट्रेलियाई बाजार में कपड़ा, चमड़ा, फर्नीचर, आभूषण और मशीनरी सहित छह हजार से ज्यादा क्षेत्रों के भारतीय निर्यातकों को शुल्क मुक्त पहुंच प्रदान करेगा।

## रेलवे के निजीकरण की कोई योजना नहीं : रेलमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने फिर कहा है कि भारतीय रेलवे के निजीकरण की कोई योजना नहीं है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलों के परिचालन का प्रबंधन निजी हाथों में नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि ऐसा किया जाना संभव नहीं है, क्योंकि सरकार यात्रियों को लगभग 55 प्रतिशत की रियायत देती है जो निजी कंपनियों के लिए संभव नहीं होगा। रेल मंत्री ने कहा कि अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन से सम्बन्धित परियोजनाएं प्रगति पर हैं। खम्बों, डिपो, स्टेशनों और पुलों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।



उन्होंने कहा कि सरकार भारतीय रेलवे के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास और आधुनिकीकरण पर अधिक ध्यान दे रही है। रेलवे स्टेशनों को और बेहतर बनाने की योजना के बारे में वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री स्टेशनों को सिटी सेंटर के तौर पर देखने के इच्छुक हैं जहां स्थानीय उत्पाद उपलब्ध हो सकें।

## टी20 विश्व कप के लिए भारतीय महिला टीम का एलान

**नयी दिल्ली।** बीसीसीआई ने महिला टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया का एलान कर दिया। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में 15 सदस्यीय टीम घोषित की गई है। टी20 विश्व कप का आयोजन 10 फरवरी से दक्षिण अफ्रीका में होगा। टीम अपना पहला 12 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ केपटाउन में खेलेगी।

**टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर) जेमिमा रोड्रिग्ज, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, देविका वैद्य, राधा यादव, रेणुका ठाकुर, अंजलि सरवानी, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी, शिखा पांडे। **रिजर्व खिलाड़ी :** मेघना, स्नेह राणा, मेघना सिंह।

## कांग्रेस ने राहुल की सुरक्षा को लेकर जतायी चिंता, केंद्र को लिखा पत्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। कांग्रेस ने कहा कि पैदल मार्च संवेदनशील क्षेत्रों में प्रवेश करने के लिए तैयार है। पार्टी ने दावा किया कि दिल्ली में हुई कथित सुरक्षा उल्लंघनों के दो-तीन उदाहरणों का हवाला देते हुए पार्टी ने अब केंद्र को पत्र लिखा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने बदरपुर में राहुल गांधी के आसपास भारी भीड़ का वीडियो दिखाते हुए कहा, राहुल गांधी के पास सुरक्षा है, लेकिन इसके बावजूद राहुल गांधी जब दिल्ली में दाखिल हुए तो उनके आसपास कोई रस्सी नहीं थी। पवन खेड़ा ने कहा कि अब यात्रा पंजाब और जम्मू-कश्मीर में प्रवेश करने वाली है। ये संवेदनशील इलाके हैं। इसलिए हमने गृह मंत्रालय को एक पत्र लिखा है। 23 दिसंबर को सोहना में सुरक्षा उल्लंघन की घटना का जिक्र करते हुए पार्टी ने कहा कि कुछ अनाधिकृत लोगों को यात्रियों के एक कंटेनर में घुसते देखा गया। पकड़े जाने पर उन्होंने कहा कि वे वॉशरूम इस्तेमाल करने गए थे, जबकि बाहर वॉशरूम थे। बाद में, यह पता चला कि घुसपैठिए पुलिस से थे, पार्टी ने दावा किया।

## उज्बेकिस्तान में सिरप पीने से 18 बच्चों की मौत

**उजबेक।** गाम्बिया में कफ सिरप पीने से 66 बच्चों की मौत बाद अक उज्बेकिस्तान में कुछ इसी तरह का मामला सामने आया है। उज्बेकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने आरोप लगाया है कि एक भारतीय दवा कंपनी द्वारा निर्मित दवाओं का सेवन करने के बाद देश में 18 बच्चों की मौत हो गई है। मंत्रालय ने कहा है कि मैरियन बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड को 2012 में उज्बेकिस्तान में रजिस्टर्ड किया गया था। मंत्रालय ने कहा कि मरने वाले बच्चों ने नोएडा स्थित मैरियन बायोटेक द्वारा निर्मित डॉक-1 मैक्स सिरप का सेवन किया था। मंत्रालय ने कहा कि अब तक सांस की गंभीर बीमारी वाले 21 में से 18 बच्चों की मौत हो गई।

## मुंबई केवल महाराष्ट्र की है, किसी के बाप की नहीं : देवेंद्र फड़णवीस

एजेंसी

**नागपुर।** महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को कर्नाटक के एक मंत्री द्वारा मुंबई को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करने के बयान का कड़ा विरोध किया।

सदन में यह मुद्दा उठाते हुए विपक्ष के नेता अजित पवार ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को कर्नाटक के मंत्री के इस बयान का विरोध करना चाहिए कि मुंबई कर्नाटक का हिस्सा है। कर्नाटक के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री जे सी मधुस्वामी के उस बयान पर पलटवार करते हुए जिसमें उन्होंने कहा था कि महानगरीय आबादी और अन्य राज्यों के लोगों के योगदान को ध्यान में रखते हुए मुंबई को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करना चाहिए, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुंबई केवल महाराष्ट्र की है, किसी के बाप की नहीं। महाराष्ट्र के गृह मंत्री फडणवीस ने कहा कि इसके बारे में केंद्रीय गृह मंत्री को अवगत कराया जाएगा। गौरतलब है कि मधुस्वामी ने हाल ही में कहा था कि मुंबई में लगभग 20 प्रतिशत कन्नड़ और कोंकणी भाषी रहते हैं और वह अपने गठन से पहले कभी भी महाराष्ट्र का हिस्सा नहीं था। मधुस्वामी ने कहा था कि इस कारण बेलगावी नहीं बल्कि मुंबई केंद्र शासित प्रदेश बनने योग्य है।

## साथ आने से हो रही सीबीआइ जांच : नीतीश

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आईआरसीटीसी घोटाला मामले में राजद अध्यक्ष एवं पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ एक बार फिर से सीबीआइ की जांच शुरू होने की चर्चा को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आज कहा कि हमलोग साथ आ गए हैं इसलिए ये हो रहा है। कुमार ने बुधवार को अरुण जेटली के जन्मदिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान श्री लालू प्रसाद यादव पर फिर से सीबीआइ जांच से संबंधित प्रश्न के जवाब में कहा, 'हमलोग साथ आ गए हैं इसलिए ये हो रहा है।' नीतीश कुमार ने कहा कि



कोरोना वायरस संक्रमण को लेकर सभी को सतर्क रहना है और किसी को अगर परेशानी होती है तो उसके इलाज के लिए अस्पतालों में पूरा प्रबंध किया गया है।

**चिराग ने की बिहार सरकार को बर्खास्त करने की मांग**

वहीं, दूसरी ओर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य चिराग पासवान ने गृह मंत्री अमित शाह से मंगलवार को मुलाकात की और बिहार सरकार को बर्खास्त करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून व्यवस्था चरमरा गई है।

# निया का कातिलाना अंदाज

निया शर्मा टीवी के दुनिया की एक बड़ी अभिनेत्री तो हैं हीं, लेकिन उसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी उनकी फैन फॉलोइंग में कोई कमी नहीं है। निया शर्मा सोशल मीडिया हमेशा ही अपनी तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर अपडेट रहती हैं। जब कभी भी वो अपनी कोई तस्वीरें शेयर करती हैं तो उनमें उनका हमेशा ही ग्लैमरस होता है, जिसकी वजह से वो काफी ज्यादा लाइमलाइट में रहती हैं। निया ने इंस्टाग्राम पर एक बार फिर अपनी कुछ ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं। अगर बात निया शर्मा के लुक की करें तो इन फोटोज में वो व्हाइट ब्रालेट के साथ ब्लैक पैंट पहनी दिख रही हैं और उन्होंने हल्का मेकअप कर रखा है। इन तस्वीरों में निया काफी हॉट लुक फ्लॉन्ट कर रही हैं, वहीं उनका ये ग्लैमरस लुक सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। लोग उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। इंस्टाग्राम यूजर्स उनके इस पोस्ट पर रेड हार्ट इमोजी और फायर इमोजी के साथ कमेंट सेक्शन में रिएक्ट कर रहे हैं। बता दें निया शर्मा ने अपने एक्टिंग सफर का आगाज साल 2010 में टीवी सीरियल 'काली : एक अग्निपरीक्षा' से की थी, जिसके बाद उन्होंने 'जमाई राजा' और 'नागिन' जैसे कई टीवी शोज में काम किया। सोशल मीडिया पर भी निया के फैन फॉलोइंग में कोई कमी नहीं है। उन्हें इंस्टाग्रान पर 77 लाख लोग फॉलो करते हैं।



# कैसा रहेगा आपका नववर्ष : वार्षिक टैरो भविष्यवाणी

मुदिता मिश्र

**मेष** आपके लिए नई खुशियां लेकर आयेगा, आपकी किस्मत बदलेगी, रुके हुए काम बनेंगे, शादी तय हो सकती है, नौकरी मिलने के योग है, यह साल आपको बहुत उन्नति देगा, मेहनत का फल मिलेगा, पैसे में बढ़ोतरी होगी।

**वृष** आपके लिए नए रास्ते लेके आयेगा, मेहनत करेंगे तो अच्छा परिणाम मिलेगा, लव लाइफ में रुकावट आ सकती है, मुश्किलों से डटकर मुकलबला करना पड़ेगा, यह साल आपके लिए खुशियां लेकर आयेगा।

**मिथुन** यह साल कुछ उलझने हो सकती है, कोशिश करनी है बहुत आगे बढ़ने की, खुद को रुका हुआ महसूस कर सकते है, नीव मजबूत रखे जिंदगी की वर्ना नुकसान हो सकता है, प्यार में किसी को बांधने की कोशिश न करे, पैसो का नुक्सान हो सकता है, सोच समझकर निवेश करे।

**कर्क** यह साल आपके लिए ढेर सारी खुशियां और उन्नति लेकर आयेगा, यात्रा के योग है, किसी नए प्रेम प्रसंग में पड़ेंगे, कार्यक्षेत्र में उतर चढ़ाव रहेगा, मेहनत का फल मिलेगा, किसी नए व्यक्ति से मिल सकते है, यह साल आपको विख्यात करेगा, साल के अंत में थोड़ा सावधान रहे, यह साल आपके लिए भाग्य बदलने वाला साल साबित होगा।

**सिंह** यह राशि वालो के लिए यह साल नई ऑपर्चुनिटी लेकर आयेगा, फाइनेंस के लिए यह साल अच्छा रहेगा, घरवालों से मतभेद रह सकता है, किसी चिंता में खो सकते है, सोच विचार करके फैसले ले, जल्दबाजी न करे।

**कन्या** इस राशि वालो के लिए यह साल अच्छा रहेगा, पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को बैलेंस करने की जरूरत पड़ेगी, शांति और उन्नति मिलेगी, यह साल आपको अपनी गलती सुधारने का एक अफसर देगा, सोच समझकर आगे के फैसले ले, घरवालों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे।

**तुला** यह राशि वाले पैसो को ध्यान से खर्च करें धन की लालसा बढ़ सकती हैं, नई नौकरी या बिजनेस के योग बनेंगे, कोशिश करते रहिएगा, लव लाइफ में दिक्कत आ सकती है, शांति से समस्या का समाधान करें।




**वृश्चिक** यह साल नया घर ले सकते है, शादी के योग है, प्रमोशन मिल सकता है, मुश्किलों में धैय न खोएं, बस अपनी मेहनत करे, यह साल आपको नए रास्ते मिलेंगे, खुदपर काबू रखे और शांति बनाए रखे।

**धनु** आपके लिए आपकी मेहनत का फल लेके आयेगा, दुख भरा समय समाप्त होगा, भूतकाल में ज्यादा न जाए, नई जिंदगी आपका इंतजार करेगी उसको देखिएगा, इस साल में सोच समझकर निवेश करे, फाइनेंस अच्छा रहेगा, ईश्वर को कृपा मिलेगी।

**मकर** आपके लिए यह मिला जुला साल रहेगा, नए लोग मिलेंगे जो मदद करेंगे, माता का ध्यान रखें, सोच विचार में पड़ सकते हैं, इमोशन को काबू में रखें, नई ऑपर्च्युनिटी मिलेगी, मेहनत का फल मिलेगा।

**कुंभ** भाग दौड़ लगी रहेगी, यह साल आपको आपकी मेहनत का फल देगा, भाग्य का साथ मिलेगा, काम में उतार चढ़ाव रहेगा, अच्छे कर्मों का फल मिलेगा, नौकरी में परिवर्तन के योग है।

**मीन** आपके लिए नई ऑपर्च्युनिटी लेकर आयेगा, फाइनेंस को लेकर थोड़ा उतार चढ़ाव रह सकता है, सोच समझकर पैसों का लेन देन करें, किसी नए प्रेम प्रसाद में पड़ सकते है।




## लैथम व विलियम्सन के शतकों से न्यूजीलैंड मजबूत



**कराची।** टाम लैथम (113) और कप्तान केन विलियम्सन (105 नाबाद) की बेहतरीन शतकीय पारियों की मदद से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान की पहली पारी के स्कोर 438 रन के जवाब में बुधवार को अपनी पहली पारी में छह विकेट पर 440 रन बना कर स्थिति मजबूत कर ली थी। लैथम ने पहले विकेट के लिये डेवान कानवे (92) के साथ मिल कर 183 रन का मजबूत प्लेटफार्म तैयार किया जिस पर विलियम्सन ने मिचेल (42), टाम ब्लंडेल (47) के साथ साझीदारी कर रनों की इमारत खड़ी कर दी। दिन का खेल खत्म होने के समय विलियम्सन का साथ देने ईश सोढी एक रन बना कर क्रीज पर डटे थे। न्यूजीलैंड को दो रन की बढत मिल चुकी है।

## कैरी का शतक, आस्ट्रेलिया ने कसा शिकंजा

**मेलबर्न।** एलेक्स कैरी (111) की शतकीय पारी की मदद से आस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन बुधवार को पहली पारी में आठ विकेट पर 575 रन बना कर पारी समाप्ति की घोषणा कर दी और 386 रन की बढ़त हासिल कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। दिन का खेल खत्म होने के समय अफ्रीका ने कप्तान डीन एल्गर (0) का विकेट खोकर दूसरी पारी में 15 रन बना लिये थे। मेहमान टीम अभी भी आस्ट्रेलिया की पहली पारी के स्कोर से 371 रन पीछे है। सरेल एरवी सात और थूनिस डी ब्रुइन छह रन बना कर क्रीज पर मौजूद हैं।

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 80 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran – II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran – II | ₹ 100 |
| English Grammar– II | ₹ 100 | English Grammar– II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 60 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !